लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -192, पृष्ठ -14+4, मूल्य: -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हाथ से मिले हाथ तो आसां हो लड़ाई व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 25.0° अधिकतम तापमान, 15.0° न्यूनतम तापमान — आसमान में बादल, बारिश की संभावना, ठंडी हवा — सूर्योदय 06:30, सूर्यास्त 18:11

कानपुर, रविवार, 3 मार्च 2024

दिल्ली मेरे लिए दूसरा घर : आकांशा रंजन.....13

एक नजर

सत्येन्द्र जैन के खिलाफ होगी सीबीआई जांच

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने धन शोधन मामले के आरोपी सुकेश चन्द्रशेखर द्वारा दायर जबरन वसूली की शिकायत पर पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई से जांच कराने की मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जैन पर चन्द्रशेखर से 'संरक्षण देने के बदले में शुल्क' के रूप में 10 करोड़ रुपये वसूलने का आरोप है। राज निवास के अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में तिहाड़ जेल के एक पूर्व महानिदेशक भी आरोपी थे। केजरीवाल सरकार में पूर्व गृह मंत्री जैन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मई 2022 में धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था।

जयंत, गौतम गंभीर नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

नई दिल्ली। पूर्व मंत्री और हजारीबाग से भाजपा के सांसद जयंत सिन्हा ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से उन्हें मुक्त करने का अनुरोध किया है। इसी के साथ वे आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने वालों में शामिल हो गए हैं। वहीं, पूर्वी दिल्ली सीट से भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने भी लोकसभा चुनाव न लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने भी पार्टी अध्यक्ष से राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया है। सांसद जयंत सिन्हा ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वह आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखेंगे। सिन्हा ने कहा कि वह अपना पूरा ध्यान भारत तथा पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर केन्द्रित करना चाहते हैं। नड्डा को संबोधित एक्स पोस्ट में सांसद गौतम गंभीर का कहना है कि वह क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

भाजपा ने जारी की 195 लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची, यूपी से 51 नामों की घोषणा

प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी, राजनाथ लखनऊ और अमित शाह गांधी नगर से लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इनमें 51 नाम यूपी से हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से, गृहमंत्री अमित शाह गांधीनगर से तो लखनऊ से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह फिर किस्मत आजमाएंगे। 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में से 195 सीटों पर निर्णय हुआ। 34 केंद्रीय और राज्यमंत्री इस सूची में हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का भी नाम है। दो पूर्व मुख्यमंत्री का भी नाम शामिल है। इस सूची में 28 महिलाएं हैं। अनुसूचित जाति के 27 और अनुसूचित जनजाति 18 और पिछड़ा वर्ग के 57 उम्मीदवार हैं।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। सूची के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम से, सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ सीट से, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू अरुणाचल पूर्व से, भूपेंद्र यादव राजस्थान के अलवर से, ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना से, संजीव बालियान मुजफ्फरनगर और स्मृति ईरानी अमेठी से चुनाव लड़ेंगी। हेमामालिनी को एक बार फिर मथुरा से उम्मीदवार बनाया गया है।

उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा के दौरान भाजपा नेता बैजयंत 'जय' पांडा, विनोद तावड़े और अनिल बलूनी।

भाजपा ने जिन अन्य केंद्रीय मंत्रियों की उम्मीदवारी की घोषणा की है, उनमें पुरुषोत्तम रुपाला (राजकोट), मनसुख मांडविया (पोरबंदर), देवुसिंह चौहान (खेड़ा), अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर), गजेंद्र सिंह शेखावत (जोधपुर) कैलाश चौधरी (बाड़मेर), जितेंद्र सिंह (उधमपुर), अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा), अर्जुन मुंडा (खूंटी), वी मुरलीधरन (अट्टिंगल), वीरेंद्र खटीक (टीकमगढ़), फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला), जी किशन रेड्डी (सिकंदराबाद), सत्यपाल सिंह बघेल (आगरा), अजय मिश्रा 'टेनी' (खीरी), कौशल किशोर (मोहनलालगंज), भानु प्रताप वर्मा (जालौन), साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर), पंकज चौधरी (महाराजगंज), निसिथ प्रामाणिक (कूचबिहार), शांतनु ठाकुर (बनगांव) और सुभाष सरकार (बांकुड़ा) के नाम शामिल हैं। इस सूची में दो पूर्व मंत्रियों के भी नाम हैं।

नरेंद्र मोदी | राजनाथ सिंह | अमित शाह | देवेंद्र सिंह | साध्वी निरंजन
राम शंकर | सुब्रत पाठक | साक्षी महाराज | अशोक रावत | मुकेश राजपूत

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से उम्मीवार होंगे, जबकि भोपाल से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की जगह पार्टी ने आलोक शर्मा को वहां से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने नई दिल्ली से केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज, दक्षिणी दिल्ली से रमेश बिधूड़ी की जगह रामवीर सिंह बिधूडी, चांदनी चौक से पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल, पश्चिमी दिल्ली से प्रवेश वर्मा की जगह कमलजीत सेहरावत को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी एक बार उत्तर पूर्व दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे।

ज्यादातर पुराने चेहरों पर जताया भरोसा

भाजपा की 195 उम्मीदवारों की इस सूची में 34 केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। इसमें से कई लोग दोबारा या तीसरी बार चुनाव लड़ेंगे। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। जाहिर है, उत्तर प्रदेश की सीटों को लेकर काफी संजीदगी बरती गई होगी। हालांकि पहली सूची में प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में 51 सीटों पर ही नाम की घोषणा की गई। इसमें अमेठी, आगरा, मथुरा जैसी सीटों पर वर्तमान सांसदों को ही जगह दी गई है। अमेठी से स्मृति ईरानी और मथुरा से हेमा मालिनी तीसरी बार चुनाव लड़ेंगी तो आगरा से एसपी सिंह बघेल भाजपा से दोबारा चुनाव लड़ेंगे।

- 28 महिला प्रत्याशी, 34 केंद्रीय मंत्रियों को भी मिला टिकट

मैराथन बैठक में नामों पर हुआ था मंथन

पिछले दिनों भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी, जिसमें पार्टी उम्मीदवारों के नामों पर मैराथन मंथन किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी भी इस बैठक में शरीक हुए थे। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, शाह, संगठन महासचिव बीएल संतोष ने विभिन्न राज्यों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कर उम्मीदवारों के नामों पर विमर्श किया था। अभी तक लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन पार्टी ने इससे पहले ही उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पिछले विधानसभा चुनावों में भी भाजपा ने यही रणनीति अपनाई थी और बहुत हद तक यह कारगर भी रही थी।

आरओ/एआरओ की प्रा. परीक्षा भी निरस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ करेगी पेपर लीक की जांच, छह माह में दोबारा परीक्षा
- इसके पहले उप्र पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा हो चुकी है निरस्त

अमृत विचार : पेपर लीक होने के चलते उप्र सिपाही भर्ती परीक्षा के बाद अब आरओ/एआरओ (समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी, प्रारंभिक परीक्षा-2023) भर्ती परीक्षा भी निरस्त कर दी गई है। छह महीने में दोबारा परीक्षा कराने के निर्देश दिए गए हैं। पेपर लीक के इस पूरे मामले की जांच एसटीएफ को सौपीं गई है।

11 फरवरी, 2024 को उप्र के 58 जिलों में यह परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा में करीब सात लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। अभ्यर्थियों का आरोप था कि परीक्षा से पहले ही पेपर लीक हो गया। इस परीक्षा को फिर से कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी कई दिनों से आंदोलित थे। उप्र में कई जगहों पर, खासकर प्रयागराज में लोकसेवा आयोग के दफ्तर के सामने पिछले कई दिनों से अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद राज्य सरकार ने परीक्षा रद करने का फैसला लिया है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी 2024 को आयोजित आरओ/एआरओ की परीक्षा की शनिवार को समीक्षा की गई। इस परीक्षा में कथित रूप से प्रश्न पत्र के कतिपय प्रश्नों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके संबंध में शासन द्वारा परीक्षा को प्रभावित करने से संबंधित तथ्यों के साक्ष्य लोगों से मांगे गए थे। शासन को उपलब्ध कराए गये साक्ष्यों तथा आयोग द्वारा उपलब्ध रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री ने दोनों सत्रों की परीक्षाओं को निरस्त करने का निर्देश दिया।

ज्ञात हो कि, परीक्षा के लिए 10,76,004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। सात लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रारंभिक परीक्षा के दौरान पेपर लीक हो जाने की सूचना इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गई थी।

नजीर बनेगी दोषियों की सजा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेपर लीक के दोषियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसी सजा दिलाएंगे, जो नजीर बनेगी।

छुट्टी पर आए सिपाही की भूमि विवाद में फावड़ा और चाकू से नृशंस हत्या

संवाददाता, (सैफई) इटावा

अमृत विचार : सैफई थाना क्षेत्र के गांव गोबेपुरा में शुक्रवार की रात को छुट्टी पर घर आए सिपाही की फावड़ा व चाकू मार कर हत्या कर दी गई। सिपाही मथुरा जिले में तैनात था। हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वारदात की जानकारी मिलने पर पुलिस के आलाअधिकारी मौके पर पहुंचे और पड़ताल की। मृतक के भाई ने अपने ताऊ व उसके नाती पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने हत्या के पीछे जमीन को लेकर रंजिश बताई है।

क्षेत्र के गांव गोबेपुरा लरखौर गांव निवासी अनिल कुमार यादव (38) पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात था। इस समय तैनाती मथुरा जिले में सीओ के चालक के पद पर थी। वह 2006 में पुलिस में भर्ती हुआ था। शुक्रवार की शाम वह आलू खुदवाने के लिए छुट्टी लेकर घर आया था। शाम को खाना खाने के बाद खेत पर लगे टयूबवेल पर सोने चला गया। शनिवार की सुबह गांव का प्रमोद खेत पर गया तो कमरा खुला हुआ था और अनिल का खून से सना शव पड़ा था। प्रमोद ने जानकारी अनिल के परिवार के लोगों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। एसएसपी संजय वर्मा, एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह के अलावा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सिपाही के शरीर पर कई वार किए गए थे। एसएसपी ने बताया कि सिपाही अनिल कुमार का अपने ताऊ से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार की शाम भी दोनों में विवाद हुआ था। इसी के चलते उसकी हत्या कर दी गई। मृतक के भाई नीरज कुमार ने अपने ताऊ दर्शन सिंह उनके पुत्र ओमपाल व नाती अभिषेक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। मामला दर्ज कर दर्शन और अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि ओमपाल फरार है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया है।

घटनास्थल पर लोगों से बातचीत कर जानकारी लेते एसएसपी संजय कुमार। मृतक अनिल कुमार यादव (इनसेट)

- आरोपी ताऊ और उसके नाती को पुलिस ने गिरफ्तार किया

झारखंड में स्पेन की महिला से सामूहिक दुष्कर्म, 3 गिरफ्तार

दुमका। झारखंड के दुमका जिले में स्पेन की एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस घटना के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है।

यह घटना राजधानी रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट में शुक्रवार रात तब हुई, जब स्पेन का एक पर्यटक जोड़ा एक अस्थायी टेंट में रात्रि विश्राम कर रहा था। यह युगल दुपहिया वाहन से बांग्लादेश से दुमका पहुंचा और वह बिहार से होते हुए नेपाल जाना चाहता था। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे हंसडीहा पुलिस गश्ती दल को सड़क किनारे दो लोग मिले। गश्ती दल ने यह भांप लिया कि उनके साथ कुछ हुआ है।

देश में होंगे निष्पक्ष चुनाव : निर्वाचन आयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा कि देश में प्रलोभनमुक्त निष्पक्ष चुनाव कराए जाएंगे। पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त शनिवार को विधानभवन के तिलक हाल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की शिकायत मिली तो संबंधित डीएम व एसपी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने व राजनीतिक दलों की ओर से दर्ज की गई शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

उन्होंने कहा कि फर्जी खबरों से निपटने के लिए जिला स्तर पर एक सोशल मीडिया प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। सोशल मीडिया पर लोगों को अपने बात रखने की पूरी स्वतंत्रता होगी, लेकिन फर्जी खबर पर आईटी एक्ट व आईपीसी की धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी व सहभागितापूर्ण चुनाव कराना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सभी अधिकारी इसके प्रति सजग व तत्पर रहें। प्रेस कान्फ्रेंस में चुनाव आयुक्त (ईसी) अरुण गोयल, मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा भी मौजूद रहे।

प्रेसवार्ता में सीईसी राजीव कुमार और ईसी अरुण गोयल।

- पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा जल्द घोषित होंगे चुनाव कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय-अंतर्राज्यीय सीमा पर सतर्कता बरतें

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि प्रदेश की सात अंतर्राष्ट्रीय व 30 अंतर्राज्यीय सीमा पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि धनबल व अन्य प्रलोभनों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। एयरपोर्ट व चार्टर प्लेन की सघन तलाशी की जाएगी। बैंकों में शाम के वक्त नकदी के जमा होने पर भी सतर्क नजर रखी जाएगी, ताकि कोई प्रत्याशी किसी बहाने मतदाताओं को प्रभावित न कर सके।

डिजिटल ट्रांजेक्शन कर सकेंगे प्रत्याशी

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि प्रत्याशी डिजिटल ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। इसके साथ ही, प्रत्याशी सभी चुनाव खर्च चेक के जरिए करेंगे। उन्हें बैंकों से 200 चेक दी जाएंगी।

आर-वॉलेट से टिकट बुकिंग कर समय-पैसा दोनों बचाएं

रविवार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

एप से टिकट बुक करते यात्री। अमृत विचार

अमृत विचार। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे लगातार डिजिटलीकरण की तरफ बढ़ रहा है। नई व्यवस्था के तहत आर-वॉलेट से टिकट बुकिंग पर यात्रियों को किराए में तीन प्रतिशत की बचत होती है। लाभ और सहूलियत के कारण यात्रियों को यह स्कीम पसंद आ रही है। यात्री यूटीएस एप डाउनलोड कर रेलवे कर्मियों से इस व्यवस्था के बारे में समझ रहे हैं।

सहायक वाणिज्य प्रबंधक रेलवे (एसीएम) संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रेल यात्रियों का समय न बर्बाद हो और उन्हें बेहतर सुविधा मिले। इसी मकसद से आर-वॉलेट से टिकट बुक करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। सेंट्रल स्टेशन पर इस व्यवस्था को काफी पसंद किया जा रहा है। यूटीएस एप के माध्यम से आर-वॉलेट से टिकट बुकिंग पर यात्रियों को किराए में तीन प्रतिशत की बचत होती है।

- डिजिटलीकरण की तरफ रेलवे, वॉलेट से बुकिंग पर तीन प्रतिशत का लाभ
- यात्रियों को पसंद आ रही नई व्यवस्था, यूटीएस एप डाउनलोड कर रहे लोग

सेंट्रल स्टेशन के साथ संपूर्ण मंडल और स्टेशनों पर यह प्रक्रिया चालू है, जिसका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सेंट्रल पर एक टीम का गठन किया गया है। टीम के सदस्य इच्छुक यात्रियों को एप लोड कराकर इसकी पूरी जानकारी देती है। उन्होंने बताया वॉलेट से पैसों की बचत के साथ समय की बर्बादी भी नहीं होती है। टिकट लेने के लिए यात्रियों को लंबी लाइन में नहीं खड़ा होना पड़ता है।

ऐसे करें रेलवे यात्रा के लिए टिकट बुक

यूटीएस एप लोड कर आर-वॉलेट के माध्यम से टिकट बुकिंग के लिए यात्री अपनी यात्रा का विवरण चुने, इसके बाद आर-वॉलेट से भुगतान के मोड का चयन करें। एप्लिकेशन में आर-वॉलेट खाते के साथ पंजीकृत मोबाइल नंबर दर्ज करने का आप्शन आएगा। मोबाइल नंबर सत्यापित होने के बाद ओटीपी प्राप्त होगी। ओटीपी सत्यापन के बाद यात्री के आर-वॉलेट खाते से धनराशि का भुगतान हो जाएगा और टिकट प्रिंट हो जाएगा। वॉलेट से टिकट बुक करने के बाद यदि यात्री टिकट रद करता है तो धनराशि उसके वॉलेट खाते में आ जाएगी। इस वॉलेट से यात्रा टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट, टिकट का नवीनीकरण बगैर रेलवे काउंटर पर लाइन लगाए प्राप्त किया जा सकता है।

200-300 यात्री रोज लोड कर रहे एप

मंडल के स्टेशनों पर वाणिज्य विभाग के कर्मचारी यात्रियों को यूटीएस ऑन मोबाइल के बारे में यात्रियों को प्रतिदिन जागरूक कर रहे हैं। करीब 300 यात्री प्रतिदिन सेंट्रल पर एप लोड करके अपना टिकट भी बुक करते हैं। एसीएम रेल ने बताया कि काम के सिलसिले में ज्यादा यात्रा करने वाले लोगों के लिए यह एप काफी बेहतर है। स्टेशन पर आधा घंटा पहले पहुंचकर टिकट बुक कराने के लिए माथापच्ची नहीं करनी पड़ेगी। इस नई व्यवस्था से ट्रेन पर सफर करने वालों को खासी सहूलियत मिलेगी।

अलग तरीके से काम कर नए पद चिह्न बनाएं

शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लॉयर्स एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में बोले सतीश महाना

अमृत विचार। लॉयर्स एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन विजय आचार्य ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर विजेता प्रमाण पत्र दिए। समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अलग तरीके से काम कर कुछ नया करने की अधिवक्ताओं को सलाह दी।

नव निर्वाचित अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह व महामंत्री अभिषेक तिवारी समेत पूरी कार्यकारिणी का पूर्व कार्यकारिणी ने माला पहनाकर स्वागत किया और वार्षिक लेखा-जोखा व प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि सतीश महाना ने कहा कि चुनाव कोई भी हो, मतदाता विश्वास में होकर नाम के आगे मोहर लगाता है। आपको मतदाता के विश्वास पर खरा उतरना है।

अच्छा काम तो सब करते है, कुछ अलग तरीके से काम करने की सोचें और पदचिन्हों पर चलने के बजाए नए पदचिन्हों का सृजन करें। उन्होंने सुझाव दिया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी एक सेल का निर्माण कर जरुरतमंदों को निशुल्क न्याय दिलाने की व्यवस्था करे।

पार्किंग की समस्या का होगा निस्तारण

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि समारोह में आने के दौरान उन्होंने कचहरी में पार्किंग के मुद्दे को सुना। उन्होंने जिलाधिकारी को फोन कर जल्द समस्या दूर करने को कहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पार्किंग के मुद्दे की वह खुद मॉनिटरिंग कर जल्द समस्या दूर कराएंगे।

विधानसभा देखने का दिया न्योता

महाना ने कहा कि पहले आपने सुना होगा कि सदन की कार्रवाई तीन घंटे, चार घंटे ठप हो गई। लेकिन पिछले दो साल के कार्यकाल में सिर्फ 36 मिनट के लिए विधानसभा स्थगित की गई है। उन्होंने प्रभार संभालते ही सदन का काम प्रभावित न हो इस पर कार्य किया। नई कार्यकारिणी को उन्होंने सात मार्च को विधानसभा आने का आमंत्रण दिया।

आरटीई के प्रवेश देने में हीलाहवाली करने वाले 81 स्कूलों की निगरानी

सोमवार से निजी स्कूलों में शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया, संवेदनशील स्कूलों की बनी सूची

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आरटीई (शिक्षा का अधिकार) के तहत छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिए जाने के दौरान इस बार पहले से ही 81 स्कूलों को रडार पर रखा जा रहा है। यह वे स्कूल हैं जिन्होंने पिछले सत्र में प्रवेश को लेकर मनमानी की थी। यही वजह है कि विभाग ने इस बार पहले चरण से ही इन स्कूलों पर कड़ाई किए जाने के आदेश खंड शिक्षा अधिकारियों को दे दिए गए हैं। आरटीई के तहत सोमवार से निजी स्कूलों में पहले चरण के प्रवेश लिए जाने शुरू हो जाएंगे। इस बीच पहली मार्च से दूसरे चरण के आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

आरटीई के तहत इस बार अभिभावकों की ओर से आने वाली शिकायतों को देखते हुए पहले से ही निजी स्कूलों को चिन्हित किया गया है। ये वे स्कूल हैं जिनकी प्रवेश में मनमानी के चलते पिछले कई सत्रों में अभिभावकों ने शिकायतें की थीं। विभाग की ओर से बनाई गई संवेदनशील स्कूलों की सूची खंड शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गई है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को प्रवेश के लिए पत्रों को भेजे जाने से लेकर सभी बच्चों का प्रवेश कराए जाने तक हर सप्ताह प्रगति समीक्षा करनी होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि शहर के ऐसे स्कूल जो पिछले कई सत्रों से प्रवेश में मनमानी कर रहे थे, इस बार उन पर शुरुआत से ही नजर रखी जाएगी। इन स्कूलों की शिकायत आने पर तुरंत ही निस्तारित कराया जाएगा। स्कूलों को लापरवाही करने का समय नहीं दिया जाएगा। उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

410 निजी स्कूलों में दिलाया जाएगा प्रवेश

4500 पहले चरण में दिलाए जाएंगे प्रवेश

7700 कुल बच्चों को दिलाया जाना है प्रवेश

11000 पहले चरण के लिए आए थे आवेदन



सूची में शामिल प्रमुख स्कूल

सर पदमपत सिंहानिया स्कूल, केडीएमए, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल, डीपीएस आजार नगर, शीलिंग हाउस पब्लिक स्कूल, हैडर्ड स्कूल, स्वराज इंडिया पब्लिक स्कूल, एस्कॉर्ट वर्ल्ड।

प्रशासन ने भी बनाई कमेटी

आरटीई के तहत प्रवेश में निजी स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए जिला प्रशासन ने भी कमेटी बनाई है। यह कमेटी प्रवेश के लिए निजी स्कूलों पर शिकंजा कसने का काम करेगी। इस कमेटी में एडीएम सिटी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और सभी एसीएम को सदस्य बनाया गया है। यह निर्देश दिए जा चुके हैं कि पिछले शैक्षणिक सत्र की तरह इस बार निजी स्कूल किसी तरह की मनमानी नहीं बरत सकें।

पर्यावरण की फर्जी टीम का भंड़ाफोड़, पांच गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- नबीपुर में कबाड़ी से की थी वसूली, गजनेर रोड से पुलिस ने दबोचा
- पांचों कानपुर नगर के रहने वाले, गाड़ी के साथ आईकार्ड और कैश मिला

अमृत विचार। अकबरपुर कोतवाली पुलिस और सर्विलांस की टीम ने संयुक्त रूप से जनपद में पर्यावरण विभाग की फर्जी टीम बनाकर लोगों से अवैध उगाही करने वाले पांच शातिरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से बोलेरो गाड़ी, रजिस्टर, आईकार्ड, मोबाइल, नकदी के साथ अन्य सामान बरामद हुआ है।

एडीजी कानपुर जोन आलोक कुमार सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में अकबरपुर कोतवाली पुलिस व सर्विलांस टीम शुक्रवार को गजनेर रोड के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने एक बोलेरो गाड़ी को रोका। पता चला था कि पर्यावरण विभाग की टीम बताकर कुछ लोग नबीपुर के मो. शरीफ की कबाड़ की दुकान में पैसों की रसीद काटने और वसूली करने के बाद गजनेर की तरफ से बोलेरो से आ रहे हैं।

पुलिस ने बोलेरो गाड़ी को रोककर उसमें बैठे पांच लोगों को हिरासत में ले लिया।

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मनोज कुमार निवासी मकसूदाबाद थाना बिठूर जनपद कानपुर नगर, जितेंद्र सिंह सेंगर निवासी मकान नंबर 105 मिरजापुर थाना कल्याणपुर कानपुर नगर, गंगाराम निवासी एच-554 सत्यम विहार आवास विकास कालोनी एक केशवपुरम थाना कल्याणपुर कानपुर नगर, अतुल कुमार श्रीवास्तव निवासी 116/242 प्लाट नंबर 256 गणेश नगर रावतपुर कानपुर नगर व नरेंद्र कुमार निवासी 116/242 प्लाट नंबर 256 गणेश नगर रावतपुर बताया। पूछताछ में फर्जी टीम का खुलासा होने के बाद पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया।

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 26 लाख ठगे

कानपुर। साइबर ठगों ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर एक महिला ट्रेडर से 26.60 लाख ठग लिए। पीड़िता ने साइबर थाना में तहरीर देकर एफआईआर कराई है। कृष्णा नगर की रहने वाली महिला ने साइबर थाने में शिकायत में बताया कि इंस्टाग्राम के जरिए वह एक व्हाट्सएप ग्रुप लिंक से कनेक्ट हुईं, जिसका नाम गोल्डमैन सैक्स स्टॉक पुल अप था। उसे कुछ दिन देखने पर लगा कि लोग उसमें ट्रेडिंग ही करते हैं और एप सेबी से सर्टीफाइड है। पांच फरवरी को उन्होंने ग्रुप एडमिन से चैट की। उसके कहे अनुसार धानिन एक ए नाम के एप से जुड़ गईं। वहां वह ट्रेडिंग करने लगीं। छोटा अमाउंट निवेश कर बीच में कुछ पैसा निकाला भी। फिर उनके खाते को प्रीमियम बताकर उनसे एक आईपीओ के नाम पर 23.30 लाख रुपये निवेश करा लिए गए, मगर उन्हें रिफंड नहीं दिया गया, जबकि उनके ट्रेडिंग एप अकाउंट के वॉलेट में 90 लाख दिख रहा था। महिला ने दूसरी एप एलआरओ इनवेस्टमेंट डिस्कशन ग्रुप को में ज्वाइन किया। वहां भी उनसे इसी तरह की धोखाधड़ी कर 30 हजार निवेश करा लिए गए।

कार में आक्सीजन मशीन, बीपी की तरह करें मृदा परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

कांच की ईंट को प्रदर्शित करती दीपिका द्विवेदी। अमृत विचार

मशीन की बारीकियां बताते शुभम।

मिट्टी के जांच यंत्र को प्रदर्शित करते निलय दुबे। अमृत विचार

अमृत विचार। एमएसएमई के एक्सपो में लघु उद्यमियों ने भविष्य के उत्पाद प्रदर्शित किए। फजलगंज केंद्र में हुए वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम में 80 से अधिक उत्पादों को प्रदर्शित किया गया, जिन्हें कारोबारियों ने परखा। एक्सपो में 90 सेकेंड में मिट्टी की जांच करने वाला यंत्र और कार में लगने वाली ऑक्सीजन मशीन जैसे उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे।

दो दिवसीय एक्सपो में तीन तरह के स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें सरकारी उपक्रम, बैंक और लघु उद्यमियों के उत्पाद एक साथ आए हैं। केंद्र ने सरकारी विभागों, बैंक और लघु उद्यमियों का सामना कराया। इससे तीनों ही क्षेत्र की जरूरतें पूरी हुईं। सरकारी उपक्रमों ने उत्पादों को परखकर भविष्य में ऑर्डर दिए जाने की बात कही। वहीं लघु उद्यमियों ने भी बैंक के स्टॉल पर जाकर अपनी आर्थिक जरूरतों के अनुसार ऑफर समझे। एक्सपो में रेलवे, एचएएल, गेल, डीएमएसआरडी, एलिम्को, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम सहित अन्य स्टॉल प्रमुख रहे। इसी तरह बैंकों में यूको, कैनरा, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी जैसी बैंक के स्टॉल के प्रतिनिधियों ने लघु उद्यमियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। डिप्टी डायरेक्टर सुभाष चंद्र व सहायक निदेशक अमित बाजपेई ने बताया कि एक्सपो में लघु उद्यमियों ने चमड़े, फूड, प्रोसेसिसिंग, प्रिंटिंग व मशीनरी के उत्पाद खासतौर पर प्रदर्शित किए। शहर के उद्योगपतियों ने युवा उद्यमियों के उत्पादों की जानकारी ली और लघु उद्यमियों ने सीधे अपने उत्पादों से संबंधित ऑर्डर लिए।

कांच की ईट से बिजली की बचत: एक्सपो में कांच की ईंट भी रोचकता का केंद्र रहीं। दीपिका द्विवेदी ने बताया कि यह ईंट इंडोनेशिया से मंगवाई जाती है। अधिक ताप में पकने की वजह से ईंट को आसानी से तोड़ा नहीं जा सकता। घरों में लेंटर और छतों के कुछ हिस्सों में इस ईंट के प्रयोग से दोपहर को कमरों में बिजली की जरूरत नहीं होती। खास बात यह है कि धूप से रोशनी लेते हुए यह ईंट गर्मी को भी बाहर रखती है।

बारिश ने अरमानों पर पानी फेरा: दो दिनी एक्सपो में शनिवार का आधा दिन बारिश से प्रभावित हो गया। बारिशसे बचाव के नाकाफी इंतजामों के कारण लघु उद्यमियों को अपने स्टॉल छोड़ पानी से बचाव के लिए दूसरे स्थान पर जाना पड़ा।

90 सेकेंड में मिट्टी की जांच

एक्सपो में ऐसी मशीन प्रदर्शित की गई जो 90 सेकेंड में मिट्टी की जांच करती है। एग्रोनेक्स भू परीक्षक नामक इस मशीन के बारे में निलय दुबे ने बताया कि यह मशीन मिट्टी के छह तत्वों नाइट्रोजन, फासफोरस, पोटेशियम, ऑग्रेनिक कॉर्बन आदि की गुणवत्ता जांच 90 सेकेंड में कर देती है। आईआईटी के विशेषज्ञों की ओर से बनाई गई इस मशीन से मिट्टी की जांच करना बिल्कुल घर में बीपी नापना जैसा है।

ऑक्सीजन सिलेंडर का विकल्प

एक्सपो में ऐसी ऑक्सीजन मशीन प्रदर्शित की गई, जिसे हर तरह की कार में आसानी से उपयोग में लाया जा सकता है। कार की बैट्री से ही चार्ज होने वाली इस मशीन को सेना के ट्रकों और एंबुलेंस में भी असानी से लगाया जा सकता है। ऑक्सीजन कंसंटेटर व्हीकल नामक इस मशीन को एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर का विकल्प माना जा रहा है। प्रोजेक्ट एसोसिएट शुभम ने बताया कि यह मशीन आईआईटी कानपुर के छात्र सिद्धांश श्रीवास्तव की ओर से बनाई गई है।

बारिश के कारण केंद्रों पर देर से पहुंची कॉपियां

कानपुर। बारिश ने शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षाओं की व्यवस्था को भी प्रभावित किया। उत्तर पुस्तकाओं को संकलन केंद्र पहुंचने में देरी हुई। अरौल, पियानी और धरमंगतपुर स्थित केंद्रो से आने वाली कॉपियां लगभग एक घंटे देरी से पहुंची। दूसरी पाली में इंटर अग्रेजी विषय की परीक्षा में 42,752 में 40,905 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षार्थियो ने प्रश्न पत्र को औसत बताया। दूसरी पाली की परीक्षा छूटने तक हुई तेज बारिश से कॉपियों को बचाते हुए केंद्र से संकलन केंद्र लाना पड़ा। 12 केंद्र ऐसे रहे जहां से कॉपियां आने में देरी हुई। इन परीक्षा केंद्रों में किसान इंटर कॉलेज, धरमंगतपुर, एकलव्य इंटर कॉलेज, सजेंती, लक्ष्मी नारायण इंटर कॉलेज, पियानी और विद्या भवन इंटर कॉलेज अरौल प्रमुख रहे। कॉपियों के देरी से संकलन केंद्र पहुंचने पर शिक्षा विभाग भी सतर्क रहा।

कार्यालय ग्राम पंचायत कोरारी वि0ख0– सरवनखेड़ा कानपुर देहात

निविदा सूचना

मनरेगा योजना से प्राप्त धनराशि से निर्मित होने वाली परियोजनाओ पर मजदूरों को छोड़कर प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रतिस्पर्धात्मक दरों के निर्धारण हेतु सम्बन्धित सामग्री के उत्पादन क्रय / विक्रय हेतु करने वाली फर्मो से मुहर बन्द निविदा दिनाँक 02/03/2024 से 03/03/2024 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदायें दिनांक 03/03/2024 तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे निविदा बाक्स में दोपहर दो बजे तक डाली जायेगी अंतिम दिवस पर अपरांन्ह उसे 4 बजे तक के मध्य निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

कार्य एवं सामग्री का विवरण–

क्र0सं0	कार्य का नाम	सामग्री	अनुमानित लागत (लेबर सहित)
01	छुटकऊ के घर से श्याम सिंह के घर तक इण्टरलांकिग	सामग्री सीमेन्ट मौरंग ईट, रोड़ी तसला बालू, मिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट आदि।	4 लाख रूपये
02	विजयकरन के घर से भारत सिंह के घर तक इण्टरलांकिग		4 लाख रूपये

नोटः आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की लागत की 10% धरोहरराशि के रूप में जमा करना होगा तथा निविदा मूल्य 500 नियत है तथा सामग्री की दरें मनरेगा के अनुमन्य दरों के आधार पर होगी।

ग्राम प्रधान — ग्रा: वि. अधिकारी

ग्राम पंचायत कुरारी, विकास खण्ड सरवनखेड़ा, कानपुर देहात

शादी का झांसा देकर प्रेमी ने किया दुष्कर्म

कानपुर। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में शादी का झांसा देकर एक युवती ने प्रेमी पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाया। आरोप है कि उसका तीन बार गर्भपात कराया गया। किसी तरह शादी का दबाव बना तो अपनी बहन और बहनोई के साथ आरोपी ने मारपीट की और शादी से मुकर गया। पीड़िता ने पुलिस से मामले की शिकायत की। जिसके बाद कल्याणपुर पुलिस ने मामले में दुष्कर्म, दहेज उत्पीड़न, मारपीट समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। गुरसहायगंज में रहने वाली एक युवती ने पुलिस को बताया कि कानपुर में पढ़ाई के दौरान उसकी आवास विकास-3 निवासी अरुण वर्मा से नजदीकी बढ़ गई थी। अरुण ने शादी का झांसा दिया और दुष्कर्म किया।

सेहत की बात | मेडिकल कालेज के मेडिसिन विभाग में थायरॉइड व डायबिटिक फुट पर सेमिनार

डायबिटीज मरीजों के लिए थॉयराइड ज्यादा खतरनाक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते चिकित्सक। अमृत विचार

अमृत विचार। जीएसवीएम मेडिकल कालेज के मेडिसिन विभाग में शनिवार को थायरॉइड व डायबिटिक फुट पर सेमिनार का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कालेज के प्राचार्य व डीन प्रो. संजय काला ने दीप जलाकर सेमिनार का उद्घाटन किया। सेमिनार में थायरॉइड व डायबिटिक फुट के रोगियों के इलाज व निदान पर चर्चा में बताया गया कि डायबिटीज के मरीजों के लिए थॉयराइड ज्यादा खतरनाक है।

जीएसवीएम मेडिकल कालेज की सहायक आचार्य डॉ. राखी जैन ने बच्चों को होने वाली थायरॉइड के कारण, इलाज और निदान के कई तरीके बताए। एसजीपीजीआई लखनऊ के डॉ. सुभाष यादव ने बताया कि थायरॉइड का बढ़ जाना कैसे हानिकारक हो सकता है। उन्होंने इसके लक्षणों व इलाज की जानकारी दी। एसजीपीजीआई के डॉ. वैभव सिंघल ने बताया कि मानव शरीर के लिए थायरॉइड की आवश्यकता, टी-3 में भूमिका का संबंध बताया। यूपीईएस देहरादून के डॉ. आशीष माथुर ने थयरॉइड की प्वाइंट ऑफ केयर टेस्टिंग के बारे में बताया।

- देश–विदेश के विशेषज्ञों ने थायरॉइड के कारण और इलाज व निदान पर की चर्चा

इंडोक्राइनोलॉजी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शिवेंद्र वर्मा ने थायरॉइड की छोटी गांठ कैंसर है या नहीं इसकी जानकारी कैसे करें, इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि डायबिटिक फुट कितना गंभीर और जानलेवा है। थाईलैंड के कोन कैन यूनिवर्सिटी के डॉ. सूदखेत प्रोजप्रपाई ने डायबिटिक फूड, बीमारी और समाधान के बाद बारे में जानकारी दी। थाईलैंड के ही डॉ. पॉन्थेप ने सुरासोला का प्रयोग आर्थोपेडिक सर्जरी के संबंध में बताया। उप प्रधानाचार्य प्रो. रिचा गिरि ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि यूपीएपीआई के अध्यक्ष डॉ. साईबल चक्रवर्ती ने देश व विदेश से आए प्रवक्ताओं का स्वागत किया। यूपीएपीआई के सचिव डॉ. एसके गौतम ने धन्यवाद किया। सेमिनार में डॉ. आरके सिंह, डॉ. एनसी त्रिपाठी, मेडिसिन विभाग के समस्त संकाय सदस्य, सीनियर व जूनियर, नान पीजी जूनियर रेजीडेंट्स ने प्रतिभाग किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

NOTICE

Please inform that I am Aadesh Kumar, son of Jagdish Narayan Sharma, resident- I- 241, world bank Barra, District Kanpur Nagar. The important documents related to the registry of my house and the allotment letter and letter of my residence have actually been lost.

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं जन्मेजय बुधौलिया पिता का नाम विनोद कुमार तथा माता का नाम वंदना है। मेरे हाई स्कूल अंक पत्र में माता पिता का यही नाम दर्ज है। मेरे इंटर के अंक पत्र में माता का नाम वंदना बुधौलिया पिता का नाम विनोद बुधौलिया कर दिया है। दोनो नाम मेरे माता पिता के है माता का नाम वंदना पिता का नाम विनोद कुमार के नाम से जाना जाए। जन्मेजय बुधौलिया समदनगर महोबा।

सूचना

सूचित हो कि मैं SHAHZEB पुत्र SHER AFGAN निवासी–ग्राम बड़नपूर पो0–आलियाबाद, थाना–दरियाबाद, जि0–बाराबंकी,उ0प्र0 मैंने अपना नाम SHAHZEB से बदल कर SHAHZEB SHAIKH रख लिया हैं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र अभय तिवारी, पुत्रवधू श्रीमती रीतू तिवारी एवम् पुत्रियों श्रीमती पूजा मिश्रा पत्नी आशीष मिश्रा, श्रीमती राधा पाठक पत्नी अभिषेक पाठक, श्रीमती नेहा तिवारी पत्नी सन्दीप तिवारी, श्रीमती नीशू मिश्रा पत्नी अवधेश मिश्रा के कार्यकलापों व आचरण से दुखी होकर उनसे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर रहा हूँ। आज से उनके द्वारा किये गये किसी भी अच्छे बुरे काम की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी। **अजय कुमार तिवारी पुत्र श्रीकान्त तिवारी निवासी 124/41 सी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे मुंशी व कामिल की मार्कशीट मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ में मुंशी का रोल न. 841/1998 व कामिल का रोल न. 3078/2006 है। वास्तव में कही खो गई है। **मो. सलीम पुत्र मेहंदी हसन, निवासी– बनबीर पुर, पो.– सदरपुर तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर**

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम लाल बहादुर पुत्र राजेंद्र सिंह है। यही नाम सही भी है, लेकिन मैने अपना नाम लाल बहादुर से बदलते हुए लाल बहादुर सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह रख लिया है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति है। ऐसे में मुझे लाल बहादुर सिंह के नाम से जाना और पहचाना जाए। **– लाल बहादुर सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह, निवासी– ग्राम गंगापुर कोतवाली मुर्तिहा, तहसील मिहीपुरवा/ मोतीपुर, बहराइच।**

आज का मौसम
हल्की बारिश के साथ ओला गिरने की आशंका है

23.6°	18.4°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:30	सूर्यास्त 06:11

एक नजर

कोचिंग से लापता हुए छात्र को खोज निकाला

कानपुर। सीसामऊ थानाक्षेत्र में 16 वर्षीय छात्र पहली मार्च को घर से कोचिंग पढ़ने गया था और लापता हो गया था। थाना सीसामऊ में परिजनों ने सूचना दी थी। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए कैमरों की मदद से पुलिस ने छात्र को घंटाघर चौराहे के पास से सकुशल बरामद कर लिया।

आनंदेश्वर मंदिर में शिवरात्रि पर सुरक्षा को लेकर बैठक

कानपुर। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल आरएस गौतम ने परमट चौकी पर महाशिवरात्रि त्योहार की तैयारी के संबंध में आनंदेश्वर मंदिर के महंत एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक कर श्रद्धालुओं के लिए इंतजाम एवं सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मंदिरों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम होंगे। बैठक में एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार एवं थाना प्रभारी ग्वालटोली पवन कुमार मौजूद रहे।

पत्रकार के लिए समाज को समझना जरूरी

कानपुर। सीएसजेएमयू के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में शनिवार को रिस्पांसिबल जर्नलिज्म एंड डिजिटल एरा विषयक संगोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार प्रो. शाह अयाज सिद्दीकी ने कहा कि पत्रकारिता किसी भी समाज की सच्चाई है। समाज के लिए नाक, कान, आंख की भूमिका में पत्रकारिता का स्थान विशिष्ट है। एक सफल पत्रकार के लिए समाज को समझना बहुत जरूरी है। जब तक उसे समाज की समझ नहीं होगी अभिव्यक्ति में जनरूचि का समावेश नहीं हो पाएगा।

367 करोड़ से अधूरा 'ताजमहल' बनाया पर उपयोगिता नहीं बताई

बड़ा सवाल : सरकारी धन की बर्बादी और अफसरों की नाकामी का कौन जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पांडु नगर स्थित राज्य कर्मचारी बीमा अस्पताल परिसर में 367 करोड़ से अधूरी बिल्डिंग बनाकर खड़ी कर दी गई लेकिन आज तक यही तय नहीं हो पाया कि इस भवन में क्या किया जाएगा। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ.आरती लाल चंदानी ने इस भवन को मेडिकल कालेज में लेने की योजना बनाई थी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली। ऐसा तब हुआ, जब प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने खुद निरीक्षण कर इस भवन को मेडिकल कॉलेज में शामिल करने की योजना बनाई थी।

कानपुर में श्रमिकों की संख्या अधिक होने पर पांडु नगर में वर्ष 2007 से 367 करोड़ रुपये लागत से पांडु नगर राज्य कर्मचारी बीमा अस्पताल के पीछे मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए निर्माण कार्य शुरू हुआ था, लेकिन यह निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अधिकारी और लखनऊ व दिल्ली में बैठे आला अफसर यह तक नहीं तय कर सके कि निर्माणाधीन बिल्डिंग में बनाना क्या हैं और 367 करोड़ बिल्डिंग बनाने में लगा दिए गए।

पांडु नगर स्थित बीमा अस्पताल में अधूरा खड़ा भवन। अमृत विचार

सुपर स्पेशिएलिटी की रखी गई थी आधारशिला

बीमा अधिकारियों ने छह अक्टूबर 2016 को तत्कालीन केंद्रीय श्रम मंत्री बंडारू दत्तात्रेय से यहां सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल की आधारशिला रखवा दी। लेकिन केंद्रीय मंत्री के आधारशिला रखने के बाद भी श्रामिक व बीमित लोगों को इलाज आज तक नहीं मिल पा रहा है।

- पांडु नगर के कर्मचारी बीमा अस्पताल परिसर में मुंह चिढ़ा रही अधबनी खड़ी बिल्डिंग

भवन निर्माण एजेंसी की होनी चाहिए जांच

पांडु नगर में पहले मेडिकल कॉलेज और उसके बाद सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल बनाने वाली भवन निर्माण एजेंसी की जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव को तय करनी चाहिए। इसके साथ ही निर्माण में खर्च हुए श्रमिकों के नाम पर करोड़ों रुपये कहां और किस मद में खर्च किए गए, इसकी भी जांच होनी चाहिए। यह निर्माण कार्य तब अधूरा पड़ा है, जब केंद्र से लेकर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए कुछ जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने का दावा कर रही है। ऐसे में यहां पर मेडिकल कॉलेज या सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल या डेंटल कॉलेज खुलने पर हजारों लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सकेगा।

मवेशी की हत्या कर शहर का माहौल बिगाड़ने का प्रयास

संवाददाता, कानपुर

- पुलिस कमिश्नर पहुंचे घटना स्थल पर, सेवन सीएलए में हुई कर्रवाई

अमृत विचार। शहर का माहौल खराब करने के लिए एक बार फिर अराजकतत्वों ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस कमिश्नर कमांड हाउस के पास जंगल में गाय को गला रेत कर मार डाला। सुबह लोगों ने गायब हुई गाय का खून से लथपथ शव देखा तो हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस कमिश्नर, डीसीपी और ग्वालटोली पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

ग्वालटोली एफएम कालोनी निवासी श्याम नारायण पुलिस कमिश्नर कमांड हाउस के पास रहते हैं। शुक्रवार रात तेज आंधी-पानी में उनकी गाय खूंटे से खुलकर निकल गई थी। परिवार के लोगों ने पूरी रात उसे खोजा, लेकिन नहीं मिल सकी थी। शनिवार सुबह पुरानी मिल के कंपाउंड में गाय का क्षत-विक्षत शव मिला, जिसका गला काटा गया था।

इसके अलावा उसके शव को कुत्ते नोच भी रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों का कहना था कि किसी ने यह कृत्य करके माहौल खराब करने का प्रयास किया है। सूचना पर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, डीसीपी आर एस गौतम, एसीपी महेश कुमार, ग्वालटोली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि स्थानीय लोगों ने आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा की मांग की है। उन्होंने बताया कि घटना गंभीर है। गौमाता की हत्या करने वाले के खिलाफ अज्ञात में सेवन सीएलए गौवध निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

रामादेवी से रूमा भेजी गई सब्जी मंडी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रामादेवी पर यातायात के दबाव और जाम की समस्या के निदान के लिए चौराहे पर लगने वाली सब्जी व फलमंडी को शिफ्ट कराने की प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो गई। अब यहां संचालित होने वाली 300 दुकानें रूमा में लगेंगी। समझौते के तहत रूमा में लाटरी के माध्यम से दुकानें आवंटित करने पर सहमति प्रदान की गई है।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने शनिवार को अधिकारियों के साथ रामादेवी चौराहा का निरीक्षण किया। इससे पहले अपर नगर आयुक्त आवेश खां के निर्देशन में रामादेवी सब्जी व मंडी विक्रेताओं एवं अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। नगर आयुक्त के निर्देश पर थोक विक्रेताओं को रामादेवी से रूमा स्थानांतरित करने की कार्यवाही की गयी।

आज से थोक मंडी भी हटाई जाएगी

नगर आयुक्त ने बताया कि रविवार से थोक मंडी भी रूमा में शिफ्ट की जाएगी। उन्होंने प्रवर्तन दल के कर्नल आलोक नारायण को सख्त निर्देश दिए कि निरन्तर प्रतिदिन अभियान चलाएं और रामादेवी से फल एवं सब्जी मण्डी हटाते रहें। रामादेवी से हरजेन्दर नगर की ओर चलने पर हाईवे पुल के नीचे फुटकर सब्जी विक्रेताओं को पिछले दिनों भेजा गया था। नगर आयुक्त वहां पहुंचे तो व्यापारियों ने कहा कि इसी स्थल पर निरन्तर फुटकर दुकानें लगाने दी जाएं। नगर आयुक्त ने कहा कि सब्जी मंडी हटने से चौराहे के आसपास जाम की समस्या खत्म हो जाएगी।

- 300 सब्जी और फल विक्रेता हटाए गए, रूमा में लॉटरी से मिलेंगी दुकानें

रामादेवी के पास लगने वाली मंडी को देखते नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन व अधिकारी। अमृत विचार

नौबस्ता में मेट्रो के खंभों की नींव तैयार

नौबस्ता से बारादेवी के बीच चल रहा है मेट्रो का कार्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने कॉरिडोर-1 (आईआईटी- नौबस्ता) के अंतर्गत बन रहे लगभग पांच किमी लंबे बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन के सारे पाइल कैप्स (नींव) का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। यूपीएमआरसी के सिविल इंजीनियरों ने निर्माणाधीन बौद्ध नगर स्टेशन के पास निर्माण स्थल पर अंतिम पाइल कैप की कास्टिंग भी शनिवार सुबह पूरी कर ली। अब यूपीएमआरसी ने बारादेवी-नौबस्ता सेक्शन में बनने वाले सभी 276 पाइल कैप्स का निर्माण पूरा कर लिया है।

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने इस उपलब्धि पर मेट्रो इंजीनियरों की टीम को बधाई देते हुए कहा, कि कानपुर मेट्रो परियोजना के बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन का सिविल निर्माण तेज गति से जारी है। जल्द ही सभी पिलर्स की कास्टिंग का काम भी पूरा कर लिया जाएगा। हम कॉरिडोर-1 के शेष सेक्शन में समयबद्ध प्रगति कर रहे हैं। पाइल कैप में ज़मीन के अंदर खोदाई करके पाइलिंग की जाती है, इसे मेट्रो कॉरिडोर की नींव कहा जा सकता है। आमतौर पर 3-6 पाइलों के समूह पर एक पाइल कैप तैयार किया जाता है फिर इस आधार पर मेट्रो कॉरिडोर के पिलर्स खड़े किए जाते हैं।

टाटमिल से घंटाघर के बीच शटल सेवा में 45 टेंपो लगाए

कानपुर। टाटमिल व घंटाघर चौराहे को ई-रिक्शा फ्री जोन करने के लिए शनिवार को ट्रैफिक पुलिस ने शटल सेवा शुरू करा दी। बाकरगंज चौराहे पर एडीसीपी ट्रैफिक व एसीपी ने 45 टेंपो पर 'घंटाघर सेवा' का लोगो लगवाया। अब टाटमिल व घंटाघर जाने के लिए राहगीर इन्हीं टेंपों का इस्तेमाल करेंगे।

ई-रिक्शा चालकों की अराजकता के कारण जाम की समस्या से जूझ रहे शहर के प्रमुख चौराहों को ई-रिक्शा फ्री जोन करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने कमर कस ली है। रामादेवी चौराहे को ई-रिक्शा फ्री जोन करने के बाद टाटमिल व घंटाघर चौराहे को चुना गया है। घंटाघर चौराहे को ई-रिक्शा फ्री जोन करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने योजना को चार चरणों में विभाजित किया था। शनिवार से चौथा चरण अमल लाया गया। दक्षिण क्षेत्र की ओर से टाटमिल व घंटाघर चौराहे की ओर जाने वाले ई-रिक्शों पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई गई है। अब ई-रिक्शा टाटमिल की ओर नहीं जाएंगे।

सफाई की नहीं, शिकायत पर सीएम को भेज दी झूठी रिपोर्ट

अंधेरगर्दी

- 21 दिन में 41 शिकायतों में किया गया नगर निगम में फर्जीवाड़ा, रिपोर्ट की गई तलब
- स्वच्छता अधिकारियों की मनमानी का खुलासा, चीफ इंजीनियर से भी मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नगर निगम के लापरवाह अधिकारी सीएम कार्यालय की आंखों में भी धूल झोंक रहे हैं। जनता मुख्यमत्री तक शिकायत करती है, तो फर्जी निस्तारण की रिपोर्ट लगा देते हैं। 21 दिन में ऐसे 41 मामले सामने पर सीएम कार्यालय ने नाराजगी जताते हुए रिपोर्ट तलब की है। इससे अधिकारियों में हड़कंप है।

आईजीआरएस, सीएम की प्राथमिकता वाला पोर्टल है। इसमें ऑनलाइन दर्ज होने वाली शिकायतें संबंधित विभागों को भेजी जाती हैं। लेकिन नगर निगम में बिना मौके पर कोई कार्यवाही किए फर्जी निस्तारण रिपोर्ट लगाई जा रही है। इस कारण डिफाल्टर संदर्भ से अधिक होने पर चीफ इंजीनियर मनीष अवस्थी और जोनल अधिकारी-एक से भी जवाब मांगा गया है।

एक से 21 फरवरी 2024 के बीच ऑनलाइन शिकायतों की समीक्षा सीएम कार्यालय ने की तो सामने आया कि नगर निगम में तैनात जोनल स्वच्छता अधिकारियों ने कुल 41 शिकायतें फर्जी तरीके से निस्तारित की हैं। इन पर संबंधित शिकायतकर्ता ने असंतुष्ट फीडबैक दिया था। इसकी रिपोर्ट डीएम राकेश सिंह को भेजी गई। जिसके बाद जोनल स्वच्छता अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। मामले में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अमित सिंह ने बताया कि सभी जेडएसओ को तत्काल ही गुणवत्तापूर्ण शिकायत निस्तारण करने के लिए कहा गया है।

डीएम ने जारी किए सख्त आदेश

जोन-1 जेडएसओ ने 2 शिकायतों का फर्जी निस्तारण किया। इसी प्रकार जोन-2 में 12, जोन-3 में 13, जोन-4 में 6 और जोन-5 में 7 शिकायतों का फर्जी निस्तारण किया गया। सभी शिकायतें डिफाल्टर श्रेणी में है। डीएम ने इस मामले में सख्त आदेश जारी किए हैं कि किसी भी दशा में फर्जी निस्तारण नहीं होना चाहिए। नगर निगम जोन में तैनात जोनल स्वच्छता अधिकारी (जेडएसओ) जोन में सफाई व्यवस्था का कार्य देखते हैं। सफाई कराने को लेकर ही ज्यादातर शिकायतें की गई थीं।

खुदी पड़ी सड़कों ने बढ़ाई मुसीबत | किसानों की मुश्किल बढ़ी, गेहूं और तिलहन की फसलों को पहुंचा नुकसान

बारिश से बच कर निकलतीं मां-बेटी। अमृत विचार

बेमौसम बारिश ने बिगाड़ दी शहर की चाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मौसम के बदले मिजाज ने शहर की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिए। शनिवार को दिन भर रुक-रुककर हुई बारिश ने पूरे शहर को भिगोने के साथ ही हल्की ठंड की फिर से वापसी का अहसास करा दिया। बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की मुश्किल बढ़ा दी। गेहूं की बालियां झुककर खेत में फैल गईं। तिलहन की फसल को भी क्षति पहुंची। शाम को हुई एक घंटे की बरसात से कारोबारियों और ऑफिस से घर लौट रहे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम वैज्ञानिकों अचानक बदले मौसम की वजह नया पश्चिमी विक्षोभ बताया।

शहर में सुबह से ही बादलों की आवाजाही रही। तेज हवाओं के साथ बूंदाबादी होती रही। दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव हुआ। शाम को हुई तेज बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बाजारों में सन्नाटा हो गया। सड़कों पर फिसलन की वजह से वाहन सवारों को परेशानी उठानी पड़ी। पानी बंद होने पर सड़कों पर बढ़े लोड से वाहन सवारों को जाम से भी जूझना पड़ा। टाटमिल चौराहा, घंटाघर चौराहा, जरीबचौकी चौराहा व हैलट अस्पताल के सामने वाहन सवार फंसे रहे।

ग्रीन पार्क स्टेडियम में ढका गया मैदान। अमृत विचार

- शहर में कई जगहों पर जाम लगा, इस वजह से कार्यालयों से छूटे लोग हुए परेशान

पैची रेन का भी रहा असर

मौसम वैज्ञानिकों ने शहर में हुई बारिश को पैची रेन जैसा बताया। इसकी वजह से शहर के कुछ इलाकों में बारिश कम तो कहीं अधिक रिकॉर्ड की गई। कैंट, स्वरूप नगर, सीएसए, संजय वन क्षेत्रों में अधिक बारिश हुई। पनकी, जाजमऊ, रामादेवी, नौबस्ता व रमईपुर के आसपास कम बारिश रिकॉर्ड की गई।

आठ मिलीमीटर बरसात आज भी छाए रहेंगे बादल

सीएसए कृषि विवि के मौसम विभाग ने आठ मिमी बरसात दर्ज की। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि सोमवार तक मौसम का रुख इसी तरह बना रह सकता है। तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

18 डिग्री रहा न्यूनतम पारा

मौसम के बदलाव से न्यूनतम पारा उछलकर 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 6.2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इसी तरह अधिकतम पारा 23.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बारिश के आसार से किसान भी परेशान हैं क्योंकि फसल खेतों में गिर रही है।

किशोरियों की मौत मामले में न्यायिक जांच की उठी मांग

कानपुर। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के राष्ट्रीय सचिव पीएस बाजपेई के नेतृत्व में शनिवार को हुई सभा में घाटमपुर में दो किशोरियों की मौत पर आक्रोश जताते हुए प्रदेश सरकार से घटना की न्यायिक जांच और पीड़ित परिवार को सुरक्षा व आर्थिक मदद की मांग की गई। आरोप लगाया गया कि भट्ठा श्रमिकों को भवन निर्माण सन्नीकार बोर्ड के नियमों के तहत मजदूरी व बच्चों को सुविधाएं प्रदान की गई हैं, मगर अधिकारियों की उपेक्षा के कारण भट्ठा श्रमिकों व उनके परिवार के साथ ऐसी घटनाएं होती हैं। लोगों का कहना है कि जांच पारदर्शी होनी चाहिए।

इस घटना को लेकर इंटक का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलेगा। शहर अध्यक्ष सिद्धनाथ तिवारी, एचएन तिवारी, राजेश कुमार शुक्ला, आशुतोष तिवारी, राकेश सिंह, असित सिंह कुशवाहा, मधुबाला सिंह मौजूद रहे।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

पाकिस्तानी जासूस फैसल को मिला 10 साल का कारावास

- एडीजे-आठ की कोर्ट ने सुनाया फैसला 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया
- रांची निवासी था दोषी, पाकिस्तान निवासी लेक्चरर से की थी शादी
- मुरे कंपनी पुल के पास एसबीआई के एटीएम बूथ से हुआ था गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। वर्ष 2011 में मुरे कंपनी पुल के पास एसबीआई के एटीएम बूथ से गिरफ्तार किए गए पाकिस्तानी जासूस को शनिवार को एडीजे आठ की कोर्ट ने 10 साल की सजा सुना दी। एटीएस ने उसके खिलाफ रेलबाजार थाने में देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने का अपराध करने की साजिश की धारा में मुकदमा दर्ज कराया था।

देश की गोपनीय जानकारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को मिलने की जानकारी काफी समय से लखनऊ एटीएस को मिल रही थीं। वर्ष 2011 में एटीएस लखनऊ के एसपी रविंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मामले की जांच के लिए टीमें शहर में डेरा जमाए थीं। इसी दौरान 18 सितंबर 2011 को टीम के दरोगा विमलेश कुमार राय सेंट्रल स्टेशन पर थे, तभी जानकारी मिली कि रांची थाना जगन्नाथपुर, धुर्वा का रहने वाला फैसल रहमान उर्फ गुड्डू आईएसआई का एजेंट है और मुर्रे कंपनी पुल स्थित एसबीआई के एटीएम पर खड़ा है। एटीएस की दो टीमों ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसके पास से संवेदनशील नक्शे, होटलों में रुकने के कैश मेमो, डॉक्टर का पर्चा आदि बरामद हुए थे। मामला एडीजे आठ राम अवतार यादव की कोर्ट में चल रहा था। अभियोजन पक्ष ने मुकदमे में 11 गवाहों को पेश किया। कोर्ट ने फैसल रहमान को दोषी पाकर 10 साल कारावास व 50 हजार जुर्माने की सजा सुना दी।

रूस में तीन साल रहा कराची में रचाई शादी

फैसल ने बताया था कि वह बीए तक शिक्षित था और उच्च शिक्षा के लिए रूस में करीब तीन साल रहा था। इसके बाद वह कराची, जमशेद रोड स्थित अपनी मौसी जाकिया मुमताज के पास गया और तीन माह रहकर वापस आया। 1997 में फैसल ने अपनी मौसेरी बहन साइमा फैसल से कराची में शादी की, जो कि गवर्नमेंट इस्लामिया कॉलेज में लेक्चरर थी। इस दौरान वह कई बार पाकिस्तान आता जाता रहा।

25 दिन की ट्रेनिंग के बाद भेजा गया था भारत

आईएसआई अधिकारी की बात मानने के बाद फैसल को कराची के आईएसआई आफिस में 25 दिन ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान भारतीय सेना की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद उसे भारत भेजा गया। यहां करीब आठ, नौ साल आईएसआई के लिए वह काम करता रहा। इस दौरान उसे करीब 12 लाख रुपये आईएसआई ने दिए, जो कराची के बैंक खाते में जमा होते थे। फैसल हवाला के जरिए रुपया देश में मंगवाता था। फैसल रांची, प्रयागराज, झांसी, बबीना, कानपुर कैंट की सूचनाएं इंटरनेट के माध्यम से भेजता था।

वीजा बढ़वाने में आईएसआई अधिकारी से हुई मुलाकात

फैसल के अनुसार वर्ष 2002-03 में वह पाकिस्तान गया था। इस दौरान वीजा बढ़ाने के लिए एफआरआरओ ऑफिस गया। जहां उसकी मुलाकात आईएसआई के अधिकारी से हुई, जिसने अपना नाम अतीक बताया। अतीक ने उससे भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल होने को कहा। मना करने पर पत्नी को जेल भिजवाने की धमकी दी थी।

डुप्लीकेट चाबी से कर्मचारी ने जिम से पार किया सामान

कानपुर। डुप्लीकेट चाबी का इस्तेमाल कर कर्मचारी ने जिम के स्टॉक में रखा सामान चोरी कर लिया। कर्मचारी को चोरी करता देख जिम संचालक के मित्र ने घटना की जानकारी दी। पीड़ित ने बर्रा थाने में कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

किदवई नगर वाई ब्लॉक निवासी नितिन सिंह ने बताया कि वह दामोदर नगर में जिम संचालित करते हैं। उन्होंने राजीव विहार निवासी कनिष्क त्रिपाठी को नवंबर 2023 में काम पर रखा था। जिम संचालक ने बताया कि कनिष्क ने छह माह में पैसे वापस करने की बात कह कर 30 हजार रुपये उधार ले लिए। बताया कि करीब दो माह बाद कनिष्क ने नौकरी छोड़ दी। पैसे वापस मांगने पर कनिष्क ने मना कर दिया।

आरोप है कि बीती तीन फरवरी को सुबह पांच बजे कनिष्क जिम आया और डुप्लीकट चाबी से गेट खोल कर जिम में रखा करीब 10 हजार सामान लेकर फरार हो गया। घटना को अंजाम देते हुए मित्र शिवेश सिंह राणा ने देख लिया और मामले की जानकारी जिम संचालक को दी।

त्रिनेत्र कैमरे लगाने के लिए जेके समूह ने 15 चौराहों को गोद लिया

- जेके ग्रुप निदेशक अभिषेक सिंघानिया ने शहर में प्रवेश एवं निकास के महत्वपूर्ण बिंदुओं वाले स्थान गोद लेने को कहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर के नागरिकों की सुरक्षा और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने सम्भ्रांत नागरिकों से ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान में जुड़कर महत्वपूर्ण चौराहों और तिराहों को गोद लेकर सीसीटीवी लगाने की अपील की थी। इसके बाद प्रमुख व्यवसायिक कंपनी जेके ग्रुप ने सामाजिक जिम्मेदारी के तहत हाथ आगे बढ़ाए हैं। जेके ग्रुप ने शहर के 15 महत्वपूर्ण चौराहे को कैमरे लगाने के लिए गोद लेने की बात कही है।

जेके ग्रुप के निदेशक अभिषेक सिंघानिया की पहल पर शमिवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से जेके अर्बनस्केप्स डेवलपर्स लिमिटेड कंपनी के डॉयरेक्टर आशीष चौहान ने मुलाकात की। इस दौरान कंपनी की तरफ से प्रथम चरण में ऑपरेशन त्रिनेत्र में कैमरों की स्थापना के लिए गोद लिए जाने वाले 15 चौराहों की सूची के साथ सहमति पत्र प्रदान किया गया। कंपनी ने शहर में प्रवेश और निकास के महत्वपूर्ण बिन्दुओं वाले स्थान भी शीघ्र गोद लेने का आश्वासन दिया। पुलिस कमिश्नर ने त्रिनेत्र एंबेसडर अभिषेक सिंघानियां की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा पहले ही विभिन्न सामाजिक कार्यों के माध्यम से शहरवासियों एवं समाज की सेवा की जा रही है। उम्मीद है कि शहर के अन्य सम्भ्रांत व अच्छे नागरिक आगे बढ़कर त्रिनेत्र एंबेसडर प्रोग्राम को सफल बनाने में अपना योगदान प्रदान करेंगे। पुलिस कमिश्नर आए दिन किसी न किसी थानाक्षेत्र का निरीक्षण करते हैं। उनका सबसे पहला उद्देश्य क्षेत्र को त्रिनेत्र कैमरो से लैस करने का है।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मुलाकात करते जेके अर्बन स्केप्स डेवलपर्स लिमिटेड के डॉयरेक्टर आशीष चौहान। अमृत विचार

बिरहाना रोड के सुंदरीकरण में उत्पीड़न का आरोप

कानपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल से संबद्ध कानपुर तिरपाल व्यापार मंडल बिरहाना रोड ने शनिवार को नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर कहा कि बिरहाना रोड का जो सुंदरीकरण नगर निगम करवा रहा है, उसमें क्षेत्रीय व्यापारियों से धन मांगा जा रहा है। व्यापारियों से बगैर पूछे उनकी दुकान पर लगे साइन बोर्ड नगर निगम उतार ले गया है। इससे रोष व्याप्त है। व्यापारियों का आर्थिक उत्पीड़न रोका जाए और सरकार की छवि को बदनाम करने वाले अधिकारी, ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष अतुल द्विवेदी ने कहा कि कारोबारियों का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। उपाध्यक्ष आशु शर्मा और अन्य कारोबारियों ने भी उत्पीड़न पर नाराजगी जताई।

सीसीटीवी में श्याम नगर पुल के पास दिखा अपहृत

- एक लाख से ज्यादा डंप मोबाइल नंबरों को पुलिस छानने में जुटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। फीलखाना थानाक्षेत्र से दो वर्षीय बच्चे कार्तिक के अपहरण मामले में पुलिस कछुआ गति से चलते हुए एक और कदम आगे बढ़ी है। मोबाइल नम्बरों का जो डाटा पुलिस ने डंप किया है, उसे छानने का काम शुरू कर दिया है। पुलिस अफसरों के अनुसार संदिग्ध नम्बरों में यह देखा जाएगा कि कौन सा नम्बर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इन इलाकों में सक्रिय रहे हैं। इस कोशिश के जरिए बच्चे तक पहुंचा जा सकता है।

जिला उन्नाव के सफीपुर निवासी छोटू राजपूत पिछले करीब 20 वर्षों से फूलबाग फलमंडी के पास रहते हैं। परिवार में पत्नी गुड्डा, 12 वर्षीय बेटी वैष्णवी, आठ वर्षीय बेटी पल्लवी, छह वर्षीय बेटा शिब्बू और दो साल का बेटा कार्तिक है। छोटू सहालगों में वेटर का काम करने के साथ सब्जी का ठेला लगाते हैं। 24 फरवरी की शाम कार्तिक बड़ी बहन वैष्णवी और भाई शिब्बू के साथ फुटपाथ पर खेल रहा था। इसी दौरान 4.40 बजे बाइक सवार मास्क लगाए आए दो बदमाश कार्तिक को उठाकर एलआईसी बिल्डिंग की ओर लेकर भाग खड़े हुए थे। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में जीटी रोड श्यामनगर पुल के पास तक कार्तिक दिखा है। पुलिस ने चार पांच इलाकों से मोबाइल डाटा डंप किया है।

तीन दुकानों के शटर तोड़कर चोरी

कानपुर। खाड़ेपुर स्थित मार्केट में तीन दुकान का ताला तोड़ कर चोर ने दवा व नकदी पार कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की जांच की जिसमें एक चोर कैद हो गया।

दामोदर नगर निवासी आरएसएस विभाग प्रचार प्रमुख आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि उनका खाड़ेपुर अमला पैलेस के बगल में स्थित मार्केट में जन औषधि केंद्र है। पीछे की ओर एएन इंटरप्राइजेज के नाम एक अन्य दुकान है। जिसमें वह दवा के होलसेल का काम करते हैं। शुक्रवार देर रात मार्केट में पीछे की ओर से एक चोर दुकान में दाखिल हुआ और साबड़ से शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखे 1200 रुपये व दवाईयां पार कर दीं। जन औषधि केंद्र का ताला तोड़ने के बाद चोर ने आशीष सोनकर की कोरियर दुकान का ताला तोड़ एक हजार नकदी पार कर दी।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री के चार लाख के जेवर उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ई-रिक्शे पर बैठकर घर जा रही आंगनबाड़ी कार्यकत्री के साथ सवारी बनकर बैठी दो शातिर महिलाओं ने बैग में रखे चार लाख के गहने पार कर दिए। पीड़िता ने मामले की जानकारी बाबूपुरवा पुलिस को दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की।

किदवई नगर बाबाकुटी निवासी प्राइवेट शिक्षक राजकुमार की पत्नी मन्नो बाजपेई फतेहपुर के सठिगवां गांव में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रूप मंम तैनात हैं। भतीजे अभिषेक ने बताया कि परिवार में एक शादी समारोह के कारण चाची शनिवार को भाई अनूप पांडेय के साथ फतेहपुर से नौबस्ता गल्लामंडी स्थित सत्या हॉस्पिटल के पास तक आई थीं, जहां से अनूप अर्रा स्थित वैवाहिक स्थल चले गए जबकि चाची बैग लेकर ई-रिक्शे में बैठकर घर आने लगीं। रास्ते में ई-रिक्शे में दो महिलाएं बैठ गईं और आपस में बातचीत करने लगीं। महिलाओं पर कुछ संदेह होने पर मन्नो ने जूही बारादेवी के पास आकर ई-रिक्शा बदल लिया, जिस पर दोनों महिलाएं भी उसी रिक्शे में आकर बैठ गईं। मन्नो ने घर पहुंच कर बैग खोला तो उसमें रखा एक सोने का हार, चेन, तीन अंगूठियां, मंगलसूत्र गायब था। बैग से जेवरात गायब देख मन्नो ने डॉयल 112 से पुलिस को सूचना दी। बाबूपुरवा थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

बदमाशों ने ट्रक चालक से 40 हजार लूटे, तहरीर दी

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: हमीरपुर रोड पर शुक्रवार रात बदमाशों ने एक ट्रक चालक से 40 हजार रुपये लूट लिए। ड्राइवर के अनुसार बदमाशों का ट्रक लूटने का इरादा था, मगर पीछे से आई पीएनसी की गाड़ी का हूटर सुनकर बदमाश भाग निकले।

प्रतापगढ़ जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के मधुपुर गांव निवासी ट्रक चालक कमल यादव ने शनिवार रात सजेती थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और बताया कि वह शुक्रवार देर शाम गिट्टी लोड करने कबरई, महोबा जा रहा था। उसके साथ प्रतापगढ़ का ही निवासी शिवम हेल्पर था। कानपुर-सागर हाईवे पर सजेती क्षेत्र के बांध रोड के पास पीछे से आए कार सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर ट्रक के आगे कार लगा दी। कार से पांच बदमाश नीचे उतरे और ट्रक की केबिन में चढ़कर उसके पास रखी 40 हजार नकदी लूट ली। बदमाश हूटर की आवाज सुनने के बाद ट्रक की चाबी लेकर भाग निकले। हाईवे पर ट्रक खड़ा होने से जाम के हालात बन गए। इसके बाद उसने दूसरे ट्रक की चाबी की मदद से ट्रक स्टार्ट कर हाईवे के किनारे किया। चालक ने सजेती थाने में जानकारी दी। एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि जल्द ही लुटेरों को पकड़ा जाएगा।

चकेरी में चरस के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

- बिहार से लाकर कई जिलों में करता था सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चकेरी पुलिस के हत्थे एक शातिर चरस तस्कर लगा है। शातिर कानपुर समेत आसपास के जिलों में चरस की सप्लाई करता था। शातिर के पास से मिले मोबाइल के आधार पर अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है। एडीसीपी पूर्वी लखन यादव ने बताया कि चकेरी थाने की पुलिस को कुछ दिनों पहले तस्करी का इनपुट मिला था। पता चला था बिहार से कानपुर में बड़े पैमाने पर चरस तस्करी की जा रही है। चकेरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर शनिवार को उन्नाव से कानपुर आने वाले हाईवे पर रामादेवी रैंप के पास चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस को देखकर एक युवक भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी में उसके बैग से 905 ग्राम चरस बरामद हुई है। इस दौरान पूछताछ में युवक ने अपना नाम जिला मोतीहारी खूबी थाना रामगड़वा निवासी जयनाथ यादव बताया। पुलिस को कई चरस तस्करों के मोबाइल नंबर मिले हैं।

शातिर जयनाथ यादव।

डेरापुर निवासी दरोगा प्रमोद यादव की हादसे में मौत

फिरोजाबाद । नागला खंगर में तैनात दरोगा प्रमोद यादव की सड़क हादसे में मौत हो गई बताया जा रहा है कि नगला खंगर में तैनात एसआई प्रमोद यादव बाइक से सिरसागंज जा रहे थे। इसी दौरान भदान के पुल के निकट किसी अज्ञात वाहन द्वारा प्रमोद यादव की बाइक को टक्कर मार दी और बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर रगड़ती हुई दूर जा गिरी । इस हादसे में सब इंस्पेक्टर प्रमोद यादव को गंभीर चोटें आईं जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

प्रमोद यादव।

किराना मर्चेंट के वोटों की गिनती जारी

- अध्यक्ष व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पहले ही हो चुका निर्विरोध चयन
- देर रात तक चली मतगणना में पदाधिकारियों के बीच रही कांटे की टक्कर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। किराना मर्चेंट एसोसिएशन की ओर से इस बार 732 वोटों से कार्यकारिणी का चयन होगा। एसोसिएशन की ओर से चुनाव के लिए 9 सौ सदस्यों को मतदान करना था। मतदान से पहले ही अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और प्रचार मंत्री पद पर निर्विरोध चयन हो गया है।

चुनाव के बारे में चुनाव अधिकारी राकेश अग्रवाल, गणेश गुप्ता, बिद्रा प्रसाद ने बताया कि कनिष्ठ उपाध्यक्ष, मंत्री और महामंत्री के पदों पर मुख्य रूप से वोटों की गितनी हुई। इसके अलावा 18 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए भी मतदान हुआ। इससे पहले अध्यक्ष के रूप में अवधेश बाजपेई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में अलंकार ओमर, कोषाध्यक्ष के रूप में अनुज गुप्ता व प्रचार मंत्री के रूप में विश्वनाथ गुप्ता को पहले ही निर्विरोध चुन लिया गया है। अभिषेक कपूर मंत्री पद के लिए इस चुनाव में मैदान में हैं।

मतगणना के दौरान उपस्थित उद्यमी सोम गोयनका व अन्य कारोबारी। अमृत विचार

एक करोड़ लोन के नाम पर साढ़े सात लाख ठग लिए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अनवरगंज थानाक्षेत्र में एक फाइनेंस कंपनी में एक करोड़ का लोन दिलाने के नाम पर आरोपी ने कमीशन तो ले लिया लेकिन लोन नहीं दिया। आरोपी ने पीड़ित महिला को दो बार चेक दी, जो बैंक में लगाने पर स्टॉप पेमेंट कर दी गईं।

लाटूश रोड निवासिनी कंचनलता ने पुलिस को बताया कि आरके फाइनेंस के प्रोप्राइटर राज कुमार शर्मा निवासी ब्लॉक अर्बन जिला प्रयागराज द्वारा मुद्रा लोन का काम कराया जा रहा है। 11 सितंबर 2020 को वह पति के साथ राज कुमार शर्मा के पास लखनऊ ऑफिस गईं और मुद्रा लोन एक करोड़ रुपये दिलाने को कहा। राज कुमार शर्मा ने उनसे 10 प्रतिशत कमीशन मांगा। बाद में राजकुमार शर्मा का फोन आया और 92,50,800 रुपये लोन स्वीकृत होने की बात कही। उन्हें लखनऊ बुलाकर 46,25,400 रुपये की चेक दी गई। जिसके एवज में उन्होंने राज कुमार शर्मा को 7,50,000 रुपये कमीशन दे दिया। शेष कमीशन की राशि चेक भुगतान के बाद देने को कहा। महिला के अनुसार जब उन्होंने खाते में चेक लगाई तो स्टॉप पेमेन्ट कर दिया गया। इस पर राज कुमार शर्मा ने 46,25,400 रुपये की दूसरी चेक दी। वह भी स्टॉप पेमेन्ट कर दी गई।

काम की बात | मर्चेंट चेंबर हॉल में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर सेमिनार का आयोजन किया गया

व्यवसाय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल गेम चेंजर जैसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मर्चेंट चेंबर हॉल में शनिवार को उद्यमियों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संचालन और विकास को रूपांतरित करने विषय पर सेमिनार हुआ। सेमिनार में उद्यमी यह जानने के लिए उत्सुक दिखे कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता उनके कार्यों को कैसे बदल सकती है। भविष्य में सफलता कैसे सुनिश्चित की जा सकती है। मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश सूचना और प्रौद्योगिकी समिति की ओर से आयोजित सेमिनार मुख्य रूप से निर्माणकर्ताओं, रसद और आपूर्ति श्रृंखला के व्यवसायियों, खुदरा और ई-कॉमर्स, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और सीए और सलाहकारों के लिए था।

कार्यक्रम को संबोधित करते अनिल सक्सेना। अमृत विचार

आईटी समिति के चेयरमैन अनिल सक्सेना ने बताया कि यह सेमिनार व्यवसायियों को उनके कार्यों और विकास पर मूल्यवान मंच प्रदान करने वाला है। सीईओ और सह संस्थापक नंदन मिश्रा ने व्यवसाय में कैसे क्रांति लाएं, इस पर विस्तृत चर्चा की। कृत्रिम बुद्धिमत्ता कैसे लागत कम करने और मुनाफा बढ़ाने में मदद करती है। विशेषज्ञों ने बताया कि भविष्यवाणी की जा रही है कि 2030 तक 10 में से सात नौकरियां स्वचालित हो जाएंगी। व्यवसाय एक महत्वपूर्ण रूपांतरण के दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कैसे एक गेम-चेंजर हो सकता है। कार्यों को सुव्यवस्थित करने और उत्पादकता बढ़ाने से लेकर डेटा मूल्यवान जानकारी प्राप्त करने और बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करने तक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की क्षमता का पता लगाया गया है। इस मौके पर मौजूद लोगों ने अपने व्यापार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एकीकृत करने के बारे में मार्गदर्शन मांगा। सत्र का संचालन अतुल अग्रवाल ने किया व धन्यवाद ज्ञापन कमेटी के सलाहकार मनु अग्रवाल ने दिया। इस मौके पर मर्चेंट चेंबर के सचिव महेंद्र मोदी, पूर्व अध्यक्ष मुकुल टंडन रहे।

सीसामऊ पीरोड बाजार में पिंक टॉयलेट बनवाएं

कानपुर। सीसामऊ पीरोड व्यापार एसोसिएशन का शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मर्चेंट चेंबर सभागार में हुए आयोजन में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से बाजार से संबंधित मांगे भी उठाई। 21 पदाधिकारियों ने शपथ ली और 14 कारोबारियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष महेश मेघानी ने बाजार में पिंक टॉयलेट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पीरोड और सीसामऊ महिला बाहुल्य बाजार है। यहां पर महिलाओं के उत्पाद की बिक्री होती है। लेकिन बाजार में एक भी पिंक टॉयलेट नहीं है। इससे खरीदारी करने आई महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने जल्द ही कारोबारियों के साथ बैठक कर उनकी मांगों को पूरी करने का आश्वासन दिया। अब्दुल सत्तार, नरेंद्र नंदा, अशीष सक्सेना रहे।

दहेज के लिए दिया तीन तलाक

- ननदोई पर लगाया छेड़छाड़ और अश्लीलता करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बजरिया थानाक्षेत्र की एक महिला ने पति और ससुरालीजनों पर दहेज की मांग को लेकर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना करने का गंभीर आरोप लगाया है। आरोप है कि उसके साथ गाली गलौज, मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने पति पर तीन तलाक देने का भी आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि ननदोई ने गन्दी नीयत से उसे दबोच लिया और अश्लील हरकतें कीं। पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है।

क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी विवाह मुस्लिम रीति रिवाज से ईदगाह रोड जाजमऊ से हुई थी। बताया कि शादी में दान दहेज भी ससुरालीजनों को दिया गया था। महिला का आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग में उसके परिजनों से डेढ़ लाख रुपये और मोटरसाइकिल की मांग की जाने लगी। मांग न पूरी होने पर पति और ससुरालीजनों ने उसे गालीगलौज कर धमकी दी। बताया कि 12 अगस्त को पति ने तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि ननदोई जब भी ससुराल आते थे, तो अकेला पाकर अश्लील कमेंट्स और हरकतें करता था। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता था। आरोप है कि इस घटना की शिकायत उसने कई बार अपने पति से बताई लेकिन उन्होंने कोई सुनवाई नही की। आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे कमरे मे बन्द करके जान से मारने की नीयत से मारापीटा। किसी तरह अपनी जान बचाकर निकल पाई। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र दिया। जिसके बाद पुलिस के सामने माफी मांगते हुए ऐसा न करने का वादा किया। इस पर महिला पुनः अपने पति के साथ चली गई। पीड़िता का आरोप है, कि इसके बाद फिर से पूर्व की भांति प्रताड़ित किया जाने लगा। बजरिया प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि पति, ससुर, सास, दो देवर, दो ननद, एक नन्दोई के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, गालीगलौज, मारपीट, धमकाने, छेड़छाड़ और मुस्लिम महिला विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम 2019 संबंधी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया।

कानपुर छोड़ क्षेत्र की नौ सीटों पर प्रत्याशी घोषित

भाजपा ने पिछले चुनाव में जीते प्रत्याशियों पर ही जताया भरोसा, कानपुर में दावेदारों के बीच बढ़ी बेचैनी

लोकसभा चुनाव

महेश शर्मा, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में 10 लोकसभा क्षेत्र आते हैं, इनमें कानपुर सीट को छोड़कर बाकी नौ सीटों पर भाजपा ने वर्ष 2019 के चुनाव में जीते प्रत्याशियों को ही रिपीट करके यह संदेश दिया है कि सभी मजबूत प्रत्याशी हैं, जातीय समीकरण और चयन तथा प्रदर्शन के मानकों की कसौटी पर भी खरे उतरे हैं। सर्वे रिपोर्ट भी इनके पक्ष में थी।

भाजपा ने मुकेश राजपूत (फर्रुखाबाद), आरएस कठेरिया (इटावा सु), सुब्रत पाठक (कन्नौज), देवेंद्र सिंह भोले (अकबरपुर), भानुप्रताप वर्मा (जालौन सु), अनुराग शर्मा (झांसी), निरंजन ज्योति (फतेहपुर), पुष्पेंद्र चंदेल (हमीरपुर), आरके सिंह पटेल (बांदा) को प्रत्याशी घोषित किया है। ये सभी 2019 का चुनाव जीते थे। भाजपा के एक उच्चपदस्थ सूत्र का कहना है कि पिछली मर्तबा बड़े अंतर से जीती गई सीटों पर पार्टी ने बेवजह परिवर्तन की जरूरत नहीं महसूस की।

सूची में कन्नौज से दोबारा मैदान में उतारे गए सुब्रत पाठक 2014 का लोकसभा चुनाव मोदी लहर में भी सपा की डिंपल यादव से हार गए थे। पिछली बार उन्होंने 12,359 वोटों से सपा को हराकर जीत हासिल की थी। झांसी सीट पर भाजपा ने सपा को 3,65,683 वोटों से हराया था। फर्रुखाबाद में बसपा को पछाड़कर भाजपा ने 2,21,702, इटावा (सु) में सपा को हराकर 64,437, अकबरपुर सीट बसपा को हराकर 2,75,142 मतों से जीती थी।

इसी तरह जालौन (सु) बसपा से भाजपा ने 1,58,377 वोटों, हमीरपुर सीट बसपा से 2,38,652, बांदा सीट सपा से 2,51,718 और फतेहपुर में बसपा को 1,98,205 वोटों से पराजित कर जीती थी। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र अध्यक्ष प्रकाशपाल का कहना है कि इस बार सभी सीटें पांच लाख के अंतर से जीतने का लक्ष्य है।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की लोकसभा सीटों का नतीजा - 2019

लोकसभात्र	विजयी प्रत्याशी	प्राप्त मत	पराजित प्रत्याशी	प्राप्त मत
फर्रुखाबाद	मुकेश राजपूत(भाजपा)	5,69,880	मनोजअग्रवाल(बसपा)	3,48,178
इटावा (सु)	आरएसकठेरिया (भाजपा)	5,22,119	कमलेश कठेरिया(सपा)	4,57,682
कन्नौज	सुब्रतपाठक (भाजपा)	5,63,087	डिंपलयादव(सपा)	5,50,734
कानपुर	सत्यदेव पचौरी (भाजपा)	4,68,937	एसपी जायसवाल(कांग्रेस)	3,13,003
अकबरपुर	देवेंद्रसिंह भोले(भाजपा)	5,81.282	निशा सचान (बसपा)	3,06,140
जालौन(सु)	भानुप्रताप वर्मा(भाजपा)	5,81,763	अजयसिंह पंकज(बसपा)	4,23,386
झांसी	अनुराग शर्मा(भाजपा)	8,09,272	श्यामसुंदर यादव (सपा)	4,43,589
हमीरपुर	पुष्पेंद्र चंदेल (भाजपा)	5,75,122	दिलीप सिंह (बसपा)	3,36,470
बांदा	आरके सिंह पटेल भाजपा)	4,77,996	श्यामचरण गुप्ता (सपा)	2,26,278
फतेहपुर	निरंजनज्योति (भाजपा)	5,66,040	सुखदेव वर्मा (बसपा)	3,67,835

कानपुर से प्रत्याशी बदलने की अटकलों ने जोर पकड़ा

दस में नौ सीटों पर प्रत्याशी घोषणा ने कानपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सत्यदेव पचौरी और उनके समर्थकों की धड़कने बढ़ा दी हैं। यहां से पचौरी आएंगे या कोई और इसे लेकर अटकलों का बाजार और गर्मा गया है। कहा जा रहा है कि हो सकता है कि कानपुर से नया चेहरा मैदान में उतारा जाए।

हैट्रिक को तैयार देवेंद्र सिंह भोले के सामने गठबंधन से राजाराम

विशेष संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने दो बार के सांसद देवेंद्र सिंह भोले पर फिर दांव लगाया है। भोले 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज करके केंद्रीय नेतृत्व के विश्वास पर खरे उतर चुके हैं। हालांकि भोले का टिकट बदलने को लेकर राजनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार गरम था, लेकिन उन्हें विश्वास था कि पार्टी उनकी परफॉरमेंस देखते हुए एक बार फिर टिकट दे सकती है। भोले के टिकट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी अनुशंसा बतायी जाती है। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में महाराजपुर, बिठूर, रनिया, घाटमपुर और कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें चार सीटों पर भाजपा विधायक हैं तो घाटमपुर से भाजपा समर्थित अपनादल की विधायक सरोज कुरील हैं। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव का रिजल्ट देखें तो भाजपा के लिए यह सीट बहुत आसान है पर अबकी सपा-कांग्रेस से पूर्व सांसद राजाराम पाल को टिकट देकर अखिलेश यादव ने चुनौती देने का प्रयास किया है। भाजपा के ठाकुर प्रत्याशी के मुकाबले अखिलेश ने पीडीए फार्मूले के तहत पिछड़ी जाति के राजाराम पाल को मैदान में उतारा है। लेकिन मोदी मैजिक और राम मंदिर निर्माण की बयार एक बार फिर भोले को लोकसभा पहुंचा सकती है। राजाराम पाल इस सीट से बसपा और कांग्रेस के टिकट पर सांसद भी रह चुके हैं।

पूजन करते देवेंद्र सिंह भोले।

अकबरपुर सीट से अब तक बसपा का प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। भाजपा के लोगों का कहना है कि बसपा प्रत्याशी आने के बाद भाजपा की लड़ाई काफी आसान हो जाएगी। 2019 के चुनाव में भोले ने सपा-बसपा की निशा सचान को पौने तीन लाख वोटों से पराजित किया था। 2014 के चुनाव में भोले ने बसपा के अनिल शुक्ला वारसी को 2.79 लाख से हराया था। वारसी की पत्नी प्रतिभा शुक्ला यूपी सरकार में मंत्री हैं। भोले और वारसी के बीच मनमुटाव जबरदस्त हैं। महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक सतीश महाना से भी उनके राजनीतिक रिश्ते अच्छे नहीं बताए जाते हैं। मंडलीय समीक्षा के महाना के निर्णय की भोले ने खुलेआम आलोचना की थी। बिठूर से विधायक अभिजीत सांगा इस लोकसभा क्षेत्र से उन्हें चुनौती दे रहे थे। लेकिन भोले जीत के प्रति इसलिए आश्वस्त हैं कि चुनाव तो मोदी के नाम पर लड़ा जाएगा।

केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा पर पार्टी ने फिर दांव लगाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अब तक पांच बार लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं भानू प्रताप
- पहली बार 1996 में चुने गए, 1999 और 2009 में मिली हार

अमृत विचार। केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा पुनः जालौन-गरौठा संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार होंगे। दो बार से वह लगातार सांसद हैं। इससे पहले भी दो बार लोकसभा चुनाव जीत कर संसद पहुंच चुके हैं। इस बार आठवीं मर्तबा लोकसभा के चुनावी समर में होंगे।

भानु प्रताप।

सबसे पहले भानु प्रताप वर्मा 1996 का लोकसभा चुनाव जीते थे। 1998 में आए अविश्वास प्रस्ताव में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार गिर गई और मध्यावधि चुनाव हुआ। पार्टी ने भानु प्रताप वर्मा को फिर टिकट दिया और वे चुनाव जीत गए। लेकिन 1999 के चुनाव में किस्मत दगा दे गई थी वे बसपा उम्मीदवार ब्रजलाल खाबरी से हार गए। लेकिन 2004 लोकसभा चुनाव में भानु प्रताप फिर से भाजपा के टिकट पर जीते, पर वर्ष 2009 के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था लेकिन 2014 में फिर जीते और 2019 के चुनाव में मिली जीत के बाद उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री बनाया गया। टिकट की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने आतिशबाजी और मिठाई का वितरण किया।

केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने टिकट मिलने पर केंद्रीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताया है और विश्वास जताते हुए केंद्र और राज्य सरकार के विकास कार्यों व जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर पुनः जीत का दावा किया।

सांगा का छलका दर्द, फेसबुक पर कविता पोस्ट की

कानपुर। बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा टिकट की दावेदारी में सफल न होने पर फेसबुक पेज पर अपना दर्द बयान किया। उनकी कविता का भाव है कि वह लक्ष्य से अभी भटके नहीं हैं। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से बिठूर के विधायक सांगा ने मजबूती से दावेदारी की थी। यही नहीं उन्होंने इस दौरान समर्थकों के संख्या बल का प्रदर्शन भी किया था। उन्होंने अपने फेसबुक में भावात्मक कविता पोस्ट करते हुए अपनी सहन शक्ति, लक्ष्य से न भटकने, प्रयास जारी रखने का भाव व्यक्त किया है। अकबरपुर लोकसभा सीट से टिकट के दावेदारों में सांगा के अलावा पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी, मानवेंद्र सिंह, शैलेंद्र भदौरिया आदि के नाम प्रमुखता से चर्चा में थे।

मोदी का गारंटी रथ जनता से लेगा सुझाव, बनेगा संकल्प पत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में संकल्प पत्र को तैयार करने के लिए भाजपा ने 'विकसित भारत, संकल्प पत्र सुझाव' अभियान शुरू किया है। इसके तहत मोदी की गारंटी वाला रथ प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में निकालेगा। प्रमुख चौराहों, मंदिरों गली मोहल्लों ,सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचने वाली यह वैन मोदी सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के साथ लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र के लिए उनके सुझाव जुटाने का काम भी करेगी। इन सुझावों के जरिये भाजपा अपना संकल्प पत्र बनाएगी। यह जानकारी शनिवार को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने पत्रकार वार्ता में दी।

क्षेत्रीय कार्यालय में हुई वार्ता में सांसद सत्यदेव पचौरी समेत सभी जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रकाश पाल ने कहा कि पार्टी का 15 मार्च तक लोगों से सुझाव जुटाने का लक्ष्य है। इसके आधार पर संकल्प पत्र तैयार किया जाएगा।

गारंटी रथ कार्यक्रम में उपस्थित विधायक सुरेंद्र मैथानी व अन्य नेता। अमृत विचार

कार्यक्रम में उपस्थित सांसद सत्यदेव पचौरी व क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल।

- मंदिरों, गली, मोहल्लों, सार्वजनिक स्थलों, पार्क आदि क्षेत्रों में घूमेंगे रथ
- 15 मार्च तक सुझाव जुटाने का लक्ष्य, नमो एप से भी दिए जा सकेंगे सुझाव

नवीन मार्केट में भी दे सकेंगे सुझाव

कानपुर। उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने नवीन मार्केट स्थित कार्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान अभियान में आम जनमानस से नमो एप और पोस्टकार्ड के द्वारा भी सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इस अभियान के लिए सुझाव पत्र पेटिका को भाजपा कार्यालय नवीन मार्केट में दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे रखकर आम जनमानस से सुझाव लिया जाएगा और महत्वपूर्ण सुझावों को पार्टी अपने संकल्प पत्र में शामिल करेगी। प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, विधायक सुरेंद्र मैथानी, अरुण पाठक, सुरेश अवस्थी, विकास सिंह भोले, सत्येंद्र नाथ पांडे, जितेन्द्र शर्मा, संतोष शुक्ला, वीरेश त्रिपाठी, अवधेश सोनकर, मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई, विनय पटेल, आनंद मिश्रा रहे।

सुझाव पेटिकाएं भी लगाई जाएंगी

जनता के सुझाव हासिल करने के लिए केशव नगर स्थित भाजपा कार्यालय, लोकसभा केंद्रीय कार्यालय, सभी विधानसभा क्षेत्रों में सुझाव पेटिका भी लगाई जाएंगी। भाजपा के मोबाइल नंबर 9090902024 पर मिस्ड कॉल के साथ ही सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, और नमो एप पर अलग-अलग प्रावधान किया गया है। भाजपा सभी विधानसभाओं में संवाद कार्यक्रम करेगी तथा कोहोर्ट ग्रुप के माध्यम से विभिन्न व्यावसायिक, वाणिज्यिक और अपने-अपने क्षेत्र में प्रमुख लोगों से घोषणा पत्र के लिए सुझाव एकत्र करेगी। सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पूर्व संकल्प पत्र तैयार करने से पहले जनता से यह जानना जरूरी है कि अगले पांच साल में जनता देश को कैसा देखना चाहती है। जनाकांक्षाओं को देखते हुए भाजपा उसी के अनुसार अपना संकल्प पत्र भी जनता के सामने रखेगी। विकसित भारत मोदी का गारंटी रथ जनता से सुझाव जुटाने के साथ-साथ उन्हें भाजपा के साथ जोड़ने का भी काम करेगा। इसके तहत वीडियो वैन के माध्यम से विभिन्न वर्गों के साथ संवाद किया जाएगा और उनके सुझावों को संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। शिवराम सिंह, विधायक महेश त्रिवेदी, संकल्प पत्र सुझाव अभियान के क्षेत्रीय संयोजक मोहित पाण्डेय, जसविंदर सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, जितेंद्र सचान, अंकित शर्मा उपस्थित रहे।

कांग्रेसियों ने धरना देकर सरकार को कोसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। प्रदेश में बिगड़ी कानून-व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेसियों ने शनिवार को फूलबाग स्थित गांधी प्रतिमा पर धरना-प्रदर्शन किया। सभा में प्रदेश सरकार को कोसते हुए कहा गया कि सरकार का दावा फेल है। गुंडे और बदमाश जेल में नहीं हैं, दिन-दहाड़े बेखौफ होकर वारदातें कर रहे हैं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मायने में फेल साबित है। सरकार का कोई भी दावा सही नहीं है। प्रदेश सरकार दावा करती है कि प्रदेश के सभी गुंडे व बदमाश जेल के अंदर हैं, लेकिन फूलबाग से दिनदहाड़े एक बच्चे का अपहरण हो जाता है और पुलिस अभी तक उसकी खोज नहीं कर पाई है। घाटमपुर में लड़कियों ने अपने साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के बाद आत्महत्या कर ली। प्रदेश की जनता गुंडे व बदमाशों से परेशान होकर आत्महत्या कर रही है, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है। कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि प्रदेश में कहीं भी कानून-व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही है। जब तक कानून-व्यवस्था में सुधार नहीं आता है, कांग्रेसी विरोध जताते रहेंगे। बालक की खोज कमिश्नर ऑफिस जाकर ज्ञापन दिया।

धरना देते कांग्रेस नेता पवन गुप्ता, आलोक मिश्रा व अन्य कार्यकर्ता। अमृत विचार

अंबुज का लाइसेंस निलंबित होगा

कानपुर। शुक्रवार दोपहर कल्याणपुर थानाक्षेत्र में कांग्रेसी नेता अंबुज शुक्ला ने अपने बेटों और साथियों के साथ मिलकर भाजपा नेता के मनीष दिवाकर के कंस्ट्रक्शन कार्यालय में रिवॉल्वर लेकर कर्मचारियों के साथ मारपीट की थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले में पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की थी।

शनिवार को पुलिस ने अंबुज शुक्ला की लाइसेंसी रिवॉल्वर जब्त करने के साथ लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस मामले में रिपोर्ट तैयार कर पुलिस कमिश्नरेट को जल्द ही भेजी जाएगी। कल्याणपुर थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह ने बताया कि अंबुज शुक्ला का मेडिकल हिस्ट्री देखते हुए उनको थाने से ही छोड़ दिया गया था।

प्रत्याशी की जीत को सपा ने कसी कमर

विशेष संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सपा पदाधिकारियों व विभिन्न प्रकोष्ठों की शनिवार को हुई बैठक में कानपुर सीट से सपा-कांग्रेस गठबंधन के संभावित प्रत्याशी को जिताने के लिए सपाइयों ने कमर कसी। सपा कार्यालय नवीन मार्केट में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन के नेटवर्क का चुनाव जीतने में भरपूर उपयोग किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष फजल महमूद और संचालन शैलेंद्र यादव ने किया। बैठक में पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य, विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष व प्रकोष्ठ अध्यक्ष शामिल रहे।

हाजी फजल महमूद ने कहा कि सपा के जोन सेक्टर प्रभारी बूथ कमेटियां कमर कसकर चुनाव मैदान में उतरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बस, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की घोषणा होना बाकी है। सपा का एक-एक कार्यकर्ता पूरी गठबंधन के प्रत्याशी को चुनाव जिताकर इंडिया गठबंधन का परचम फहराएगा। सपा-कांग्रेस दोनों संगठन सामंजस्य बनाकर चुनाव मैदान में उतरेंगे। दोनों दलों के नेता और कार्यकर्ता टोलियां बनाकर नगर की पांचो विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर जनता से संपर्क स्थापित कर भाजपा सरकार की छात्र, नौजवान, किसान, जन विरोधी नीतियों से जनता को अवगत कराएंगे। बैठक में महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, आनंद शुक्ला, महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर, फकरे आलम अंसारी, अर्पित त्रिवेदी, दीपक खोटे, शादाब आलम, राहुल वर्मा, अरमान खान, सुलेखा यादव, सत्यनारायण गहरवार, नवीन जय, नीरज पप्पू मिर्जा, दीपा यादव, वरुण जायसवाल प्रदीप तिवारी, मुमताज मंसूरी, सुधीर बाजपेई रहे।

बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष फजल महमूद। अमृत विचार

भाजपा पार्षद का इस्तीफा वायरल

कानपुर। हाल में ही भाजपा में शामिल हुए वार्ड -4 ग्वालटोली के पार्षद अंकित मौर्य का शुक्रवार को पद से इस्तीफे का पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें लेटरहेड पर लिखा है कि बिजनेस को लेकर क्षेत्र में कार्य करने में असमर्थ हूं। इसे लेकर इस्तीफा दे रहा हूं। पार्षद ने इसे साजिश करार दिया है। थाने में शरारती तत्वों के खिलाफ शिकायत की है।

जानकारी देते पार्षद अंकित मौर्य।

10 दिन में मिलेगा बजट | यूरीडा ने नगर निगम का 193 .81 करोड़ रुपये का संशोधित सड़क निर्माण प्रोजेक्ट मंजूर किया

सीएम ग्रिड से पांच सड़कें बनने का रास्ता हुआ साफ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (सीएम ग्रिड) योजना के तहत शहर में बनने वाली पांच सड़कों के लिए 193.81 करोड़ रुपये का संशोधित बजट स्वीकृत हो गया है। यूरीडा (अरबन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट अथॉरिटी) ने इन सड़कों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। पहले भेजे गए प्रोजेक्ट में खामियों के बाद नगर विकास विभाग ने बदलाव के निर्देश दिए थे, इसके बाद भेजे गए फाइनल प्रपोजल को परीक्षण के बाद मंजूरी प्रदान कर दी गई। नगर निगम अधिकारियों को 10 मार्च तक बजट की पहली किस्त मिलने की पूरी उम्मीद है, इसके तुरंत बाद काम शुरू कर दिया जाएगा।

जोन 1 के अंतर्गत घंटाघर से ग्रीन पार्क चौराहा तक सड़क का निर्माण होना है।

आधुनिक तकनीक से होगा निर्माण

पहले भेजे गये प्रस्ताव में प्रोजेक्ट की लागत 180 करोड़ रुपये थी। लेकिन पोल शिफ्टिंग में केस्को के संशोधित आगणन तथा निर्माण में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किए जाने से संशोधित प्रोजेक्ट की लागत 193 करोड़ 81 लाख 91 हजार रुपये पहुंच गई। यूरीडा सीईओ की संस्तुति के बाद बजट जारी करने के लिए फाइल आगे बढ़ा दी गई है। अब शासन के आर्किटेक्ट्स डिजाइन और इस्टीमेट चेक करेंगे। इसके बाद फाइनेंशियल संस्तुति मिलते ही नगर निगम को बजट जारी हो जाएगा।

20 साल तक टिकाऊ रहेंगी सड़कें

सीएम ग्रिड की सड़कों के निर्माण में नगर निगम एक्स्ट्रा एडवांस सिविल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करेगा। इसमें इंटलरलॉकिंग की जगह स्टेंपड कांक्रीट लगाई जाएगी। रोड साइड रेलिंग, 7-वें मल्टी वायर यूटिलिटी डक्ट बनेंगे। इससे बार-बार खुदाई का झंझट खत्म हो जाएगा। सड़कों की चौड़ाई और मोटाई भी ज्यादा रहेगी। इससे हैवी लोड में भी सड़कें नहीं टूटेंगी। प्रपोजल तैयार करने वाली टेक्निकल टीम का मानना है जो सड़कें बनकर तैयार होंगी, वे 15 से 20 साल तक टिकाऊ रहेंगी। इसी कारण पहले भेजे प्रस्ताव और स्वीकृत लागत में फर्क आया है।

कांग्रेस आज शहर से प्रत्याशी पर बना सकती है अंतिम राय

विशेष संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भाजपा ने कानपुर से प्रत्याशी की घोषणा रोककर हलचल पैदा कर दी है। अब गठबंधन के सामने मुश्किल आ गयी है कि उसका प्रत्याशी कौन हो सकता है। भाजपा प्रत्याशी आने के बाद ही सपा गठबंधन प्रत्याशी घोषित करेगा। गठबंधन के एक भरोसेमंद सूत्र ने बताया कि रविवार को महागठबंधन की पटना में रैली के बाद कांग्रेस प्रत्याशी घोषित कर सकती है। अजय कपूर का नाम पर अंतिम राय बन सकती है। रैली में राहुल गांधी और अखिलेश यादव होंगे। दूसरी तरफ भाजपा खेमे में प्रत्याशी बदलने की चर्चा है। सतीश महाना के नाम पर अटकलों का बाजार गरम है। पचौरी के अलावा, सुरेंद्र मैथानी, ब्रजेश पाठक, दिनेश शर्मा, रमेश अवस्थी और वैश्यों में सलिल विश्नोई का नाम लिया जा रहा था। सपा सूत्र ने बताया कि यदि भाजपा ने किसी गैर ब्राह्मण को उतारा तो सपा अध्यक्ष हस्तक्षेप करके यहां से किसी कद्दावर ब्राह्मण को कांग्रेस के टिकट पर उतार सकते हैं। यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा के गैरब्राह्मण प्रत्याशी आने की सूरत में आर्यनगर विधायक अमिताभ वाजपेयी को ब्राह्मण चेहरा के रूप में कांग्रेस के टिकट से उतारा जा सकता है।

बारिश के साथ हवा में रफ्तार, फसलें हुईं बेजार

दलहनी और तिलहनी फसलों के साथ आलू को भी खासा नुकसान, तेज हवा के झोकों से खेतों पर गिर गई गेहूं की फसल

संवाददाता, शिवराजपुर

- शनिवार को दिन भर रुक-रुक कर होती रही बरसात
- किसानों को ऋण की अदायगी की सताने लगी चिंता

अमृत विचार: शुक्रवार रात से शुरू हुई बारिश शनिवार को दिन भर होती रही। बारिश के साथ ही तेज हवा के चलने से फसलों को खासा नुकसान होने की संभावना है। खेतों पर तैयार खड़ी तिलहनी फसलों को ज्यादा नुकसान दिख रहा है। हवा के झोकों से गेहूं की फसल भी खेतों पर गिर रही है, जिससे उत्पादन प्रभावित होना तय है। खेतों पर खुदा पड़ा आलू भी बारिश से बर्बाद होने की संभावना है।

इस समय खेतों पर आलू की खुदाई का काम जोरदारी से चल रहा है। तमाम किसानों का आलू खेतों पर खुदा पड़ा है, लेकिन अचानक बरसात शुरू होने से किसानों का सब काम बिगड़ गया है। इससे किसानों के चेहरे मुरझा गए हैं। किसानों का कहना है कि खेतों पर पानी भर जाने से आलू खराब हो जाएगा, जिससे किसानों को फसल का वाजिब मूल्य नहीं मिल पाएगा। बारिश से सड़न पैदा होने के साथ ही काला पड़ने का खतरा है।

इसके साथ ही सरसों और लाही की पकी फसल की कटाई जोरों पर चल रही है। धनिया की फसल भी पकी खड़ी है। बरसात ऐसे समय में शुरू हुई है, जब किसान फसल अपने घर लाने की तैयारी कर रहा है। बेमौसम बारिश से बड़े पैमाने पर आर्थिक रूप से नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इससे किसानों के सामने किसान क्रेडिट कार्ड से लिया गया ऋण अदा करने की मुश्किलें आएंगी। उन्हें इस बात का डर सता रहा है कि अगर फसल बर्बाद हो गई तो किसान क्रेडिट कार्ड पर लिया गया बैंकों से पैसा कैसे अदा किया जाएगा।

बरसात में खेत पर भीग रहे आलू को ट्रैक्टरों से ढोने लगे किसान। अमृत विचार

अभी तक आलू की सिर्फ 40 फीसदी ही हुई खोदाई

जगदीशपुर गांव के किसान आकाश कटियार, विकास कटियार, लल्लन, लालू कटियार आदि ने बताया कि आलू की फसल के लिए पानी जहर के समान है। आलू फसल की खुदाई करीब एक हफ्ते पहले ही शुरू हुई है। अभी सिर्फ 40 फीसदी ही खोदाई हो पाई है। खेतों पर खुदी पड़ी आलू और खुदाई के लिए तैयार आलू बर्बाद होने की संभावना है। किसानों का कहना है कि जब फसल को घर लाने का समय आया तब कुदरत की मार से नुकसान हो रहा है।

चना- सरसों की फसल सड़ने की नौबत

सरसौल। शनिवार सुबह से रुक-रुक कर बारिश और तेज हवा की वजह से गेहूं और तिलहन के साथ दलहन की फसल को भी नुकसान होने की संभावना है। तेज हवा से जहां गेहूं की फसल गिरने और फिर बारिश का पानी खेतों पर भरने के कारण फसल सड़ने का खतरा है वहीं मटर और चना के अलावा सरसों की फसल भी सड़ सकती है। अभी अगले कुछ दिन बारिश और ओलावृष्टि के अलर्ट ने किसानों के माथे पर लकीरें खींच दी हैं।

खेतों पर भर गया पानी किसानों की उम्मीदें धुलीं

बिल्हौर। 20 फरवरी को भारी ओलावृष्टि से एक और तहसील क्षेत्र के ककवन व बिल्हौर ब्लाक के किसानों को बेदम कर दिया था। शनिवार को फिर बारिश से किसानों की उम्मीदें पूरी तरह टूट रही हैं। गेहूं की फसल लगभग तैयार होने को है। ऐसे में बारिश ने एक बार फिर किसानों के चेहरे पर मायूसी छा दी है। शनिवार की सुबह से ही ककवन व बिल्हौर क्षेत्र में बारिश होती रही। खेतों पर पानी भर गया है। लाही और आलू की फसलों के लिए नुकसानदेह है। बिल्हौर क्षेत्र में आलू की सबसे अधिक पैदावार है, लेकिन मौसम की बेरुखी से इस बार आलू बर्बाद हो रहा है, जिससे इसके दाम आसमान छुएंगे। अच्छी पैदावार न होने के कारण आलू किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा।

तेज आंधी में बिजली का खंभा टूटा, हाईवे पर लगा जाम

बिधनू। बिधनू कस्बे में शुक्रवार देर रात तेज आंधी में बिजली का पोल बीच हाईवे पर गिर गया। हालांकि रात में हाईवे पर चहल-पहल कम होने से बड़ा हादसा टल गया। पोल गिरने के बाद स्थानीय लोगों ने सब स्टेशन को सूचना देकर बिजली आपूर्ति बंद कराई। इसके बाद कर्मचारियों ने गिरे हुए पोल के तार खोल कर बीच हाईवे से हटाया। इस दौरान दोनों तरफ करीब पांच किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। पोल हटने के बाद पुलिस ने एक-एक कर वाहनों को निकाल कर यातायात बहाल कराया। शनिवार को सुबह से ही बिजली कर्मचारी लाइन दुरुस्त करने में जुट गए। अवर अभियंता विशाल जायसवाल ने बताया कि नया पोल लगाकर लाइन दुरुस्त करने के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

10 हजार किसानों को शीघ्र मिलेगा मुआवजा

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर

- तहसील प्रशासन की ओर से फसलों का कराया गया सर्वे
- बिल्हौर तहसील क्षेत्र के 41 गांवों के किसान पाएंगे लाभ

अमृत विचार: 20 फरवरी को भारी ओलावृष्टि और बारिश से ककवन क्षेत्र के दर्जनों गांवों की फसलें चौपट होने के बाद तहसील प्रशासन की ओर से कराए गए सर्वे के अनुसार लगभग 41 गांवों के किसान प्रभावित हुए हैं, जिन्हें अब मुआवजा दिया जाएगा। तहसील प्रशासन की ओर से बनाई गई सूची में ककवन और बिल्हौर ब्लाक के 41 राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। इनमें ककवन ब्लाक के ज्यादा गांव हैं।

तहसीलदार तिमराज सिंह ने बताया कि ओलावृष्टि के बाद क्षेत्रीय लेखपालों के जरिए गांवों में सर्वे कराया गया था। इस सर्वे के आधार पर ही प्रभावित सभी गांवों को आपदा ग्रस्त के रूप में चिह्नित किया गया है। इन सभी गांवों के हल्का लेखपालों को किसानों के जरूरी दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही सभी दस्तावेज इकट्ठा कर किसानों को आर्थिक सहायता दिलाए जाने का प्रयास किया जाएगा।

पूरे क्षेत्र में 10 हजार से अधिक किसानों को आर्थिक सहायता मिलने की उम्मीद है। हालांकि अभी शासन की ओर से यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मुआवजा देने में क्या नीति अपनाई जाएगी। यानी किस हिसाब से किस फसल का कितना मुआवजा दिया जाएगा। फसलों में भारी नुकसान के बाद किसान सरकार की ओर आस लगाकर मुआवजे के लिए टकटकी लगाए बैठे हैं।

किसानों का कहना है कि अगर जल्द ही मुआवजा मिल जाता है तो उनकी कुछ आर्थिक दिक्कतें दूर हो सकती हैं। ज्यादातर किसानों का कहना है कि फसल की पैदावार से ही उनकी गृहस्थी चलती है। फसल से होने वाली आय के बल पर ही वह बैंक से ऋण आदि लेकर किसानी करते हैं, लेकिन मौसम की मार ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। विषधन क्षेत्र के कई गांवों में किसानों ने खेत पर बर्बाद होकर खड़ी फसल को ट्रैक्टर से जोत दिया है। मौसम की मार से फसलों को भारी नुकसान के चलते तमाम किसान सदमे में भी हैं।

ककवन ब्लाक के इन गांवों को मिलेगा लाभ

औरोताहारपुर, कसिगवां, रहीमपुर विषधन, शाहपुर दुलू, मैदों, खरपतपुर न्यूरोखेड़ा, उदयभानपुर, जहिरा, कुरौली, ककवन, हालामऊ, खेरवा मौजमपुर, मुनौव्वरपुर, उड्डा, सलेमपुर, इब्राहिमपुर रौंस, बिहारीपुर, दाउदपुर शामिल हैं।

बिल्हौर ब्लाक के ये गांव

बिल्हौर ब्लाक के बैंडी अलीपुर, गदनपुर चोरसा रानेपुर, उत्तरी, लालपुर, सैंबसू, औरंगपुर शांभी, सरिगवां, डोड़वा, जमौली, शिवपुरी, अर्जुनपुर, रामपुर, शिवराजपुर, औरावरी, राढ़ा, देवीपुर सराय, जैसरमऊ, राधन जैसे शिवराजपुर ब्लॉक से सटे गांव भी लिए गए हैं।

परिवार गया था खेत युवती ने लगाई फांसी

बिधनू: बिधनू थाना क्षेत्र के मझावन चौकी के अंतर्गत दलेलपुर गांव में शनिवार की सुबह एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने घर के आंगन में दुपट्टे से फंदा बनाया और फिर उसी में लट गई। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

दलेलपुर गांव के रहने वाले कल्लू पासवान पुत्र मैकू पासवान ने शनिवार की सुबह करीब 10 बजे मझावन पुलिस चौकी में एक फौती सूचना दी कि उसकी 19 वर्षीया बेटी अर्चना ने घर में अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और फिर आंगन के जाल में दुपट्टे से फंदा बनाकर लटक गई। दरवाजा नहीं खुलने पर जब परिवार वालों ने छत से आंगन में झांक कर देखा तो वह फंदे पर लटक रही थी। मामले की सूचना मिलते ही मझावन चौकी इंचार्ज गीता सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचीं और प्रारंभिक छानबीन की। उन्होंने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। फोरेंसिक टीम के पहुंचने और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के बाद शव का पंचायतनामा भरा गया और फिर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। चौकी प्रभारी गीता सिंह का कहना है कि परिवार वाले आत्महत्या की कोई वजह नहीं बता सके हैं।

घाटमपुर के लौकहा में अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के लौकहा में शनिवार को अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण करने पहुंचीं घाटमपुर विधायक सरोज कुरील और ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मॉडल राशन की दुकानों से ग्रामीणों को खासी सहूलियत मिलेगी।

घाटमपुर विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत लौकहा में खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से मॉडल राशन दुकानों का निर्माण कराया गया है। विधायक सरोज कुरील ने बताया कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश में 1100 ऐसी राशन दुकानों का निर्माण कराया है, जहां राशन कार्डधारकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और खाद्य एवं रसद मंत्री ने वर्चुअल तरीके से एक साथ उद्घाटन किया है। घाटमपुर विधायक सरोज कुरील व घाटमपुर ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह ने लौकहा में राशन की मॉडल दुकानों का लोकार्पण किया। बीडीओ चंद्रमणि, ग्राम प्रधान अजब सिंह यादव, कोटेदार रामविलास दिवाकर, रामगोपाल सिंह, विनोद कुमार सिंह राजावत, एपीओ एवं एडीओ पंचायत विनोद कुमार झा आदि रहे।

अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण करतीं विधायक सरोज कुरील। अमृत विचार

कानपुर व लखनऊ टीम का बेहतर प्रदर्शन

कानपुर। खेल निदेशालय के ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता के पहले दिन कानपुर और लखनऊ ने शानदार प्रदर्शन किया। ग्रीनपार्क में प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद सत्यदेव पचौरी ने किया। प्रतियोगिता में दस टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहले दिन तीन मुकाबले खेले गए। जिसमें लखनऊ ने मिर्जापुर को 1-0 से हराया। दूसरे मैच में कानपुर देहात और फतेहपुर के मध्य 1-1 से मुकाबला ड्रा रहा। तीसरे मैच में कानपुर नगर ने आगरा को 5-2 से पराजित किया।

टीएसएच के खिलाड़ी होंगे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी व नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने शनिवार को द स्पोर्ट्स हब में चौथे चरण के प्रशिक्षण शिविर के लिए चुने गये ईडब्ल्यूएस खिलाड़ियों के सिलेक्शन ट्रायल का निरीक्षण किया। सिलेक्शन ट्रायल के लिये 11 इंडोर खेलों के 327 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, इसमें से तीन सौ ईडब्ल्यूएस खिलाड़ियों का चयन प्रशिक्षण के लिये किया जाना है। नगर आयुक्त ने कहा कि टीएसएच के होनहार ईडब्ल्यूएस खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। यहां ईडब्ल्यूएस खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने की योजना चल रही है। ईडब्ल्यूएस खिलाड़ियों को इंटरनेशनल लेबल का प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को तराश कर राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाया जा रहा है। सिलेक्शन ट्रायल के पहले दिन खिलाड़ियों को फिजिकल टेस्ट किया गया जबकि तीन मार्च को कल खेलों का स्किल टेस्ट किया जायेगा। द स्पोर्ट्स हब के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव गर्ग ने बताया कि चौथे चरण के प्रशिक्षण के लिये कुल 385 फार्म प्राप्त हुये थे। इनमें 327 ईडब्ल्यूएस खिलाड़ियों को चुना गया है।

होनहार खिलाड़ियों के साथ नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

हमला करने वाला गिरफ्तार, गया जेल

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के गोपालपुर नर्वल गांव में जमीन के विवाद को लेकर फरसे से चाचा पर हमला करने वाले भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गोपालपुर निवासी ओम नारायण तिवारी उर्फ बड़े तिवारी का अतुल उर्फ चक्रधारी से जमीन का विवाद चल रहा था। अतुल ने फरसे से हमला कर चाचा ओमनारायण तिवारी को गंभीर रूप से जख्मी कर मौके से भाग गया था। पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा था और मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। शनिवार को बिरहर तिराहे से आरोपी को पकड़कर फरसा को बरामद कर लिया।

बिल्हौर से अयोध्या की राह आसान

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार: मिश्रिख सांसद अशोक रावत की पहल पर बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर फर्रुखाबाद से छपरा तक जाने वाली उत्सर्ग एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव शुरू हो गया। शनिवार को सांसद ने प्रथम ठहराव पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मिश्रिख सांसद ने बिल्हौर क्षेत्र की जनता की मांग पर चार ट्रेनों के ठहराव के लिए प्रस्ताव रेल मंत्रालय को भेजा था। उनके प्रयास के बाद दो ट्रेनों का ठहराव पहले ही शुरू हो गया था। शेष दो ट्रेनों की विभाग से अनुमति मिलने के बाद शनिवार से बिल्हौर स्टेशन पर फर्रुखाबाद से कानपुर सेंट्रल अयोध्या होते हुए छपरा तक जाने वाली उत्सर्ग एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव शुरू हो गया। शाम चार बजे यहां पहुंची उत्सर्ग एक्सप्रेस को सांसद अशोक रावत, जेपी कटियार, रवि बाजपेई,गुड्डू सिंह, नीलकमल सिंह चौहान, शिवांश चंदेल, कमल मिश्रा, शशांक मिश्रा ,बबलू अग्निहोत्री, विशाल सैनी विक्रम मिश्रा , मनोरमा कठेरिया, मोनू सिंह तोमर आदि ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। दूसरी साप्ताहिक ट्रेन बांद्रा टर्मिनल एक्सप्रेस छह मार्च से बिल्हौर स्टेशन पर ठहराव हो जाएगा।

सांसद अशोक रावत ने उत्सर्ग एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी। अमृत विचार

डीएम व सीडीओ ने देखा ब्लाक का हाल

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: डीएम राकेश कुमार सिंह व सीडीओ सुधीर कुमार ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। बाउंड्री के आसपास और ब्लाक परिसर में गंदगी पर खंड विकास अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए सफाई रखने के निर्देश दिए।

घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने जिलाधिकारी राकेश सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार के साथ बैठक कर तहसील परिसर में विधायक निधि से स्थाई तिरंगा झंडा लगाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने घाटमपुर गौशाला को लेकर भी चर्चा की। नगर पालिका के ईओ ने स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि 23-24 फरवरी को टेंडर जारी कर दिए गए हैं। इस महीने में टेंडर खुल जाएंगे। विधायक सरोज कुरील ने प्रमुख समस्याओं पर चर्चा करते हुए समाधान कराने पर जोर दिया।

डीएम राकेश सिंह ने एसडीएम से दो टूक शब्दों में कहा कि तहसील ठीक नहीं है। यहां कोई नियंत्रण नहीं है। लोगों से अच्छा व्यवहार करें और हर महीने तहसील कैंपस की सफाई पर विशेष ध्यान दें।

खुद को सर्वश्रेष्ठ समझना सबसे बड़ी भूल

संवाददाता, चौबेपुर

अमृत विचार: अगर कोई व्यक्ति स्वयं को सर्वश्रेष्ठ मानता है, तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। जहां अहंकार का वास होता है वहां नमृता, बुद्धि, विवेक और चातुर्य जैसे गुण विद्यमान नहीं होते। व्यक्ति को अहम भाव का त्याग कर विनम्रता व सद्भाव से जीवन जीने का प्रयत्न करना चाहिए। यह विचार कस्बे के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के पांचवें दिन शनिवार को आचार्य ज्ञानेश जी महाराज ने भक्तों को सुनाए। इस दौरान उन्होंने राम-सीता विवाह का सुंदर वर्णन कर माहौल को आनंदमय बना दिया।

कथा सुनाते आचार्य ज्ञानेश महाराज।

श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में चल रही श्री राम कथा में आचार्य ज्ञानेश जी महाराज ने बताया कि अहंकारी व्यक्ति स्वयं को सर्वज्ञ व सर्वगुण संपन्न मानता है।वह कभी दूसरे के अनुभवों से सीखने व उन्हें जीवन में अपनाने का प्रयास नहीं करता, जिसके कारण हमेशा उसे नुकसान ही पहुंचता है। उन्होंने राम और सीता के विवाह का रोचक वर्णन सुनाया। बताया कि सीता ,राजा जनक की पुत्री थीं। एक बार माता सीता ने अनजाने में भगवान शिव जी का धनुष उठा लिया। जिसे परशुराम के अलावा कोई अन्य नहीं उठा सकता था। यह देख राजा जनक ने निश्चय किया कि जो भी शिवजी का धनुष उठा पाएगा, पुत्री सीता का विवाह वह उसी के साथ करेंगे। इसके बाद सीता के स्वयंवर की घोषणा कर दी गई। दशरथ पुत्र राम भी अपने छोटे भाई लक्ष्मण और गुरु विश्वामित्र के साथ उस स्वयंवर में पहुंचे। स्वयंवर में मौजूद तमाम वीर राजकुमार शिव जी के धनुष को उठाना तो दूर उसे मौके से हिला तक नहीं पाए। आखिर गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान राम ने ऐसा कर दिखाया। जैसे ही उन्होंने शिव का धनुष उठाया, उसके दो टुकड़े हो गए। यह देख मौके पर मौजूद हर कोई हैरान रह गया। इस तरह से सीता का विवाह प्रभु श्री राम से हुआ। इस दौरान आचार्य ने श्री रघुवर कोमल चरण कमल को पहनाओ जयमालभजन सुनाकर माहौल को पूरी तरह से आनंद से भर दिया। श्री संकट मोचन हनुमान सेवा समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष व कार्यक्रम आयोजक लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश त्रिपाठी ने बताया कि कथा श्रवण के लिए दिन-ब-दिन यहां श्रोताओं की भीड़ बढ़ रही है। रात्रि के समय होने वाली श्रीकृष्ण लीला को देखने के लिए भी बड़ी संख्या में दर्शक यहां पहुंच रहे हैं।

सार-संक्षेप

खाटू श्याम बाबा के कीर्तनों में झूमें भक्त

कानपुर। करने वाला श्याम, कराने वाला श्याम संस्था की ओर से शनिवार को प्रथम उत्सव एक शाम खाटू वाले का नाम का आयोजन किया गया। बिरहाना रोड स्थित कराचीखाना के राजस्थान भवन में आयोजित कार्यक्रम में सिंगर सोनू सुरीले, महिमा पांडेय, शिवम वर्मा, यश दुबे ने बाबा खाटू नरेश के कीर्तनों से माहौल भक्तिमय कर दिया। देर शाम शुरू हुये उत्सव में खाटू श्याम बाबा के कीर्तनों के साथ ही झांकी हुई। जिसमें जयकारों के बीच भक्त झूम उठे। मीडिया प्रभारी अमन ओमर ने बताया कि देर रात तक बाबा की इच्छा तक भजनों पर भक्त हाजरी लगाते रहे।

खाटू श्याम बाबा का शृंगार। अमृत विचार

स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित

कानपुर। शहर में वित्तीय उत्पादों के वितरण से जुड़े राजीव सिंह को स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मानेसर (गुडगांव) में सम्मानित किया गया। राजीव सिंह शेयर बाजार, म्यूच्यूअल फंड जैसे आर्थिक मामलों की भी अच्छी समझ रखते हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य बीमा को खर्च के बजाय अपने बचत और निवेश की सुरक्षा के तौर पर देखा जाना चाहिए। अमृत विचार के माध्यम से भी राजीव सिंह निवेश और वित्तीय साक्षरता के विषयों पर अपनी प्रतिक्रिया देते रहते हैं।

पुरस्कार के साथ राजीव सिंह। अमृत विचार

बारिश ने रोका इनकम टैक्स बार का टी-20 मैच

कानपुर। इनकम टैक्स बार एसोसिएशन कानपुर व लखनऊ के बीच शनिवार को कमला क्लब में लाला बैजनाथ प्रसाद मेमोरियल टी-20 मैत्री मैच खेला गया। टॉस जीतकर कानपुर टीम के कप्तान आनंद गुप्ता ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। लेकिन बारिश होने से मैच बगैर नतीजे के रोक दिया गया। कानपुर टीम ने 16 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए थे।

खो-खो ट्रायल में पहुंचे 35 खिलाड़ी

कानपुर। माती स्पोर्ट्स स्टेडियम कानपुर देहात में 6 से 8 मार्च तक होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता के लिए खेल निदेशालय की ओर से जिला खो-खो टीम का चयन सीएसजेएमयू में किया गया। जिसमें जिले के 35 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

तहसील समाधान दिवस | अधिकारियों के सामने कुल 105 शिकायतें आईं, सिर्फ चार समस्याओं का ही हो सका निस्तारण

घाटमपुर में डीएम, सीडीओ ने सुना फरियादियों का दर्द

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: शनिवार को तहसील समाधान दिवस में डीएम राकेश कुमार सिंह और सीडीओ सुधीर कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां कुल 105 शिकायतें आईं, जिनमें से सिफ चार का ही निराकरण किया जा सका।

डीएम राकेश कुमार सिंह व सीडीओ सुधीर कुमार ने समस्याएं सुनकर अधीनस्थ अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। सबसे अधिक 40 शिकायतें राजस्व विभाग की पहुंचीं। पुलिस की 26, ब्लाक की 14, नगर पालिका की पांच, कृषि की तीन, स्वास्थ्य की तीन, चकबंदी, डूडा की दो-दो, जल निगम की चार, आरटीओ, बैंक की एक, विद्युत की चार शिकायतें आईं।

गोपालपुर की बिटान देवी ने बताया कि उसके बेटे अवधेश की दिसंबर में सड़क हादसे में मौत हो गई थी, लेकिन मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का लाभ अभी तक नहीं मिला है।

घाटमपुर तहसील समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम राकेश कुमार सिंह।

कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में नहीं बनेगी मार्केट

समाधान दिवस में मां कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में मार्केट का मुद्दा उठा। भाजपा नेता दलजीत सिंह व सुधीर कुमार मिश्रा की शिकायत पर डीएम ने खुद मौके पर जाकर छानबीन की। गाटा संख्या 50 पर्यटन विभाग व कुष्मांडा देवी मंदिर के नाम दर्ज है। डीएम ने ईओ महेंद्र कुमार को फटकार लगाते हुए कहा कि पर्यटन विभाग व मंदिर कमेटी की अनुमति के बिना कोई कार्य नहीं कराया जा सकता है। उन्होंने निर्माण सामग्री हटाने के निर्देश दिए और कहा कि नवरात्र के पहले व्यवस्था दुरुस्त की जाएं।

नर्वल तहसील में महज दो शिकायतों का हुआ हल

सरसौल। नर्वल तहसील के समाधान दिवस में इस बार भी निस्तारण की संख्या नगण्य रही। पिछले समाधान दिवस में डीएम राकेश कुमार सिंह ने गंभीरता बरतने के निर्देश दिए थे, लेकिन कुछ नया देखने को नहीं मिला। कुल 55 शिकायतें आईं, जिनमें सिर्फ दो का हल हो सका। यहां राजस्व से जुड़ी 27, ब्लॉक से जुड़ी10, पुलिस की 6, चकबंदी से जुड़ी 3, बिजली विभाग से जुड़ी 2, समाज कल्याण से 2 जबकि कृषि और राशन विभाग से जुड़ी एक-एक शिकायत रही। यहां एसडीएम ऋषभ वर्मा, एसीपी चकेरी दिलीप कुमार सिंह के साथ तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि रहे।

सेमीफाइनल मुकाबले में आज भिड़ेंगी यूपी-मुंबई

कानपुर। अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी का सेमीफाइनल मुकाबला रविवार से शुरू हो रहा है। यह मुकाबला यूपी व मुंबई टीम के खिलाड़ियों के लिए अहम है। शनिवार को दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जमकर नेट प्रैक्टिस की। हालांकि शनिवार को हो रही बारिश के कारण खिलाड़ियों की प्रैक्टिस में बाधा आती रही। यूपी के खिलाड़ी काली मिट्टी से बनी पिच से अच्छी तरह वाकिफ हैं। मुंबई के खिलाड़ियों ने पिच को समझने की कोशिश की।

अनियंत्रित बाइक फिसलने से युवक की मौत, दो घायल

तिलक में शामिल होकर दिल्ली की बस पकड़ने जाते समय हादसा

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

अमृत विचार। बेहटा मुजावर थानांतर्गत माखन खेड़ा गांव के पास देररात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। पुलिस सभी को सीएचसी लाई। जहां मौजूद डाक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं दिवंगत युवक के पिता ने साथियों पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया है।

बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के रानीपुर ग्रंट गांव के मजरा गोपीखेड़ा निवासी रामभजन (29) पुत्र कामता प्रसाद नई दिल्ली में एक फैक्ट्री मालिक की कार चलाता था। गांव निवासी अपने मित्र धीरज के तिलक में शामिल होने वह गुरुवार सुबह दिल्ली से आया था। शुक्रवार को कार्यक्रम में शामिल होने बाद वह गांव के पुष्पेंद्र पाल व शैलेंद्र के साथ बाइक से लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बस पकड़ने को निकला था। संडीला-बांगरमऊ रोड पर माखन खेड़ा गांव के पास सड़क किनारे निर्माणाधीन नाले की मिट्टी में बाइक फिसल गई। इसमें तीनों युवक गंभीर घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने रामभजन को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य दोनों युवकों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। दिवंगत युवक के पिता ने दोनों साथियों पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगा सीएचसी में हंगामा किया। मृतक की पत्नी सोनी की 11 साल पहले बीमारी से मौत हो चुकी है। उसकी दूसरी शादी रेशू से हुई थी। पहली पत्नी से दो बेटे आकाश व विकास है। दूसरी पत्नी से बेटी मुस्कान है। उसकी मौत से मां जयदेवी व परिजन बेहाल हैं। एसओ फूल सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में मौत हुई है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रामभजन।

जेल में बंद दुष्कर्म के आरोपी की हालत बिगड़ने से मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- जिला जेल में दुष्कर्म के आरोप में उसे 30 नवंबर 2023 को भेजा गया था जेल

अमृत विचार। जिला कारागार में तीन माह से बंद एक अधेड़ की देररात अचानक हालत बिगड़ी गई। इस पर उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर वीडियो ग्राफी के बीच पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

चंद्रशेखर।

बता दें कि चंद्रशेखर (55) निवासी महात्मा विधी कालेज के सामने मोहल्ला शांति नगर, थाना कोतवाली जिला फतेहपुर पाटन तहसील में कर्मचारी थे। बीते नंबर माह में एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बिहार पुलिस ने 30 नवंबर 23 को गिरफ्तार कर चंद्रशेखर को कोर्ट में पेश किया था। तब से वह जिला जेल में बंद थे। उसका केस सीजेएम कोर्ट में विचाराधीन था। बीती 20 फरवरी को उनका स्वास्थ्य बिगड़ने पर जेल के अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। बीती देररात सीने में उठे अचानक दर्द और सांस लेने में दिक्कत की शिकायत पर उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जेल में हुई बंदी की मौत से उसका वीडियो ग्राफी के बीच शनिवार को पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

सवारी बैठाने पर भिड़े ई रिक्शा चालक

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- आधे घंटे तक मारपीट होने के बावजूद थाना पुलिस मौके पर नहीं पहुंची
- मारपीट से फोरलेन पर जाम लगने के कारण वाहन सवारों को दिक्कतें उठानी पड़ी

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली के सामने पोनी रोड तिराहे के पास शनिवार शाम सवारियां बैठाने को लेकर कानपुर और शुक्लागंज के कई रिक्शा चालकों के बीच विवाद हो गया। जिस पर दर्जनों ई रिक्शा चालकों की भीड़ आ गई और मारपीट होने लगी। आधे घंटे तक मारपीट होने के बावजूद पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। जिस कारण फोरलेन पर जाम की स्थिति बनी रही।

शनिवार शाम करीब चार बजे मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा ढाल के पास रहने वाले कुछ ई रिक्शा चालक पोनी रोड तिराहे के पास खड़ी सवारियों को अपने ई रिक्शे में बैठाने लगी। तभी कानपुर झाड़ी बाबा पड़ाव के रहने वाले ई रिक्शा चालकों ने विरोध किया। जिस पर गाली गलौज शुरू हो गई। कुछ ही देर में दोनों गुटों के बीच फोरलेन पर मारपीट शुरू हो गई।

पोनी रोड तिराहे पर ई-रिक्शा चालकों में होती मारपीट। अमृत विचार

मारपीट को देख महिलाएं भी पहुंच गई और वह भी बीच बचाव करने लगी। आधे घंटे तक पिकेट प्वाइंट के पास मारपीट होने के बावजूद पुलिस को कोई नुमाइंदा मौके पर नहीं पहुंचा।

जिस कारण फोरलेन पर जाम लग गया। जाम लगने के कारण वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। महिलाओं ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। इस दौरान ई रिक्शा चालक एक दूसरे को धमकी देते हुये मौके से चले गये।

एक नजर

पत्र भेज रमजान पर बिजली, पानी, सफाई की मांग

शुक्लागंज उन्नाव। रमजान माह को देखते हुये गंगाघाट क्षेत्र में रहने वाले रजा इस्लामिक मिशन के मौलाना ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मुस्लिम क्षेत्रों में साफ सफाई, बिजली, पानी, रोशनी की व्यवस्था कराये जाने की मांग की है।रजा इस्लामिक मिशन के मौलाना तहसीन रजा कादरी ने मुख्यमंत्री और पालिका को पत्र भेजते हुये बताया कि रामजान माह को देखते हुये क्षेत्र के गोताखोर, ईदगाह कॉलोनी, कर्बला, हुसैन नगर, सैय्यद कम्पाउंड के अलावा अन्य मुस्लिम क्षेत्रों में साफ सफाई कराई जाये। जिसाथ ही पानी की पूर्ति हो, खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटें लगवायी जाये। वहीं अफ्तार के समय बिजली कटौती न हो।

खराब खड़े लोडर में पीछे से टकराई वैन, एक घायल

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव मिश्रीगंज के पास खराब खड़े लोड़र में पीछे से एक वैन टकरा गयी। जिससे कार सवार अर्जुन निवासी चमरौली को गंभीर चोटें आ गईं। पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा। जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

डंपर ने अचानक ब्रेक लगाया, भिड़ी दो कारें, विवाद के दौरान लगा जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। शनिवार दोपहर लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहे एक डंपर चालक ने जाजमऊ चौकी के पास अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे दो कारें डंपर में घुस गई। इस बीच कार में सवार लोग बाल बाल बच गये। वहीं वाहन क्षतिग्रस्त होने से चालकों के बीच विवाद हो गया। बीच सड़क पर क्षतिग्रस्त वाहन खड़े होने के कारण हाइवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

शनिवार दोपहर करीब तीन बजे एक खाली डंपर कानपुर की ओर जा रहा था, जैसे ही वह जाजमऊ चौकी के पास पहुंचा, तभी उसने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे त्रिभुवन खेड़ा निवासी कार चालक बच्चे और परिवार के साथ एक बारात में शामिल होने जा रहा था, उसकी कार डंपर के पीछे घुस गई और कार क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे कई लोग बाल-बाल बच गये। इसी बीच पीछे से आई दूसरी कार भी कार के पीछे घुस गई। तीन वाहनों की आपस में टक्कर होने से चालकों में विवाद हो गया। जिससे आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। वहीं बीच सड़क पर क्षतिग्रस्त वाहन खड़े होने से हाइवे पर जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम को देख पहुंची जाजमऊ चौकी पुलिस ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। जिसके बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे खड़ा किया गया। जिसके बाद वाहन रेंगते हुये निकले। इस दौरान देर शाम तक हाइवे पर जाम की स्थिति बनी रही।

हाइवे पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

- खाली डंपर कानपुर की ओर जा रहा था

पत्नी पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की एफआईआर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- 28 फरवरी को दिव्यांग पति ने की थी आत्महत्या

अमृत विचार। अचलगंज थानांतर्गत हड़हा गांव में दिव्यांग युवक के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना गुजरात से लौटे पिता ने बहू पर बेटे को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं माता-पिता के आने पर घटना के चौथे दिन युवक के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

बता दें कि अचलगंज क्षेत्र के हड़हा में नंद किशोर उर्फ बबलू पुत्र सुखलाल ने बीती 28 फरवरी रात की घर में फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली थी। दादी ने सुबह शव लटका देख शोर मचाया था। पड़ोसी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। उसके माता-पिता गुजरात में रहते हैं। बेटे की मौत की सूचना पर शुक्रवार रात घर पहुंचे और इकलौते बेटे का शव देख बिलख उठे। पिता ने अचलगंज पुलिस को तहरीर देकर बहू के विरुद्ध बेटे को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। वहीं शनिवार को घटना के चौथे दिन क्षेत्र के बलाई घाट पर शव का अंतिम संस्कार किया गया। पिता सुखलाल ने बताया कि उसके बेटे बबलू की दूसरी शादी बलाई निवासी हीरालाल की बेटी अनीता से हुई थी। अनीता की भी यह दूसरी शादी थी।

आरोप है कि अनीता ससुराल कभी-कभी आती थी और बेटे को मानसिक रूप से परेशान करती थी। 21 फरवरी को वह पति को छोड़ गयी और दूसरे से शादी कर ली थी। इससे बेटा आहत था। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। अनीता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

सार-संक्षेप

बैठक में मौजूद पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

भारत उन्नयन समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों की सूची जारी

उन्नाव। भारत उन्नयन समिति द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी की पहली बैठक शनिवार को शहर स्थित एक हास्पिटल में आयोजित हुई। इसमें मौजूद पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष देवेश प्रताप सिंह ने की। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को एक-दूसरे से परिचय कराया। प्रदेश अध्यक्ष ने संस्था पदाधिकारियों व सदस्यों को संस्था के विस्तारीकरण के तहत जिला, तहसील, ब्लॉक, ग्राम व नगर स्तर पर कमेटियों के गठन पर बल दिया। इसके बाद संस्था की प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के नामों की सूची जारी की। इसमें देवेश सिंह प्रदेश अध्यक्ष, डा. सर्वेश वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, कमल वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र पांडेय प्रदेश महासचिव, मधू कोषाध्यक्ष, शशिकांत गुप्ता व विकास नारायण गुप्ता को सदस्य बनाया गया है।

हाथों में लगी मेहंदी दिखातीं छात्राएं। अमृत विचार

छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

बांगरमऊ। नगर क्षेत्र के लखनऊ रोड स्थित रचना श्री जूनियर हाईस्कूल में प्राइमरी वर्ग की छात्राओं द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने हाथों में अलग-अलग बनावट की मेंहदी रचाकर प्रदर्शित किया। विद्यालय प्रबंधक अरविंद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में स्कूल की अरबिया, वैष्णवी, सनम, इकरा, अनन्या व जैनब आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

नगर पंचायत कर्मियों से मारपीट का आरोप

उन्नाव। बीघापुर नगर के पंचायत के तैनात सफाई कर्मी अन्य कर्मियों से बोर्ड सदस्य के बेटे पर साथियों के साथ मारपीट के आरोप लगे हैं। सफाई कर्मी ने चार लोगों पर गालीगलौज, सरकारी कार्य में बाधा व दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बीघापुर के शास्त्री नगर निवासी नंदकिशोर धानुक नगर पंचायत में सफाई कर्मी है। पुलिस को दी गई तहरीर में उसने आरोप लगाया कि उसे गुरुवार रात 11 बजे कार्यालय के विद्युत कर्मी राजू ने फोन कर बारात शाला की लाईट ठीक कराने में सहयोग के लिए बुलाया था। बारात शाला पहुंचने पर नगर पंचायत के मोहाल नागेश्वर नगर की बोर्ड सदस्य मंजूलता के बेटे नरेंद्र मिश्रा उर्फ बिक्की तथा शिवम बाजपेई ने उससे अपने घर की तरफ की बिजली ठीक न करने की बात कहते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। जिसका विरोध करने पर मारपीट करने लगे।

पत्नी ने एफआईआर दर्ज कराई, पति ने फांसी लगाई

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- बांगरमऊ के गांव बेरिया गाड़ा के मजरा सिंघूपुर का मामला
- कुछ दिनों पूर्व उसकी पत्नी उसे छोड़ मायके चली गई थी

अमृत विचार। पत्नी के मायके चली जाने और पति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने से क्षुब्ध एक युवक ने गांव के बाहर स्थित झोपड़ी में फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बेरिया गाड़ा के मजरा सिंघूपुर निवासी जालिम पुत्र राधेश्याम का शव बीती शुक्रवार दोपहर गांव के बाहर झोपड़ी में फंदे से लटकता मिला। शव लटकता देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शनिवार सुबह क्षेत्र के नानामऊ गंगातट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सूत्र बताते हैं कि काफी समय पूर्व जालिम की पत्नी उसे छोड़कर अपने मायके चली गई थी। पत्नी ने उसके विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट भी दर्ज करा दी थी। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है।

शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली युवती की शादी नगर के भातू फार्म में रहने वाले युवक से तय हुई थी। इस दौरान युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार संबंध बनाये। शादी करने की बात कहने पर इंकार करते हुये मारपीट की और धमकी दी। जिस पर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नगर के मोहल्ले के रहने वाली युवती ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि भातू फार्म निवासी धीरज गौतम से डेढ़ साल पहले शादी तय हुई थी। शादी के बाद उसने झांसा देकर कई बार संबंध बनाये।

युवती की हत्या में मुख्य आरोपी को दबोचा

अमृत विचार फालोअप

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- बीते शुक्रवार सुबह घर से 300 मीटर दूर पेड़ से लटका मिला था युवती का शव
- आरोपी के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल रिकार्ड निकलवा रही पुलिस

अमृत विचार। क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती का घर से 300 मीटर दूर गंदा नाला किनारे पेड़ में दुपट्टे से शुक्रवार सुबह शव लटका मिला था। जिस पर युवती के परिजन ने गांव निवासी श्यामू पर युवती से प्रेम संबंद्ध होने पर तीन साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया था।

परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने श्यामू, शैलेंद्र, गोलू व अंकुश पर हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर मुख्य आरोपी श्यामू को हिरासत में लिया था। पुलिस श्यामू के मोबाइल नंबर की सीडीआर निकलवा रही है। वहीं युवती के मोबाइल के संबंद्ध में परिजनों से बात कर युवती का मोबाइल मंगवाया है। शनिवार को परिजनों ने बक्सर घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं कांग्रेस की पिछड़ा वर्ग की प्रदेश सचिव शांती पटेल व सदस्य उप्र कांग्रेस कमेटी व जिला महासचिव अधिवक्ता सरोज भारती ने गांव पहुंचकर पीड़ित के परिजों को सांत्वना दी। साथ ही परिवार की हर संभव मदद का भरोसा दिया है। सरोज भारती ने कहा कि यदि परिवार चाहेगा तो वह पीड़ित का निःशुल्क मुकदमा लड़ेंगे। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी श्यामू के मोबाईल नंबर की सीडीआर निकलवाई जा रही हैं। मामले की हर पहलू पर जांच की जा रही है।

हमारी बात सुनो | हड़ताल के बाद भी सुनवाई न होने पर आशाबहू जिले पर करेंगी विरोध प्रदर्शन

हड़ताल के बाद जिले भर में होगा विरोध प्रदर्शन

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

अमृत विचार। विकासखंड क्षेत्र में कार्यरत आशाओं द्वारा की जा रही कलमबंद हड़ताल के साथ उनका धरना प्रदर्शन जारी है। जिसके बाद भी सुनवाई न होने पर जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है।

बता दें कि नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत आशाओं ने आशा बहू कल्याण समिति उप्र के बैनर तले बीती 15 फरवरी को अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल की घोषणा की थी। इसके बाद भी सुनवाई न होने पर 20 फरवरी से आशाएं कलमबंद हड़ताल पर जाने के साथ नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र पर धरना प्रदर्शन कर रही थीं। सुनवाई न होने पर आशाओं ने शनिवार को नवाबगंज सीएचसी पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। अब उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर अपनी मांगें रखने की मन बनाया है। आशा बहु कल्याण समिति की नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष उमा देवी ने बताया कि बीते माह फरवरी में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आशाओं ने विरोध प्रदर्शन कर हड़ताल की घोषणा की थी। जिसमें प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर निश्चित मानदेय में परिवर्तित करने, आशाबहु व संगिनी को शिक्षा व योग्यता के आधार पर पदोन्नति देने के साथ कार्य के दौरान जोखिम के लिए बीमा व्यवस्था व शिकायत हेल्पलाइन की व्यवस्था करने आदि प्रमुख मांगे थी। विरोध प्रदर्शन के साथ 20 फरवरी से कलमबंद हड़ताल की घोषणा आशाओं द्वारा की गई थी। बताया कि इसके बाद अफसरों द्वारा कोई सुनवाई न करने पर सोमवार को जिला स्तरीय अधिकारियों के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से आशाओं व संगिनी के कार्य बहिष्कार में सहयोग की अपील की है। इसमें किसी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा आशाओं व संगिनी को कार्य करने के लिए प्रताड़ित न करने का अनुरोध भी किया है। कुमुदिनी, शैली सिंह, नीलम साहू, नीना सिंह, अनीता देवी, रमा, रूपरानी, अल्पा, अनीता भारती, मधु, अनीता देवी आदि आशाबहुयें बड़ी संख्या में रहीं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रदर्शन करतीं आशाएं व संगिनी। अमृत विचार

महिला ने ससुरालियों पर लगाया दहेज के लिये प्रताड़ित करने का आरोप

औरास उन्नाव। दहेज की मांग पूरी होने पर ससुरालियों ने महिला को पीटने के बाद जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़िता की तहरीर पर पति व ससुर सहित सात लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

औरास थानांतर्गत कस्बा के मोहल्ला चमरौधा निवासी खुशीराम ने अपनी बेटी नंदनी की शादी दो वर्ष पहले बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के काइंस मटुकरी गांव निवासी शिवमंगल से की थी। नंदनी का आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही पति, सास, ससुर, अजिया सास व औरास के भटपुरवा गांव निवासी मध्यस्थ कमला व उसके पति पुतान और दो अन्य लोग मायके से और दहेज लाने को लेकर प्रताड़ित करने लगे। करीब पांच महीने पहले दहेज की मांग पूरी न होने पर उन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर घर से भगा दिया। दोबारा ससुराल न ले जाने पर पीड़िता ने शनिवार शाम सभी के विरुद्ध तहरीर दी है। एसओ रेखा सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

लोगों को संबोधित करतीं पूर्व सांसद अन्नू टंडन। अमृत विचार

विकास के नाम पर दिखावा कर रही भाजपा

संवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। पुरवा विधानसभा क्षेत्र के गांव लखमदेमऊ में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में पहुंची सपा से लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और आगामी लोकसभा चुनाव में पूरी तैयारी के साथ लग जाने की अपील की।

अन्नू टंडन ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार विकास के नाम पर दिखावा कर रही हैं। आप लोग अच्छी सरकार व लोकतंत्र को बचाने वाली सपा की सरकार बनाएं। ताकि देश व प्रदेश सुरक्षित हो सके। वहीं भगवंतनगर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी अंकित परिहार व पूर्व जिलाध्यक्ष सपा धर्मेंद्र यादव ने भी मौजूद लोगों को संबोधित किया। संचालन निदेशक जिला सहकारी संघ कृष्ण कुमार द्विवेदी व अध्यक्षता पूर्व प्रधान देशराज सिंह ने की। इस दौरान राजकुमार लोधी, रितेश सिंह, अनिल तिवारी, नेपाल यादव, राहुल, बबली, बृजलाल, मंजू, लक्ष्मी, सुधा आदि मौजूद रहीं।

पहली बार तीन, दूसरी बार चार तो इस बार 5 लाख पार :साक्षी महाराज

लोकसभा चुनावः उन्नाव से सांसद साक्षी महाराज पर भाजपा ने तीसरी बार उतारा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। सन-2014 में उन्नाव से पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने आए साक्षी महाराज ने तीन लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी। इसके बाद सन-2019 के चुनाव में जीत का यह आंकड़ा चार लाख को पार कर गया था। अब सन-2024 में फिर से टिकट मिलने के बाद सांसद ने पांच लाख से अधिक वोटों से जीतकर लोकसभा जाने का दावा किया है।

बता दें कि वर्ष-2014 के लोकसभा चुनाव में साक्षी महाराज को भाजपा ने पहली बार उन्नाव से टिकट दिया था। उस चुनाव में मोदी की लहर में उन्होंने अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए करीब 3.10 लाख वोटों से सपा प्रत्याशी को हराया था।

साक्षी महाराज।

- शनिवार को टिकट फाइनल होने के बाद पांच लाख से जीत का हुआ दावा

इसके बाद वर्ष-2019 के लोकसभा चुनाव में सांसद ने अपने ही बनाए रिकार्ड को तोड़ते हुए लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की थी।

इसमें उन्होंने अपने निकटतम सपा प्रत्याशी को 4 लाख 956 वोटों से हराया था। इसमें उन्हें करीब 56 प्रतिशत से अधिक वोट पाए थे। अब वर्ष-2024 के लिये होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर से साक्षी महाराज पर भरोसा जताया है। इस बार सांसद ने अपने ही पुराने रिकार्ड को फिर से तोड़ते हुए पांच लाख से अधिक वोटों से जीतकर संसद जाने का दावा किया है। क्षेत्र में भी साक्षी महाराज को फिर प्रत्याशी बनाए जाने पर खुशी की लहर है।

वर्ष-2019 में प्रत्याशियों को मिले वोट

7, 03507	साक्षी महाराज
3,02551	अरुण शंकर शुक्ल
1, 85634	अन्नू टंडन

गठबंधन की प्रत्याशी अन्नू टंडन से होगी सीधी टक्कर

उन्नाव। 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने अन्नू टंडन को पहले से ही अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। कांग्रेस से गठबंधन होने के बाद अब उन्नाव लोकसभा सीट पर कांग्रेस अपना प्रत्याशी नहीं उतारेगी। अन्य किसी भी दल ने अभी तक अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किये हैं। राजनीतिक विष्लेषक कहते हैं कि ऐसे में अभी तक सांसद साक्षी महाराज की अन्नू टंडन से सीधी टक्कर होगी।

बिजली हुई धड़ाम पोल में उतरा करंट

शुक्लागंज उन्नाव। शनिवार को बारिश होने के कारण नगर की बिजली व्यवस्था चरमरा गई। वहीं बारिश होने के कारण कई एचटी पोल में करंट उतर आया। जिससे आस पास रहने वाले लोग बाल-बाल बच गये। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया।

शुक्रवार रात से शनिवार के बीच कई बार हुई झमाझम बारिश के कारण नगर की बिजली बेपटरी हो गई। दोपहर पौने एक बजे कुंदन रोड के पास 33 केवीए लाइन में पेड़ का डाल टकराने से फाल्ट हो गया। जिससे नगर की एक घंटे तक बिजली गुल रही। बिजली कर्मियों ने टहनियों को काटा। जिसके बाद आपूर्ति चालू हो सकी। इसी करत दो बजे शक्ति नगर में एचटी लाइन का इंसुलेटर दग गया। जिससे कई मोहल्लों की दो घंटे आपूर्ति बंद रही। रहमत नगर में ट्रांसफार्मर की एचटी केबिल दगने से दोपहर दो बजे से शाम करीब साढे चार बजे तक बिजली गुल रही।

फोन बांट विधायक ने कहा, अब बनो स्मार्ट

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- बांगरमऊ के संडीला मार्ग स्थित एक कॉलेज में स्मार्ट फोन वितरण किया गया
- विधायक ने विद्यार्थियों से शैक्षिक कार्य के लिए फोन का उपयोग करने की अपील की

अमृत विचार। क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित आरएसजी डिग्री कॉलेज में शनिवार को विधायक श्रीकांत कटियार ने मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत स्नातक के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए। उन्होंने छात्र-छात्राओं से शैक्षिक सामग्री के लिए ही स्मार्ट फोन का उपयोग करने की अपील की।

आरएसजी महाविद्यालय में सर्वप्रथम विधायक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि इस डिजिटल युग में प्रदेश की योगी सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना चाहती है। जिससे बच्चे हर विषय के अलावा सामान्य ज्ञान में दक्ष हो सकें।

उन्होंने स्मार्ट फोन से लाभान्वित छात्र-छात्राओं से इसका उपयोग शिक्षा के संदर्भ में ही करने की अपील की। प्रबंधक रिज़वान अहमद ने कहा कि छात्र-छात्राएं इस फोन से अपने पाठ्यक्रम के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी कर सकते हैं। उन्होंने विधायक को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस दौरान कोआर्डिनेटर आमिर अहमद व वरिष्ठ लिपिक मो. उस्मान व अन्य शिक्षकों के अलावा दिशा, विश्वास, आशी पटेल, अभिनव, अर्शिया अंजुम, प्रशांत द्विवेदी, सूर्य कुमार, बलराम यादव, अर्पित राठौर, काजल राठौर, शालिनी पटेल, प्रीति आदि छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहीं।

स्नातक छात्रा को स्मार्ट फोन देते विधायक श्रीकांत कटियार। अमृत विचार

आईजी रेंज ने स्कूलों में देखी फोर्स के रुकने की व्यवस्थाएं, दिये कई निर्देश

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- अजगैन कोतवाली क्षेत्र में विद्यालयों का किया निरीक्षण
- जहां सारी सुविधाएं होंगी वहीं पर फोर्स को रोका जायेगा

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासन सतर्क है। आईजी रेंज ने शनिवार को अजगैन कोतवाली अंतर्गत आने वाली फोर्स के ठहरने वाले स्थान देखने के साथ ही मातहतों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा ने शनिवार को अजगैन कोतवाली क्षेत्र के विद्यालय एबीसी इंटर कालेज, कुंवर महेश सिंह महाविद्यालय व दीनदयाल कालेज चमरौली का निरीक्षण किया। इसमें वहां बने कमरे देखने के साथ शौचालय भी देखे।

उन्हें वहां जो भी कमियां मिलीं उनको दूर कराने को कालेज के प्रबंधतंत्र से कहा। जिससे वहां आने वाली फोर्स को कोई दिक्कत न हो सके। इस दौरान एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, सीओ हसनगंज संतोष सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मिश्रा समेत काफी लोग साथ मे मौजूद रहे।

निरीक्षण करते आईजी रेंज तरुण गाबा। अमृत विचार

आईजी ने बताया कि लोकसभा चुनाव कराने के लिये आने वाली फोर्स को कोई दिक्कत न हो इसलिये निरीक्षण किया गया है। जहां सारी सुविधाएं होंगी वहीं पर फोर्स को रोका जायेगा।

बैंक कर्मी बेटी को पीटने पर रिपोर्ट दर्ज

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के गांधी नगर मोहल्ले में बैंक कर्मी बेटी को उसके पिता आये दिन मामूली बात को लेकर गाली गलौज करते हुये मारते पीटते हैं। जिस पर पीड़िता ने पिता के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांधी नगर निवासी ऋतिका शुक्ला ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि वह बैंक कर्मी हैं। उसने आरोप लगाया कि उसके पिता अजय शुक्ला मामूली बात को लेकर उसे आये दिन मारते पीटते हैं। शनिवार को भी उसे बिना वजह पीट दिया। जिसका उसने विरोध किया तो पिता ने और पीटा। बेटी का आरोप है कि विरोध करने पर जान से मार डालने की धमकी भी दी है। जिस पर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। थाना पुलिस ने बैंक कर्मी बेटी की तहरीर पर आरोपी पिता के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

खेत में पड़ा मिला युवक का शव, हत्या का शक

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। सफीपुर कोतवाली अंतर्गत फुफेरी बहन की शादी से लौटे युवक का शव संदिग्ध हालत में औंधे मुंह पड़ा मिला। उसकी बाइक भी कुछ दूर सड़क किनारे खेत में पड़ी थी। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और बाइक नंबर से उसकी पहचान कराकर परिजनों को सूचना दी। भाई ने पड़ोसी गांव के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिसमें दिवंगत के शरीर में चोटें नहीं मिली हैं। लेकिन एहतिहातन बिसरा सुरक्षित किया गया है।

सफीपुर कोतवाली अंतर्गत अटवा मोहाल ओसियां गांव निवासी मनोज कुमार (30) पुत्र सूर्यपाल पिता के साथ खेती में हांथ बटता था। शुक्रवार शाम वह आसीवन थानाक्षेत्र के अलीगंज गांव निवासी अपनी बुआ पच्चो पत्नी अरविंद कुमार की बेटी कोमल की शादी में शामिल होने गया था। परिजनों के मुताबिक देररात वह वहां से घर जाने के लिए निकला था। शनिवार सुबह उसका शव अलीगंज से दो किमी दूर सफीपुर क्षेत्र के मवईलाल गांव के पास सड़क किनारे किशनू के सरसों के खेत में मुंह के बल पड़ा मिला। उसकी बाइक पास में ही सरसों की फसल में पड़ी थी। शव पड़ा देख ग्रामीणों की भीड़ लग गई। पुलिस व परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर दिवंगत युवक के परिजन पहुंचे और बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। भाई सोनेलाल ने बताया कि बुआ की बेटी का तिलक चढ़ाने कन्या पक्ष के लोग 25 फरवरी को फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव ओसिया लल्लन पुत्र नेकलाल के यहां आए थे। छोटे बेटे संजीव का मोबाइल चोरी हो गया था। बड़े भाई मनोज ने कुछ लोगों पर चोरी का आरोप लगाया था। इसके बाद उसका विवाद भी हुआ था। इसी में आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से बेटे की हत्या कर दी है। एसएचओ श्यामनारायण सिंह ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर परिजन शांत हुये और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पीएम रिपोर्ट में युवक के शरीर में चोट नहीं मिली है।

एहतिहातन बिसरा सुरक्षित किया गया है। मनोज चार भाईयों में बड़ा था और उसके एक तीन साल का बेटा कार्तिक है। जवान बेटे की मौत से मां सुमन, पत्नी सोनी, बहन मनीषा व तीनों भाई बेहाल रहे। सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हादसा लग रहा है।

युवक की मौत पर परिवार में मच गया कोहराम। अमृत विचार

मनोज कुमार।

- फुफेरी बहन की शादी में शामिल होकर बाइक से लौट रहा था युवक

मूक बधिर से बनाए संबंध पुलिस ने करा दी शादी

संवाददाता पाटन उन्नाव

- तहसील में दोनों की शादी कराने के बाद घर भेजा गया

अमृत विचार। एक पखवारा पूर्व एक युवक ने मूक-बधिर युवती से संबंध बना लिये। मामला जब थाने पहुंचा तो उसने उसी युवती से तहसील पहुंचकर शादी कर ली। इसके बाद दोनों को वहां से खुशी-खुशी घर भेज दिया गया।

बिहार थानाक्षेत्र के गांव ताजकपुर निवासी 23 वर्षीय मूक बधिर युवती को गांव निवासी राहुल उर्फ नन्हे ने करीब एक पखवाड़ा पूर्व बहला-फुसलाकर अपने जाल में फंसाया और उससे शारीरिक संबंध बना लिये थे। जिसकी शिकायत पीड़िता की मां कमला देवी ने बिहार थाना में प्रार्थनापत्र देकर की थी। पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट भी दर्ज कर ली थी। इसके बाद आरोपी को हिरासत में भी ले लिया था। इसके बाद युवक ने युवती से शादी करने की बात कही तो उन्हें तहसील बीघापुर ले जाया गया। जहां दोनों एक-दूसरे के साथ शादी के बंधन में बंध गए और आजीवन साथ रहने की शपथ ली। इसे लेकर थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि युवक ने मूक बधिर युवती से शादी कर ली है। अब दोनों पक्षों में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है।

युवती को पीटने पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अगेहरा गांव में रहने वाली दलित युवती को पुरानी रंजिश के चलते वहीं के रहने वाले दबंगों ने मारा पीटा। जाति सूचक गालियां देने पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अगेहरा गांव निवासी मुकेश गौतम की बेटी निशा गौतम ने गंगाघाट कोतवाली को तहरीर देते हुये बताया कि गांव के रहने वाले रज्जन लाल, अन्नू और अयोध्या से पुरानी रंजिश चली आ रही है। उसी को लेकर 22 फरवरी को दबंगों ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे मारा पीटा और जातिसूचक गालियां दी। पुलिस जांच कर रही है।

खाटू श्याम की निशान यात्रा आज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। श्री सांवरियां परिवार सेवा समिति की ओर से रविवार को भव्य फागुन निशान ध्वज यात्रा निकाली जायेगी। निशान यात्रा दोपहर 11 बजे से मंगलम गेस्ट हाउस राधा कृष्ण मंदिर से उठकर श्रीनगर खाटू श्याम मंदिर तक पहुंचेगी। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।

यह जानकारी पत्रकार वार्ता के दौरान श्री सांवरियां सेवा समिति के गौरव सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान कानपुर के प्रसिद्ध भजन गायक हर्ष गौड, सुनील स्नेही, राजू कुलकर्णी, विशाल कौशिक, अनुज अलबेला, अनुज श्रीवास्तव आदि भजन सम्राटों द्वारा यात्रा के दौरान भजनों की गंगा बहाते हुए। भजनों की धुन में श्याम प्रेमी निशांत ध्वज लेकर पैदल नंगे पांव राजधानी मार्ग से होते हुए श्री नगर श्री श्याम मंदिर तक जाएंगे। साथ में बाबा की भव्य झांकी भी इस निशान यात्रा में रहेगी। इस यात्रा में इत्र व केसर पुष्प वर्षा भी होगी। निशान यात्रा के बाद मंदिर स्थल पर ही खाटू श्याम महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बाबा का आलौकिक श्रंगार, फूलों की होली, छप्पन भोग, भजन संध्या के साथ श्याम रसोई में भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर संजय सिंह, दुर्गेश सिंह, अंकुर महेश्वरी, अरुण गुप्ता, हरिओम गुप्ता, ऋषभ यादव, शोभित सिंह, हर्ष वर्मा, आयुष सक्सेना, हिमांशु गुप्ता, मयंक शर्मा अनिकेत मौजूद रहे।

निशान यात्रा की जानकारी देते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

सार-संक्षेप

मादक पदार्थ बेचने वालों को 7-7 साल की सजा

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में मादक पदार्थ की बिक्री करने वाले दो युवकों को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए सात-सात साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इसके साथ ही उन पर 20-20 हजार का जुर्माना भी लगाया है। अजगैन कोतवाली पुलिस ने जगदीश उर्फ पपोला पुत्र चंदिका लोध निवासी गांव चिलौला व विजय पासी पुत्र अंगनू निवासी गांव कुईथर को 26 मार्च-2015 को मादक पदार्थ बेचते गिरफ्तार किया था। कोतवाली में तैनात एसआई अशोक भदौरिया ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उन्हें जेल भेज दिया था। आईओ रामभरोसे मिश्रा ने दोनों के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर 18 अगस्त-17 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। तभी से मामला कोर्ट में विचाराधीन था। शनिवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में दोनों पक्षों के गवाहों के बयान सुनने के साथ ही पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य व शासकीय अधिवक्ता विनय प्रकाश शुक्ला व मनीष की दलीलों के आधार पर एडीजे ममता सिंह ने जगदीश व विजय को दोषी करार देते हुए सात-सात साल की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर 20-20 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना जमा न करने पर उन्हें दो माह अतिरिक्त सजा के भी निर्देश दिये।

बीएसए को निरीक्षण में मिलीं कई खामियां, चढ़ा पारा

नवाबगंज उन्नाव। बेसिक शिक्षाधिकारी ने शनिवार को विकासखंड के करीब आधा दर्जन प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहीं छात्रों की संख्या काफी कम पाई गई तो कहीं शिक्षक ही नहीं मिले। बीएसए ने एमडीएम चेक किया और विद्यालय में मौजूद मिले बच्चों से बात भी की। बीएसए संगीता सिंह ने शनिवार को स्थानीय विकासखंड के बहेरिया बुजुर्ग, बहेरिया खुर्द, कटेहरू, सरांय जोगा सहित लगभग आधा दर्जन प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। बताते हैं कि बहेरिया बुजुर्ग में मात्र पांच बच्चे मिले। वहीं इंचार्ज शिक्षिका प्रीति तिवारी विद्यालय में मौजूद नहीं मिलीं। कटेहरू सहित लगभग सभी विद्यालयों में मिली खामियों को लेकर बीएसए ने नाराजगी जताई। हालांकि इस बारे में बीएसए ने कोई जानकारी नहीं दी। वहीं, उनका फोन भी रिसीव नहीं हुआ।

किराये को लेकर महिला को पीटा

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गोताखोर निवासी एक महिला को किराये को लेकर मकान मालिक के बेटे ने पीट दिया। जिससे उसे चोटें आई हैं।

गोताखोर निवासी जैनब पत्नी अरमान ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि वह गोताखोर मोहल्ले में किराये पर रहती है और मकान मालिक को किराया देती हैं। मकान मालिक के बेटे ने कहा कि मुझे किराया दिया करो, जिस पर उसने मना कर दिया। इसी बात को लेकर आरोप है कि मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। महिला ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

मौसम की मार जिले में शुक्रवार रात तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने गेहूं को खासा नुकसान किया, सरसों के फूल भी गिर गए

बारिश व तेज हवा ने बिगाड़ी गेहूं की सेहत, किसान बोले अब का होई

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बीती शुक्रवार रात से लेकर शनिवार दिनभर हुई बारिश व तेज हवाओं ने गेहूं की फसल की सेहत बिगाड़कर रख दी है। गेहूं की फसल में आए फूलों के गिर जाने से किसान चिंतित हैं। उनका कहना है कि यह बारिश उनके लिये किसी आपदा से कम नहीं है। अगर फसल खराब हो गई तो उनका क्या होगा। वहीं, बीते दिनों गर्म हुए मौसम में बारिश ने बदलाव किया है। सर्द हवाओं ने एक बार फिर से आमजन को गर्म कपड़े पहनने को मजबूर कर दिया है।

बता दें कि जिले के आधे से अधिक भूभाग में गेहूं की खेती की जाती है। ऐसे में इस बारिश ने गेहूं की फसल को खासा नुकसान किया है। जिससे गेहूं किसानों की कमर ही टूट गई है। किसानों का कहना है कि बारिश और तेज हवाओं से गेहूं की बालियों का फूल झड़ जाने से उन्हें भारी नुक़सान हो सकता है।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, क्षेत्र के करीब 80 फीसद किसान गेहूं की फ़सल करते हैं। मौजूदा समय में गेहूं की फसल लहलहा रही है और उसकी बालियों में फूल आ चुका है। इसी फूल के जरिए ही गेहूं का दाना बनने से लेकर उसके वजन में भी बढ़ोतरी होती है। क्षेत्र के गांव भुलभुलिया खेड़ा के विनय कुमार ने बताया कि शनिवार दिन में तेज हवा के झोंकों के साथ बारिश होने से गेहूं की फ़सल का फूल झड़ गया है। ऐसी स्थिति में गेहूं का दाना हल्का हो जाएगा। गांव माखन खेड़ा निवासी किसान रंजीत कुमार के अनुसार बारिश से गेंहू की पैदावार में भारी गिरावट आ सकती है। फिलहाल आसमान पर घने बादल अभी भी छाए हैं। किसान बादलों को टकटकी लगाए देख रहे हैं। उन्हें आशंका है कि यदि तेज हवाओं के साथ और बारिश हुई तो क्षेत्र में गेहूं की फसल पूरी तरह चौपट हो सकती है।

आंधी-बारिश के कारण खेत में गिरी सरसों की फसल, गेहूं का भी यही हाल रहा।

रुक-रुक कर बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- आंधी आने के कारण बड़ी होर्डिंग और बैनर उड़ गए
- नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के निचले इलाकों में जलभराव

अमृत विचार। शुक्रवार मध्य रात्रि अचानक मौसम बदला और रात में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। जिससे सर्दी बढ़ गई। वहीं शनिवार को सुबह से लेकर देर शाम तक कई बार रुक-रुक कर हुई झमाझम बारिश से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के निचले इलाकों में जलभराव हो गया। वहीं बारिश और आंधी आने से किसानों को खासा नुकसान पहुंचा है। अधिकांश खेतों में लहलहा रही सरसों की फसल खेत में ही गिर गई। इसके साथ ही आलू की फसल को भी नुकसान पहुंचा है।

रात करीब ग्यारह बजे अचानक मौसम बदला और आसमान में काले बादल छा गये। इसी बीच तेज आंधी आई। आंधी आने के कारण बैराज मार्ग, फोरलेन, नवीन पुल, हाइवे पर लगी बड़ी होर्डिंग और बैनर उड़ गये। वहीं शनिवार को सुबह करीब नौ बजे झमाझम बारिश हुई। जिसके बाद दोपहर से लेकर शाम के बीच में कई बार झमाझम बारिश होने से मौसम बदल गया और लोगों को एक बार दोबारा सर्दी का ऐहसास होने लगा। बारिश होने के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के निचले इलाकों में जलभराव हो गया। जिससे आने जाने वाले लोगों को मुसीबतें उठानी पड़ी। वहीं बारिश से गेंहू किसानों के चेहरे खिल गये। वहीं सरसों और आलू किसानों को नुकसान पहुंचा है। पच्चीस दिन बाद सरसों कटने वाली है। जिन खेतों में पानी लगाया गया था, आंधी के कारण खेतों में सरसों गिर गई। जिससे किसानों को नुकसान पहुंचा है। किसानों ने बताया कि बताया कि उनकी कई बीघा आलू और सरसों खड़ी है। अधिक बारिश हुई तो आलू, सरसों, मटर, मसूर चना को नुकसान हो सकता है।

बाइक सवार गिरकर हुये चुटहिल

अमृत योजना की पाइप लाइन डालने का काम नगर के कई मोहल्लों में कार्यदायी संस्था करा रही है। जहां संस्था ने खुदाई करने के बाद सड़क ऐसे ही छोड़ दी है। बारिश होने के कारण गलियों में फिसलन होने से कई बाइक सवार गिरकर चुटहिल हो गये।

कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, लखनऊ मण्डल लखनऊ।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रवि शंकर पाण्डेय पुत्र श्री राजाराम संस्था-माता मंशा देवी मन्दिर समिति, ग्राम-अख्त्यारपुर, पोस्ट-गंगादासपुर, तहसील-सफीपुर, जिला-उन्नाव के अध्यक्ष की हैसियत से पंजीकरण हेतु सोसाइटीज रजि0 अधि0 1860 के अन्तर्गत ऑनलाइन पंजीयन शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में सिरिदिन पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है

क्र0 सं0	नाम/पिता/पति का नाम	पता	पद
1	श्री रवि शंकर पाण्डेय पुत्र श्री राजाराम	ग्राम-अख्त्यारपुर गौरी मऊ, पोस्ट गंगादासपुर, जिला-उन्नाव	अध्यक्ष
2	श्री जय कुमार पाण्डेय पुत्र श्री गणेश शंकर पाण्डेय	335, इन्द्रानगर, जिला-उन्नाव	उपाध्यक्ष
3	श्री अखिलेश कुमार पुत्र जगदीश नारायण मिश्रा	50, इन्द्रानगर, फतेहपुर चौरासी, जिला उन्नाव	महामंत्री
4	श्री सुधीर कुमार पुत्र श्री रूप नारायण	ग्राम-अख्त्यारपुर गौरी मऊ, पोस्ट गंगादासपुर, जिला-उन्नाव	मंत्री
5	श्री श्याम जी पुत्र श्री रामकुमार वर्मा	इन्द्रानगर, फतेहपुर-84, जिला-उन्नाव	कोषाध्यक्ष
6	श्री जितेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र श्री महाराज पाल सिंह	शेरपुर अछिरछा, फतेहपुर-84, जिला उन्नाव	सदस्य
7	श्री राम गोपाल पुत्र श्री राम सहाय पाण्डेय	ग्राम-गौरी नऊ, पोस्ट गंगादासपुर, जिला-उन्नाव	सदस्य

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना, प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा0 रजि0 अधि0 1860 की धारा 3(1) के परन्तु के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

डिप्टी रजिस्ट्रार

जेल में बने थैलों में मिलेगा रामलला का प्रसाद

फतेहपुर जेल अधीक्षक ने जेल में बने राम मंदिर छपे 1100 थैले भेजे, श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री को आए पसंद

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : श्री रामलला का प्रसाद अब जेल में बंदियों द्वारा बनाये गये थैलों में भी देने की तैयारी है। फतेहपुर जेल की पॉलीथिन मुक्त पहल को देखते हुए श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने जेल अधीक्षक को थैलों की आपूर्ति के लिए पत्र लिखा है।

विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने शनिवार को बताया कि फतेहपुर जेल के अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान ने ट्रस्ट के पास बंदियों के हाथ से बने राम मंदिर छपे भगवा रंग के 1100 थैले भिजवाये थे। अधीक्षक ने बताया था कि पॉलीथिन मुक्त भारत अभियान के तहत जेल के बंदियों ने इसे स्वयं तैयार किया है। श्री रामजन्म भूमि तीर्थ ट्रस्ट के महामंत्री को थैला पसंद आया तो उन्होंने भुगतान के आधार पर और थैलों की मांग भेजी है। इसमें उन्होंने छपाई में थोड़ा संशोधन और आकार कुछ बड़ा करके इन थैलों का मांगपत्र भेजा है। ट्रस्ट 10×10 इंच के 5000 भगवा थैला को प्रथम चरण में मंगा कर के बंदियों के परिश्रम का सम्मान बढ़ायेगा। मीडिया प्रभारी ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश भर से लोग अपनी श्रद्धा विभिन्न वस्तुओं के द्वारा समर्पित कर रहे हैं। फतेहपुर जेल के बंदियों में भगवा थैले बनाने के पीछे का भाव पवित्र है, शायद यह भगवत प्रेरणा से ही यह हो रहा है।

ट्रस्ट को समर्पित किए गए कपड़े के थैले।

गुजरात से आस्था स्पेशल ट्रेनों से पहुंचे हजारों श्रद्धालु

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बताया कि अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा दोनों ही हर एक हिंदू का संकल्प था। इस पवित्र कार्य का सौभाग्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि सरकार ने रेल मंत्रालय के द्वारा आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से हजारों लोगों को अब तक रामलला के दर्शन कराए हैं।


राम मंदिर में कैबिनेट के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल। अमृत विचार

गुजरात के सीएम भूपेंद्र ने मंत्रिमंडल के साथ किए रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय : अयोध्या में 10 करोड़ रुपये की लागत से गुजरात यात्री निवासी का निर्माण कराया जाएगा। इसके निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने 10 करोड़ का बजट आवंटित किया है। ये बातें शनिवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल ने कहीं। वो अपने मंत्रिमंडल के साथ रामलला का दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। भूमि उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार का आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि मुझे गुजरात के मंत्रियों के साथ रामलला के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह भावुक करने वाला क्षण है। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के नए कालचक्र के उद्भव का उद्घोष है। रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह राष्ट्रीय उत्सव के रूप में समग्र भारत में मनाया गया। यह एक नए युग की शुरुआत है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल अपने कैबिनेट के 25 सदस्यों के साथ शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। यहां उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला राम जन्मभूमि परिसर पहुंचा। मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन के बाद देशवासियों व गुजरातवासियों के लिए कामना की।

श्रीराम की रंगोली में एबीवीपी ने जीता खिताब

प्रयागराज : संगम नगरी में लगने वाले माघ मेले में 22 जनवरी भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने श्रीराम लला की थ्रीडी रंगोली बनाई थी। जो विश्व की सबसे बड़ी रंगोली का किताब जीत चुकी है। राष्ट्रीय कला मंच द्वारा श्री राम लला विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के दिन बनाई गई रंगोली को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की आधिकारिक वेबसाइट पर दर्ज किया गया है। इसकी सूचना एबीवीपी के पदाधिकारी एक भी दी गई है। इस रंगोली को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं इस माघ मेले में 22 जनवरी को बनाया था। यह रंगोली आलोक कुमार सिंह की अगुवाई में तैयार की गई थी। परिषद के प्रदेश मीडिया संयोजक अभिनव मिश्रा ने अमृत विचार से बताया कि इस रंगोली की चौड़ाई 30 फीट और लंबाई 50 फिट है। कलाकारों ने इस रंगोली में श्रीराम और राम मंदिर को बहुत ही सुंदर और भव्य तरीके से अलौकिक रूप देकर बनाया था। इस रंगोली में साक्षात श्री राम हाथों में धनुष बाण लिए हुए दिख रहे है।

पांच शहरों के लिए उड़ान सेवाएं स्थगित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ से चित्रकूट, मुरादाबाद, अलीगढ़ सहित पांच जिलों के लिए शनिवार से शुरू होने वाली उड़ान सेवाएं स्थगित कर दी गई हैं। अब ये सेवाएं 8 या 9 मार्च को शुरू हो सकती हैं पीएम इसकी शुरुआत कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उडान) को गति देने के उद्देश्य से चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से सस्ती उड़ान सेवाओं को शुरू किया जा रहा है। फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और आजमगढ़ के लिए उड़ानें शुरू करने की घोषणा हुई थी। एयरलाइंस की ओर से डी-हेवीलैंड डीएससी6-400 एयरक्राफ्ट इस्तेमाल किया जाएगा। फ्लाई विग एयरलाइंस की ओर से विमान सेवाएं शुरू की जा रही हैं। इसका शेड्यूल बीते बुधवार को जारी किया गया था। इसमें 19 सीटर विमानों का इस्तेमाल किया जाएगा। जिसका किराया दो से ढाई हजार रुपये के बीच रहेगा। सूत्रों की मानें तो 8 या 9 मार्च को प्रधानमंत्री का लखनऊ दौरा प्रस्तावित है। ऐसे में पीएम इसकी शुरुआत कर सकते हैं।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड
उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), कानपुर देहात

एन0आई0टी0 संख्या 50/AC-3/01 दिनांक 28.02.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश जल निगम की ओर से डिफेन्स कारिडोर साड़ ग्राम, तहसील नरवल, कानपुर नगर में पेयजल सम्बन्धी कार्यो हेतु निविदाओं की बिकी दिनांक 04.03.2024 से 08.03.2024 तक कार्यालय समय में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, विशायकपुर रोड, नियर राजावत हास्पिटल, कानपुर देहात में की जाएगी तथा दिनांक 11.03.2024 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, विशायकपुर रोड, नियर राजावत हास्पिटल, कानपुर देहात में अपरान्ह 3:00 बजे डाली जायेगी एवं अपरान्ह 3:30 बजे निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कार्यो हेतु निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 3000.00 + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 है।

अधिशासी अभियन्ता

लल्लू सिंह को फिर मिला टिकट

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने एक बार फिर मौजूदा सांसद लल्लू सिंह पर भरोसा जताते हुए फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। उनके नाम का शनिवार देर शाम एलान होते ही आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। भाजपा के पुराने पार्टी कार्यालय पर आतिशबाजियां की गईं और पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। जय श्रीराम के नारे लगाए।

लल्लू सिंह 2004 में मित्रसेन से और 2009 में निर्मल खत्री से लोकसभा चुनाव हार गए थे। इसके बाद 2014 से लेकर अब तक वह दो बार से लगातार संसदीय क्षेत्र से सांसद हैं। पांचवीं बार टिकट पाने के बाद लल्लू सिंह ने कहा कि यह सब रामलला की कृपा है। उन्हीं के आशीर्वाद से एक बार फिर भाजपा लोकसभा चुनाव में अपना परचम लहराएगी।

सांसद लल्लू सिंह का मुंह मीठा कराते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

- **2014 से लेकर अब तक लगातार हैं सांसद**

देर शाम केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर पहुंचे सांसद लल्लू सिंह का पूर्व जिलाध्यक्ष कमलाशंकर पांडेय, अवधेश पांडेय बादल, पूर्व नपा अध्यक्ष विजय गुप्ता, भाजपा नेता गिरीश पांडेय डिप्पुल समेत अन्य नेताओं ने स्वागत किया और बधाई देते हुए उन्हें मिठाई खिलाई।

कोर्ट में हाजिर नहीं हुए राहुल, सुनवाई 13 को

सुलतानपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी शनिवार को विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। उनके अधिवक्ता काशी शुक्ल ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की बात कहते हुए हाजिरी माफ करने की अर्जी दी, जिस पर परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध जताया।

कोर्ट ने राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 13 मार्च की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है।

गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली

संवाददाता, सुलतानपुर

- **महात्मा गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला**

अमृत विचार : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गवाह के न आने के कारण सुनवाई के लिए कोर्ट ने चार मार्च की तारीख नियत की है।

एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान कोर्ट में दर्ज किया जा चुका है। कोर्ट में शनिवार को परिवादी के अन्य गवाह का बयान होना था। वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
विद्युत निर्माण खण्ड, केस्को,
आर0 पी0 एच0, कानपुर

अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

1. ई0 निविदा सं0– 46/कान्श0/2023–24, विवरण– Replacement of Jarjar / Damaged 11 kV VCB of 33/11 kV Benajhabar, 33/11kV Zoo Sub-Station under EUDD- Nawabganj and H-Block Subsation under Kidwai Nagar Div., 33/11 Kv Mahabalipuram and 33/11 Nankari sub-station under Kalyanpur Div. Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि– 12,600/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि– 3540/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 12.03.2024 समय 12:00 बजे तक। ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय–12.03.2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)– रू0 12.57 (कर अतिरिक्त)।

2. ई0 निविदा सं0– 47/कान्श0/2023–24, विवरण– Replacement of 11 kV VCB Panel at 33/11 kV Sub-Station RTO, Sarvodaya Nagar, Namak Factory and Naveen Nagar under EUDDD-Sarvodaya Nagr, and Nawabganj Div. Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि– 9,100/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि– 1180/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 12.03.2024 समय 12:00 बजे तक। ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय–12.03.2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)– रू0 9.04 (कर अतिरिक्त)।

3. ई0 निविदा सं0– 48/कान्श0/2023–24, विवरण– Replacement of Damage UG Cable and Rising of height of Pole in various location Bansmandi chauraha to Aloomandi Sub Station and Rawatpur Crossing DP to Gol Chauraha DP Feeder AL1 emanating from 132 kV Sub-Station (Trns.) Azad Nagar under EUDD-Aloomandi, Meeta Sarai Feeder from 132 kV to Riser Pole and Meeta Saria Switch Yard to Riser Pole under EUDD- Dada Nagar, Azad Nagar, Mod to KESCo. Vikas Nagar at 33 kV SY1 & SY2 feeder and Sarvodaya Nagar 1 & 2 near Hotel DNG Grand Gurdev Chauraha Under Eudd- Sarvodaya Nagar of Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि– 17,300/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि– 3540/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 12.03.2024 समय 12:00 बजे तक। ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय–12.03.2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)– रू0 17.26 (कर अतिरिक्त)।

4. ई0 निविदा सं0– 49/कान्श0/2023–24, विवरण– Installation of New Line Isolator with Structure at 33/11 kV Substation Cycle Market, GIC, Deputy Ka Padav, Afeem Kothi and Dada Nagar under Electricity House, Aloomandi and Dada Nagar, Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि– 29,200/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि– 3540/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 12.03.2024 समय 12:00 बजे तक। ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय–12.03.2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)– रू0 29.17 (कर अतिरिक्त)।

5. ई0 निविदा सं0– 50/कान्श0/2023–24, विवरण– Installation of Busbar System to Provide Alternate Arrangement of 33 kV Supply to Power Transformer in Case of Fault of 33 kV Indoor Panel and Replacement of Isolator in Sarvodaya Nagar, Namak Factory, Naveen Nagar Sub Station under EUDD-Sarvodaya Nagar, Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि– 12,500/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि– 3540/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 12.03.2024 समय 12:00 बजे तक। ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय–12.03.2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)– रू0 12.43 (कर अतिरिक्त)।

6. ई0 निविदा सं0– 51/कान्श0/2023–24, विवरण– Installation of Additional 10 MVA Power Transformer with 33/11 kV Sub-Station Gallamdni under EUDD- Hanspuram and increasing capacity from 5 MVA to 10 MVA of 33/11 kV Power Transformer and installation of 33 kV Out door VCB Panel with CRP for removing of overloading at 40 Dukan Sub station under Kidwai Nagar Division, Kesco, Kanpur. धरोहर धनराशि– 15,100/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। निविदा धनराशि– 3540/– (NEFT/ RTGS) के रूप में। ई0 निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय – 12.03.2024 समय 12:00 बजे तक। ई–निविदा के प्रथम भाग खुलने की तिथि व समय–12.03.2024 समय 03:00 बजे से। कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)– रू0 15.10 (कर अतिरिक्त)।

उपरोक्त ई0 निविदा की पूर्ण प्रक्रिया एवं समस्त शर्तें उ0प्र0 सरकार की ई0 टेन्डरिंग वेब साईट https://etender.up.nic.in के माध्यम से की जायेगी एवं भविष्य में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–टेण्डर वेब साईट पर ही उपलब्ध होंगी। ई–निविदाओं में निर्धारित ई–निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि केस्को के बैंक खाता सं0– 7723508014 आई0एफ0एस0सी0–IDIB000K587 में जमा करायी जायेगी। केस्को प्रबन्धन के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सर्वाधिकार सुरक्षित हैं।

अधिशासी अभियन्ता (निर्माण खण्ड)
पत्रांक 303/वि0नि0ख0(के0) का0/टी0–2
दिनांक 02.03.2024
"राष्ट्र हित मे ऊर्जा बचाए"

गैंगरेप मामले में प्रमुख सचिव गृह को समन

चित्रकूट कार्यालय

- **पीड़िता के रिश्ते में भाई को अदालत ने दी बड़ी राहत**

अमृत विचार। मानिकपुर के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में शिक्षकों द्वारा एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस द्वारा पीड़िता के रिश्ते के भाई को ही दोषी बनाने का संज्ञान हाईकोर्ट ने लिया है। पीड़ित के अधिवक्ता ने कहा कि हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव गृह को व्यक्तिगत रूप से 16 अप्रैल को उपस्थित होने के लिए समन जारी किया है।

गौरतलब है कि मानिकपुर के एक कालेज में पिछले साल जुलाई-अगस्त में एक सनसनीखेज मामला सुर्खियों में रहा था। हाईस्कूल की एक छात्रा ने कालेज के प्रधानाचार्य समेत चार शिक्षकों पर लगभग चार माह से लगातार दुराचार करने का आरोप लगाया था। तब पुलिस ने तीन आरोपियों सहित पीड़िता के फुफेरे भाई को भी जेल भेज दिया था। पीड़ित के अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने बताया कि इस पर 29 जुलाई 23 को ही एफआईआर दर्ज की गई थी और उसी दिन इसे जेल भेज दिया गया था। छह महीने तक इसे जेल में रहना पड़ा और तब जमानत हुई थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने पीड़ित की ओर से हाईकोर्ट में मिसलेनियस अपलीकेशन दिया था। इस पर उच्च न्यायालय ने पीड़ित युवक को बड़ी राहत दी है। अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट ने पूरे मामले में प्रथमदृष्टया पीड़ित युवक के खिलाफ कोई सुबूत न मिलने की बात मानी है और मुख्य सचिव गृह (प्रिंसिपल सेकेट्री होम) को 16 अप्रैल को उपस्थित होकर पुलिस का पक्ष, कि किन परिस्थितियों और सुबूतों के आधार पर पीड़िता के भाई को दोषी बनाया, रखने के आदेश जारी किए हैं।

दो से कमाओ, चार हाथ से लुटाओ : मुरारी बापू

अयोध्या : तीर्थक्षेत्र पुरम में चल रही कथा के दौरान शनिवार को मुरारी बापू ने युवाओं से कहा कि खूब पढ़ाई करो, डिग्रियां लो, खूब कमाओ। दो हाथों से कमाओ तो चार हाथ से भगवद कार्य के लिए लुटाओ। तीन पीढ़ी तक चले इतना कमाना चाहिए। बाकी ज्यादा कमाना समाज का शोषण है। परमात्मा जरूरत पूरी करता है, कामना नहीं पूरी करता। उन्होंने कहा कि सरयू का जल स्पर्श करना भी एक दर्शन है। सरयू जल का पान करना भी दर्शन है। पवित्र जल को स्पर्श करते ही प्रभु के दर्शन प्राप्त होते हैं। रामचरित मानस हमारा सद्गुरु है। हमंक गुरु के आदेश का पालन करना चाहिए। सभी घर में अपने बच्चों को कथा सुनाओ। उन्हें किसी साधु के पास बैठाओ, क्योंकि ये परंपरा निभाएगा। प्रवचन करते हुए कहा कि प्रकृति का शोषण किया तो कोरोना आया। परमात्मा के तत्वों को दूषित किया तो मनुष्यों को कोरोना ने पकड़ा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, कर्नलगंज–गोण्डा
पताः– गाड़ी बाजार पश्चिमी

पत्रांकः 1494/न0पा0परि0कर्न0/2023–24 दिनांकः 28.2.2024

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद कर्नलगंज–गोण्डा को राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि से प्राप्त धनराशि की संस्तुतियों के अन्तर्गत निम्न कार्यो हेतु स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् हैं:–

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0में)	बिड सिक्योरिटी (इ0एम0डी0) (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी सहित यदि आवश्यक हो रू0 में	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	गोण्डा	वार्ड नं0 18 गाड़ी बाजार पश्चिमी जलकल परिसर में 250 के0एल ओवर हेड टैंक के	17.45	34,900.00	2124.00	दो माह
2	,,	मरम्मत का कार्य। वार्ड नं0–16 सकरौरा पूर्वी में हंस डी0जे0 की दुकान से रफी मेंबर के कारखाना तक वितरण प्रणाली हेतु पाइप लाईन विस्तार का कार्य।	2.09	4180.00	354.00	,,

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:– 04.03.2024
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि / समय:– 10.03.2024 को सायं 05.00 बजे तक।
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 11.03.2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है, कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
कर्नलगंज, गोण्डा।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
कर्नलगंज, गोण्डा।

दो टूक लोक सभा चुनाव लड़ने की चर्चाओं पर रखा अपना पक्ष

ऊंचाहार नहीं छोड़ूंगा : मनोज पांडेय

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के बागी विधायक डॉ मनोज पांडे ने लोकसभा चुनाव लड़ने के कयासों पर विराम लगाते हुए साफ शब्दों में कहा है कि मैं ऊंचाहार छोड़कर नहीं जाऊंगा, मुझे ऊंचाहार के विकास के लिए अभी काफी कुछ करना है। उन्होंने यह बात शनिवार को ऊंचाहार में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में कही।

डॉ. मनोज पांडेय।

सपा से बगावत करने के बाद पहली बार ऊंचाहार पहुंचे मनोज पांडे का सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने ऊंचाहार के विकास की चर्चा की और कहा कि मेरे काफी प्रयास और काफी काम किए जाने के बावजूद अभी भी ऊंचाहार के काफी गरीबों के घर में केवल एक जून की रोटी बन पाती है। सुबह का पका खाना लोग शाम को खाकर सोते हैं। मुझे इस स्थित को खत्म करना है। मुझे हर गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाना है। उन्होंने यहां से भावनात्मक रिश्ते की चर्चा करते हुए कहा कि मैं जीवन पर्यंत ऊंचाहार से जुड़ा रहूंगा। समाजवादी पार्टी से अपने रिश्तों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने पार्टी को अपने खून से सींचा है, लगातार एक पार्टी में तीन दशक से अधिक समय तक जुड़ा रहा हूं। लखनऊ के वातानुकूलित कमरे में बैठकर गांव के जमीन की हकीकत को नहीं समझा जा सकता है। गांव के गरीबों को समझने के लिए उनके बीच में जाना होगा। आज बहुत लोग पार्टी के परेशान थे, उनके काम नहीं हो रहे थे। लोग दर दर की ठोकरे खा रहे थे। अंत में उन्होंने कहा कि हमारे कुछ समर्थक कार्यकर्ता मुझसे सवाल पूछते हैं कि क्या मैं लोकसभा चला जाऊंगा ? उन्होंने कार्यकर्ताओं से सवालिया लहजे में कहा कि आप मुझे लोकसभा क्यों भेजना चाहते हो? क्या मुझसे ऊब गए हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि मैं कहीं नहीं जाने वाला। ऊंचाहार में ही रहूंगा और ऊंचाहार के लोगों के लिए काम करता रहूंगा। इस मौके पर सपा के ब्लॉक प्रभारी बृजेश यादव, गंगा विष्णु यादव, ग्राम प्रधान राजू यादव, प्रधान भुन्ना तिवारी, प्रधान आकाश यादव, आशीष तिवारी, आशीष शुक्ला, लक्ष्मण शुक्ला, विनय शुक्ला, अंकित द्विवेदी, दिवाकर तिवारी रहे।

आयुर्वेदः आयु का विज्ञान

आनंदपूर्ण जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवन शैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतर्संगीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योग गुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था।

शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, "भारतीयों की रूचि शरीर रचना संबंधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।" अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यो चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है।

यूरोप में एलोपैथी का विकास 17 वीं सदी के आसपास हुआ। एच.एस.मेन ने लिखा है, "भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई.पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था।" एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डा. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था।

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थ व्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं।

इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं। इसका चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एम.आर. आई. सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कारोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं।

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवन शैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूवात जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं। आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है।" फिर रोगों का कारण बताते हैं" इन्द्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं।" रोगों से बचने के लिए जीवन शैली पर जोर है। यह प्राकृतिक होनी चाहिए। कोरोना महामारी के समय रोग निरोधक शक्ति की चर्चा थी। चिकित्सा विज्ञान में इसकी प्रभावी दवा नहीं है। आयुर्वेद में गिलोय सहित अनेक औषधियां रोग निरोधक शक्ति बढ़ाने वाली कही जाती थीं। महामारी की अवधि में ऐसी औषाधियों की मांग बढ़ी। अश्वगंधा, जटामांसी, गुग्गुल जैसी औषधियों का प्रयोग बढ़ा। चाय की जगह काढ़ा शिष्टाचार बना। चरक संहिता में सैकड़ों रोगों के उपचार हैं। अवसाद की भी औषधि है। अथर्ववेद के ऋषि ज्वर उत्ताप पर भी सजग थे। कहते हैं, "कुछ ज्वर एक दिन छोड़कर, कुछ दो दिन बाद आते हैं। ज्वर अपने साथ परिवार भी लाता है। यह अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी इसकी बहिन है। राजयक्ष्मा भतीजा है। इनकी औषधियां हैं।" कोरोना के समय रोगी को समाज से अलग रखा जाता था। अथर्ववेद (2.9) में कहते हैं, "रोग के कारण समाज से अलग रहे ये व्यक्ति पुनः जनसपर्क में जाए।"

आयुर्वेद में शरीर की रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने की औषधियां हैं। माना जाता है कि इस क्षमता को बढ़ाकर रोगों को रोका जा सकता है। एलोपैथी में शरीर का तापमान बढ़ने पर पैरासीटामाल दी जाती है। एन्टीबायटिक भी देते हैं। इन औषधियों का बुरा प्रभाव होता है। एसीटाइल सैलिसिलिक एसिड रक्त को तरल बनाने की दवा बताई जाती है। चिकित्सक इसे हार्ट अटैक से बचने की दवा भी बताते हैं। इसके प्रयोग के भी खतरे हैं। आयुर्वेद में रक्त तरलता की औषधियां हैं। आधुनिक चिकित्सा में साइड एफेक्ट बड़ी समस्या है। पर ऐसी छोटी बातों से कोई पद्धति हेय या श्रेय नहीं हो जाती। रोग मुक्ति के लिए औषधियों की उपयोगिता है। स्टरायड खतरनाक दवा है। संभवतः इसका प्रभावी विकल्प नहीं है। ऐसे मामलों में शोध की आवश्यकता है।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में निरंतर शोध चलते हैं। अभी भी चल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन संसूचित रहता है। पहले वैज्ञानिक शोध और फिर किन्हीं जीवों पर प्रभाव का आंकलन। फिर मनुष्यों पर दवा के प्रभाव का आकंलन। यह अच्छी बात है। लगातार शोध से चिकित्सा विज्ञान समृद्ध होता है। लेकिन आयुर्वेद में शोध की आत्मनिर्भर व्यवस्था नहीं है। यों भारत में आयुर्वेद का सम्मान बढ़ा है। ज्ञान विज्ञान क्षेत्रीय नहीं होते। वे शोध सिद्धि के बाद सार्वजनिक संपदा बन जाते हैं। आयुर्वेद आयु का वेद है। इसमें भोजन, पाचन, श्वसन, चिंतन, तनाव, स्मृति और निद्रा भी स्वस्थ रहने के विषय हैं। आयुर्वेद का प्रभाव भी अंतर्राष्ट्रीय हो चुका है लेकिन इसमें भी शोध की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और आयुर्वेद सहित अन्य चिकित्सा प्रणालियों में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सबका उद्देश्य मानवता का स्वास्थ्य है। सभी पद्धतियों को परस्पर ज्ञान का आदान प्रदान करना चाहिए। योग गुरु सहित किसी भी महानुभाव को इस या उस चिकित्सा प्रणाली की आलोचना का कोई अधिकार नहीं है। ज्ञान अपना पराया नहीं होता। सभी पद्धतियों का लक्ष्य एक है। सबकी अपनी विशेषता है। सभी विज्ञान हैं। लेकिन सीमा भी है। डाईबिटीज से विश्व का बड़ा भाग पीड़ित है। इस रोग को समाप्त करने की दवा नहीं है। पारकिंसन (कम्पन रोग) की भी दवा नहीं है। इन्हें संयत करने की दवाइयां आजीवन खानी पड़ती है। मस्तिष्क की गतिविधि का बड़ा भाग अज्ञेय है। मानव मस्तिष्क जटिल संरचना है। सुख, दुख, ज्ञान व बुद्धि की अनुभूति मस्तिष्क क्षेत्र की गतिविधि से होती है। सुनते हैं कि प्रार्थना का प्रभाव गहन होता है। अवसाद का जन्म और विकास मस्तिष्क में होता है। विषाद का भी। उल्लास और प्रसाद प्रसन्नता देते हैं। इसका उल्टा भी हो सकता है। संभव है कि प्रसन्नता से उल्लास आता हो। स्वप्नों का केन्द्र भी मस्तिष्क है। सिगमण्ड फ्रायड ने 'साइको एनालिसिस' लिखी थी। फ्रायड का 'लिविडो'-कामना क्षेत्र विचारणीय है। फ्रायड ने सृजन कार्य को भी लिविडो से जोड़ा था। लेकिन पतंजलि के योग सूत्रों में चित्त की पांच प्रवृत्तियों को ही सुख दुख का कारण बताया गया है। अथर्ववेद के काम सूक्त में कविता को काम की पुत्री बताया गया है। सभी प्रणालियों को मिलाकर शोध की जरूरत है। सभी पद्धतियों के विशेषज्ञों में सतत् संवाद चलते रहना चाहिए। प्राचीनता और आधुनिकता का संगम राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में फलप्रद होता है। निंदा आलोचना का कोई औचित्य नहीं है।

शब्द अमृत भी और विष भी

धर्मकथाओं,किंवदंतियों और साहित्य में मणिधारी सर्पों का जिक्र किया जाता है। धारणा है कि इन सर्पों की मणि बहुत लाभप्रद होती है और यह मणि जिसे मिल जाती है,वह तत्काल अत्यंत धनी हो जाता है। इस तरह की बातों को लेकर अलग-अलग धारणा है। विज्ञान जगत फिलहाल इसे स्वीकार नहीं करता है।

मणिधारी सर्प की इस धारणा को गहराई से देखा जाए और सर्पों को यदि दरकिनार कर मणिधारी जीव में मनुष्य के जीवन पर दृष्टि डाली जाए तो यह बात मानव जगत के लिए सही बैठती है। सर्पों के लिए धारणा है कि वे कंठ में मणि रखते हैं और उसे जब बाहर निकालते हैं तो उस मणि से प्रकाश तथा चमक निकलती है। इसकी जगह मनुष्य अपने कंठ से मृदु शब्द जब बोलता है तो वह भी किसी मणि से कम नहीं होता। उसकी भी चमक होती है जबकि कटु वचन जहर की तरह ही होता है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

प्राचीन ग्रंथों में बहुत सारी कथाएं मनुष्य जीवन को ही दृष्टि में रखकर प्रचलित हुई हैं। कोई साहसी व्यक्ति है और उन विपरीत परिस्थितियों से जूझ जाता है जिससे सामान्य लोग घबराते हैं तब उसकी बहादुरी की तुलना शेर से की जाती है। इसी के साथ हिंसक तथा निर्दयी व्यक्ति की भी तुलना हिंसक पशुओं से की जाती है। इसी के साथ सुंदरता की तुलना भी पशु-पक्षियों से होती है। आंख अच्छी है तो खंजन और मृग से,चलने की तुलना हंस की चाल से होती है। इसके अलावा भावनाओं के मामले में भी उदाहरण के तौर पर लगातार प्रयास करने के मामले में कौए से,ध्यान लगाने की तुलना बगुले से और नींद के मामले में कुत्ते से तुलना की गई है। इसके अलावा भी ढेरों उदाहरण पशु-पक्षियों से तुलना के संदर्भ में गिने जा सकते हैं।

दरअसल ब्रह्मांड में जो भी व्याप्त है,वह मनुष्य शरीर में विद्यमान है। सूरज, चांद, सितारे, पेड़-पौधे, नदी-झरने, पशु-पक्षी आदि की शक्ति मनुष्य में विद्यमान है। कुछ पशु ऐसे हैं,जो बच्चे को जन्म देते हैं तो अपना दुग्ध पान मानव बच्चे की तरह कराते हैं। जबकि चिड़िया, तोता, कौआ, कोयल आदि पक्षी बच्चे को सीधे जन्म नहीं देते,बल्कि अंडे के रूप में देते हैं और अपने पंखों के स्पर्श से उन अंडों में जान डालते हैं। मानव के बच्चे को भी मां, पिता और परिवार जनों की मानसिक ऊर्जा मिलती है। इस तरह यह बिल्कुल सही है कि जो ब्रह्मांड में है वहीं मनुष्य पिंड में है।

इन सारी बातों के आधार पर यह धारणा बनी कि मनुष्य चाहे तो मणिधारी सर्प के रूप में अपनी जिह्वा से मधुर शब्दों का प्रयोग कर अकूत लाभ प्राप्त कर सकता है। मनुष्य की जिह्वा किसी सर्प से कम नहीं है। प्रायः अलग-अलग समय पर अलग-अलग विरोधास्पद बात करने वाले को दोमुंहा सांप की ही संज्ञा दी जाती है। मनुष्य के लिए ही 'आस्तीन का सांप' मुहावरा प्रचलित है। इसके अलावा सद्गुणों से रहित इंसान को पशु समान ही कहा गया है। यह पूरी तरह सच है कि जीवन में वाणी का बहुत ही महत्व है। वाणी के मधुर शब्द वीणा के तारों से झंकृत होकर निकले संगीत की तरह लगते हैं। जबकि कठोर,छिद्रान्वेषण, चुगली आदि के शब्दों से व्यक्ति का महत्व कम होता है।

प्राचीन समय के राजाओं-महाराजाओं के दरबारों में बातचीत के लहजे से ईनाम आदि मिलने की बात तो कही ही जाती है, पर आधुनिक जीवन में देखा जाए तो बातचीत का लहजा ही बताता है परवरिश हुई है या सिर्फ पाले गए हैं। घर-परिवार, समाज, कार्यालय, न्यायालय तक में जिस भी व्यक्ति के बात का तरीका जितना उत्तम होता है, उसकी सुनवाई उतनी ही अधिक ही होती है। इसलिए शब्दों को खूब तौल कर बोलना चाहिए ताकि वह मणि बन जाए न कि जहर।

देवभावना का स्रोत है मानव मन

अज्ञात और अनंत ब्रह्मांड में अपने को समायोजित करने के लिए मनुष्य ने अपनी भावनाओं, संवेदनाओं, मान्यताओं, कल्पनाओं और विचारों के ताने-बाने से बुनकर विश्वास प्रणाली के रूप में अपने लिए एक मानसिक-कवच तैयार किया है और उस मानसिक -कवच से सुरक्षा की भावना और जीवन की शक्ति प्राप्त की है।

इस जिंदगी में जहां कदम-कदम पर सामाजिक और प्राकृतिक विपदाएं, कठिनाइयां, प्रतिकूलताएं और कष्ट हैं तथा कदम-कदम पर रक्षा की समस्या है, यह विश्वास प्रणाली मनुष्य की एक जीवनी शक्ति "डूबते को तिनका का सहारा" बन जाती है। विपदा में धैर्य का हेतु बन जाती है। जहां कहीं और जब कभी मनुष्य अपने को परास्त अनुभव करता है,वहीं मन के अज्ञात स्तरों से कोई रहस्यमयी शक्ति उसे आश्वस्त करती है, वह उसका विश्वास या अंतर्निहित भाव ही है। उस विश्वास या अंतर्निहित भाव से मनुष्य ब्रह्मांड में सर्वत्र एक दिव्य शक्ति का आभास पाता है। यह अंतर्निहित भाव ही देवता का मूल कारण है। संस्कृत में कहावत है- देवाः भावस्तु कारणम्!

अवश्य ही यह देवभावना हार की मनः स्थिति से जन्म लेती है, परंतु उसका कार्य विजय प्राप्त करना होता है। जब मन देवता को आत्मसमर्पण करता है तब वह अवश्य ही निरीह ही प्रतीत होता है, परंतु उसकी जीवनयात्रा इस विश्वास शक्ति के संबल से ही पूर्ण होती है आशा और विश्वास इस देव-भावना का सार तत्व है। यह देवता की ही शक्ति है, जो गहन संकटों में उसे सहारा देती है तथा अत्याचारी एवं बर्बर शक्ति के सामने भी तनकर खड़ी हो जाती है। विराट परिवेश में दुखों और कष्टों के बीच मन को सहारा देने वाले इस सुरक्षा कवच अर्थात् विश्वास प्रणाली को लोकमन धर्म के रूप में स्वीकार कर लेता है। मनुष्य का मन जहां अपनी भौतिक-शारीरिक शक्ति की सीमा देखता है, वहीं से उसके मन में यह देव भावना प्रारंभ हो जाती है। अपनी भौतिक शारीरिक शक्ति की क्षतिपूर्ति मनुष्य अपने मन की अज्ञात स्तरों से रहस्यमयी मनोवैज्ञानिक या आंतरिक शक्ति के रूप में "दिव्य शक्ति की परिकल्पना" के द्वारा प्राप्त करता है। इस परिकल्पना को मन की क्षति-पूरक प्रक्रिया भी कह सकते हैं। सामाजिक समायोजन के लिए देव भावना में एक नैतिकता का आधार है कि वह ईश्वर या देवता मूल्य विरुद्ध आचरण करने वाले पापी को दंड देता है तथा सामाजिक पुण्य का आचरण करने वाले को पुरस्कार दे देता है। यह देवता कंस, रावण, शिशुपाल, जरासंध जैसे असुरों राक्षसों और दैत्यों का वध करता है तथा संतों-भक्तों या निर्बल के ऊपर अनुग्रह करता है। हिरण्यकशिपु के सामने ईश्वर प्रह्लाद के साथ रहता है और सुरुचि के सामने ईश्वर ध्रुव के साथ रहता है। कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है। अहंकार, ममता और स्वार्थ के सामने वह सदा समाज हित, प्राणि मात्र के हित और परमार्थ के साथ खड़ा है। दुर्योधन और दुःशासन के सामने वह द्रौपदी के साथ खड़ा है। देवभाव,अहंकार, काम, क्रोध, लोभ, हिंसा, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध है। क्षमा, सत्य, विनय, अहिंसा, करुणा, मैत्री और शांति की सामाजिक शक्तियों का आश्रय देवभाव में है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि देव भाव में मनुष्य की मूल प्रवृत्तियों के प्रवाह का सहज मार्ग है। लोकमन देवता से सौभाग्य सुख की कामना करता है-पुत्र प्राप्ति का वरदान मांगता है, भय से निवारण की अभिलाषा करता है, विजय की इच्छा करता है, धन संपत्ति वैभव विलास के वरदान की कामना करता है। देवभाव मंगल का केंद्र है। देव भावना में रति सिसृक्षा, तृष्णा, प्रभुता, गौरव आदि मूल प्रवृत्तियां सक्रिय हैं। शास्त्रों में जितने भी स्तोत्र मंत्र आदि हैं,सबके साथ फल श्रुति के रूप में इन मूल प्रवृत्तियों को हम देख सकते हैं। अमुक कथा सुनने से सौभाग्य मिलता है, अमुक व्रत करने से पुत्र प्राप्त होता है, अमुक यज्ञ करने से राज्य लाभ होता है, अमुक देवता को पूजने से प्रभुता प्राप्त होती है। अमुक स्तोत्र पढ़ने से लक्ष्मी प्राप्त होती है, धन मिलता है। यह मूल प्रवृत्तियां ही तो हैं।

देवभाव की संरचना में मानवमन का प्रतिबिंब सर्वत्र देखा जा सकता है। वह देवता निर्गुण निराकार है या सगुण साकार है, साकार में भी वह किसी अन्य प्राणी के रूप में है या मानव शरीर में, वह प्रत्येक रूप में मानव मन है, जो प्रसन्न होता है तो कृपा करता है, प्रसन्न होने पर वरदान देता है और अप्रसन्न होने पर अनिष्ट कर देता है।

यह बिल्कुल मानवीय स्वभाव है, क्योंकि देवभावना का स्रोत ही मानव मन है। देवभाव में मानव मन का होना नितांत स्वाभाविक ही है। इतना ही नहीं, देव भावना पारिवारिक परिवेश के अनुकरण पर आधारित भी है। देवता माता और पिता है- तुम्हीं हो माता, पिता तुम्हीं हो। माता-पिता का यह भाव हमें अपने पारिवारिक परिवेश से ही प्राप्त होता है। जगदंबा हो या परमपिता परमेश्वर यह दोनों अवधारणाएं परिवार से प्राप्त होती हैं।

जागना जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया

हम नींद में हैं या उस्नींदे हैं या जाग रहे हैं, लेकिन आंखें बंद करके पड़े हुए हैं। इसका अर्थ यह है कि हम अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को यूं ही जाने दे रहे हैं। घड़ी की हर एक टिकटिक के साथ आपका जीवन कम होता जा रहा है। अपनी जागरूकता से इन अमूल्य पलों की महत्ता को समझा जा सकता है, लेकिन प्रश्न यह है कि खुद को जागरूक कैसे करें?

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

सोना और जागना हमारे जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया है। पूरे दिन का एक तिहाई समय सोने और दो तिहाई जागकर रहने के लिए होता है। जागकर रहने का मतलब केवल आंखें खोलकर रहना नहीं होता, मन को जागृत करके रखना होता है, हरेक गतिविधि पर सतर्कता कायम रखना होता है, जो भी हो रहा है, यदि हम बेहोशी में कर रहे हैं तो इसका मतलब है कि हम कुछ नहीं कर रहे हैं, वह अपने आप ही हो रहा है। टू-व्हीलर या फोर-व्हीलर चलाते समय हमारी मानसिक स्थिति गौर किया जाए तो हम लगभग बेहोशी में चलाते हैं। व्हील, एक्सीलरेटर और ब्रेक स्वाभाविक रूप से संचालित होते रहते हैं। हमारा ध्यान कहीं और रहता है। इस ध्यान की अनुपस्थिति का अर्थ है, मन का जागृत न होना।

मन को जागृत करने का अर्थ है, प्रत्येक क्रिया के प्रति मानसिक रूप से सतर्क रहना। जो भी हम कर रहे हैं या जो कुछ हमारे आसपास हो रहा है उसके प्रति सजग रहना। हमारे जीवन में एक क्रिया निरंतर होती है, श्वांस लेने की। वह आती-जाती रहती है, लेकिन एक मिनट के लिए यदि श्वांस को अवरुद्ध कर दिया जाए तो उसकी उपयोगिता समझ में आ जाएगी। हमारे शरीर के लिए इतनी अधिक आवश्यक क्रिया के प्रति हम सचेत नहीं रहते, उसे ध्यान से नहीं देखते। ऐसी अनेक लापरवाहियां हमारे साथ निरंतर घटती रहती हैं और हम उसके प्रति जरा भी गंभीर नहीं रहते।

पहली महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू

सन् 1925 में सरोजिनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की अध्यक्ष चुनी गईं। तब तक वह गांधीजी के साथ दस वर्ष तक काम कर चुकी थीं और गहरा राजनीतिक अनुभव पा चुकी थीं। आजादी के पूर्व भारत में कांग्रेस का अध्यक्ष होना बहुत बड़ा राष्ट्रीय सम्मान था और वह जब एक महिला को दिया गया तो उसका महत्व और भी बढ़ गया।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

गांधीजी ने सरोजिनी नायडू का कांग्रेस प्रमुख के रूप में बड़े ही उत्साह भरे शब्दों में स्वागत किया, 'पहली बार एक भारतीय महिला को देश की यह सबसे बड़ी सौगात पाने का सम्मान मिलेगा। अपने अधिकार के कारण ही यह सम्मान उन्हें प्राप्त होगा।' सरोजिनी ने स्वयं अपने बारे में कहा-'अपने विशिष्ट सेवकों में मुझे मुख्य स्थान के लिए चुनकर आप लोगों ने कोई नई मिसाल नहीं रखी है। आप तो केवल पुरानी परंपरा की ओर ही लौटे हैं और भारतीय नारी को फिर से उसके उस पुरातन स्थान में ला खड़ा किया है, जहां वह कभी थी।' अपने अध्यक्षीय भाषण में सरोजिनी नायडू ने भारत के सामाजिक, आर्थिक औद्योगिक और बौद्धिक विकास की आवश्यकता की बात की। प्रभावशाली शब्दों में उन्होंने भारत की जनता को अपने देश की स्वाधीनता के लिए हिम्मत और एकता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

गोलमेज कांफ्रेंस में महात्मा गांधी के प्रतिनिधि मंडल में सरोजिनी नायडू भी सम्मिलित थीं। रॉलेट एक्ट का विरोध करने के लिए सरोजिनी नायडू ने महिलाओं को संगठित किया। जब 1932 में महात्मा गांधी जेल गए थे, उस समय आंदोलन को रफ्तार देने और बढ़ाने का दायित्व सरोजिनी नायडू को सौंप कर गए थे। गांधीजी ने कहा था- 'तुम्हारे हाथों में भारत की एकता का काम सौंपता हूं।' भारत का पक्ष रखने के लिए महात्मा गांधी ने उन्हें अमेरिका भेजा था। सरोजिनी नायडू ने महिलाओं का नेतृत्व करते समय नारी समाज की उन्नति के अथक प्रयास किए। देश के स्वतंत्र होने पर उन्हें उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया, जो भारत की पहली महिला राज्यपाल भी थीं।

उच्च शिक्षा में अस्तित्व की तलाश में हिंदी बाल साहित्य

साहित्य वह माध्यम है जिससे लेखक अपने विचार, भावनाएं और विचारों को पढ़ने व समझने वाले लोगों के साथ साझा करता है। साहित्य विशेष रूप से रचनात्मकता और भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम है जिससे पाठकों को उनके विचारों और भावनाओं का सामंजस्य बनाने में मदद मिलती है। इसके कई रूप होते हैं जैसे कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक, गजल और अन्य। हर एक रूप में भाषा का अद्वितीय उपयोग किया जाता है।

प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

> हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है।

बाल साहित्य एक ऐसा साहित्य है, जो बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया जाता है और उन्हें उनके विकास के सभी पहलुओं में सहायक साबित होता है। बच्चों की नींव से उन्हें समाज, विज्ञान, भौतिकी, संस्कृति, इतिहास और मनोविज्ञान जैसे विभिन्न विषयों में रूचि उत्पन्न होती है। बाल साहित्य सरल भाषा में लिखा गया होता है ताकि बच्चे आसानी से उसे समझ सकें और उससे प्रेरित हो सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 छात्र आधारित शिक्षा नीति है। वार्षिक शिक्षा प्रणाली के स्थान पर सेमेस्टर प्रणाली को लागू किया गया है। स्नातक स्तर पर परंपरागत व्यवस्था के स्थान पर तीन मेजर विषय और एक माइनर विषय का प्रावधान है। इसमें मुख्य विषय के साथ-साथ को करिकुलर/व्यावसायिक पाठ्यक्रम/(वोकेशनल)/ स्किल डेवलपमेंट आदि को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। को-करिकुलर के रूप में प्रत्येक सेमेस्टर में एक विषय को अनिवार्य बनाया गया है। को-करिकुलर विषय-खाद्य पोषण एवं स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा एवं योग, मानव मूल्य एवं पर्यावरण, विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनेस, संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास हैं। व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्थानीय आवश्यकताओं की अनुसार विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम निर्धारण की छूट दी गई है।

इसमें तीन मेजर विषय और एक माइनर के साथ प्रत्येक सेमेस्टर में एक को-करिकुलर तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम को अनिवार्य बनाया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिगत सभी विषयों को पांच संकायों/ स्ट्रीम/ भागों में बांटा गया है जैसे-संकाय 1-कला एवं मानविकी, संकाय 2-लैंग्वेज/ लिटरेचर, संकाय 3- विज्ञान, संकाय 4- कॉमर्स, संकाय 5- मैनेजमेंट। अर्हता के अनुसार छात्र एक संकाय से दो मेजर विषयों का चयन करेगा। यह छात्र का अपना संकाय कहलाएगा। तीसरा मेजर वह किसी भी संकाय से ले सकता है इसके लिए कोई प्रतिबंध नहीं है। छात्र का अध्ययन एक या दो अधिक संकायों तक ही सीमित न रहे इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में माइनर की संकल्पना की गई कि वह तीसरे संकाय के किसी विषय को भी अपने अध्ययन में शामिल कर सकता है। किसी भी विषय के माइनर का पाठ्यक्रम बनाते समय यह ध्यान रखना होगा कि उस विषय के मुख्य मुख्य उपयोगी भाग/सिद्धांत पाठ्यक्रम का हिस्सा हो और संपूर्ण विषयवस्तु पाठ्यक्रम में समाहित हो ताकि विषय की सामान्य जानकारी छात्र को हो सके।

हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है। सेमेस्टर ही नहीं अपितु पाठ्यक्रम का कोई अंश भी बाल साहित्य के रूप में नहीं है। माइनर विषय के रूप में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर बाल साहित्य को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है। स्नातक स्तर पर किसी एक सेमेस्टर में बाल साहित्य को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जा सकता है। स्नातकोत्तर स्तर पर एक पेपर के रूप में विभिन्न बाल साहित्यकारों का अध्ययन पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है उनके कृतित्व और व्यक्तित्व से छात्र प्रेरणा लेंगे। जब तक बाल साहित्य पाठ्यक्रम में शामिल नहीं होगा, शोधार्थी बाल साहित्य के विभिन्न अवयवों को अपनी शोध की विषय वस्तु नहीं बना सकते, जो हिंदी बाल साहित्य के क्षेत्र में शोध की अपूर्णीय क्षति होगी।

मर्यादा और पाखंड

लोग दो तरह से जीते हैं। एक, अपने अनुसार। दो, दूसरों के अनुसार। अपने अनुसार जीना सुख है, दूसरों के अनुसार जीना दिखावा या पाखंड। दिखावा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। मर्यादा दो प्रकार की होती है-उच्च कोटि की और निम्न कोटि की। जिस मर्यादा का संबंध समझदारी से होता है, वह उच्च कोटि की होती है और जिसका संबंध समझ से रहित लोक प्रचलित धारणा से होता है, वह निम्न कोटि की होती है। दूसरी कोटि की मर्यादा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। प्रथम कोटि की मर्यादा उनकी समझ में नहीं आती।

एक उदाहरण से अपनी बात समझाने का प्रयत्न कर रहा हूं। मुझे दाल पकानी है। एक समय आएगा जब दाल पक जाएगी। जिस बिंदु पर दाल पक जाएगी, वहीं बिंदु उसकी मर्यादा हुई। उससे कम आंच में वह कच्ची रह जाएगी और अधिक आंच में जल जाएगी। कम या अधिक आंच मर्यादा का उल्लंघन है। मर्यादा के उल्लंघन का माने हुआ आपका नुकसान। अगर आपके कार्य से आपका और किसी अन्य का नुकसान न हो तो आपने मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया।

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कुछ दालें दो सीटियों में सीझ जाती हैं, कुछ चार में, कुछ छह में। उनकी मर्यादा एक नहीं हुई। अनुभवी लोग इसे जानते हैं और तद्नुसार अपने हित में मर्यादा का निर्धारण करते हैं, लेकिन जिनके पास अनुभव नहीं है, जिन्होंने सुन रखा है कि दाल चार सीटियों में सीझती है तो वह आदमी चक्कर में पड़ सकता है। दाल दो सीटियों वाली हुई, तो जल जाएगी और छह सीटियों वाली हुई तो कच्ची रह जाएगी। समाज में जो मर्यादा का अर्थ प्रचलित है, वह इसी तरह सुनी-सुनाई बातों पर आधारित है, बोध पर आधारित नहीं है। बोध पर आधारित मर्यादा देशकाल और व्यक्ति के अनुसार अलग-अलग होती है, जबकि जड़ लोगों की मर्यादा देशकाल और व्यक्ति का ख्याल न रखकर सदा एक समान होती है। इस जड़ता का श्रेय हमारी शिक्षा प्रणाली को जाता है,जो बोध पर केंद्रित नहीं है। पुरानी मर्यादा है कि जो पुरुष स्त्रियों की उनके काम में मदद करते हैं, वे मौगा कहलाते हैं और स्त्री-पुरुषों के बीच हेय दृष्टि से देखे जाते हैं। इसलिए पुरुष सार्वजनिक रूप से उनकी सेवा करने से कतराते हैं। कोई नहीं देख रहा है, तब उन्हें कोई दिक्कत नहीं होती।

एक समय की बात है। मेरी प्रेमिका नहाकर निकली। उसे जल्दी से कहीं जाना था। देर हो रही थी। इसी बीच उसे छत पर धूप में कपड़े भी सुखाने टंगनी पर डालने थे। मैंने कहा, तुम निकल जाओ। मैं इसे छत पर धूप में डाल दूंगा।

"लोग क्या कहेंगे?" वह बोली।/ "तुम भी लोगों के अनुसार चलोगी?" मैंने कहा। उसने एक नजर मुझ पर डाली और मुस्कुराकर चली गई। मैं छत पर गया और बाल्टी से एक-एक वस्त्र निकाल कर टंगनी पर लटकाने लगा-साड़ी,ब्लाउज आदि। सटी दूसरी छत पर खड़ी एक-एक स्त्री लगातार मुझे घूरती रही। आजतक उन्होंने मुझे उस नजर से नहीं देखा था, जिस नजर से आज देख रही थी। इसी नजर से बचने के लिए तो पुरुष यह कर्म नहीं करते हैं।

मैं सोचने लगा कि वह स्त्री मेरे बारे में किस तरह की धारणा बना रही होगी। एक मन से तो वह भर्त्सना कर रही होगी-कैसा मौगा मर्दाना है। शायद दूसरे मन से अपने पति को कोस भी रही होगी और मेरी प्रिया के भाग्य की सराहना भी कर रही होगी। काश, मेरे पति भी ऐसा कर देते। जाते-जाते मेरी प्रिया हिदायत भी देती गई थी कि घर में पोंछा नहीं लगाइएगा। मैं आऊंगी, तो लगाऊंगी, लेकिन इस तरह की हिदायत मानता कौन है? बोध वाले लोग पुरानी मर्यादा अथवा पुराने संस्कारों से एक झटके में बाहर हो जाते हैं, जबकि अबोध लोग उसे प्रतिष्ठा की बात समझकर ढोते रहते हैं। निष्कर्ष यह कि बोध केंद्रित मर्यादा मर्यादा है और लोग केंद्रित मर्यादा दिखावा या पाखंड।

एक नजर

पीएम का वाराणसी से चुनाव लड़ना गर्व की बात: मुख्यमंत्री योगी

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार वाराणसी से लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि प्रधानमंत्री को दोबारा देश की सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी से लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बनने पर 25 करोड़ प्रदेश वासियों की ओर से हार्दिक अभिनंदन। उन्होंने कहा कि यह काशी समेत पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

39 सीएचसी में डॉक्टर व फार्मासिस्ट के 78 पद सृजित

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रामीण क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों(सीएचसी) पर चिकित्सकीय सेवाएं और मजबूत होंगी। इसके लिए शासन द्वारा हर सीएचसी पर एक चिकित्सक और एक फार्मासिस्ट का पद सृजित कर, चिकित्सक व फार्मासिस्टों की संख्या बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसचिव पीयूष कुमार ने लखनऊ की तीन सीएचसी समेत कुल 39 सीएचसी के लिए 39 चिकित्साधिकारी व 39 फार्मासिस्ट के पद सृजित किये हैं।

जल निगम में बढ़ेंगे 155 जूनियर इंजीनियर

अमृत विचार, लखनऊ : जल्द ही उप्र जल निगम(नगरीय) को 155 जूनियर इंजीनियर्स(जेई) की फौज मिलेगी। विभाग में 129 सिविल इंजीनियर और 26 जेई विद्युत की नियुक्ति होगी। 4200 ग्रेड पे के रिक्त चल रहे पदों पर नियुक्ति के लिए शासन ने अधियाचन भेजने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

अन्नपूर्णा भवनों से जेनरिक दवाएं भी मिलेंगी, बनेंगे जरूरी प्रमाण पत्र

79,000 उचित दर दुकानों पर ई-पॉस मशीनों से खाद्यान्न वितरण की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: अब अन्नपूर्णा भवनों से जेनरिक दवाएं भी मिलेंगी। लोगों को जरूरी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में खाद्य रसद विभाग और ग्राम्य विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 1,100 अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण किया, साथ ही, 79,000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव सुशासन का मॉडल ही रामराज है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कार्यों में अधिकाधिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से आम लोगों की जिंदगी में तेजी से बदलाव आया है। जीवन के हर क्षेत्र में सुधार से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि भ्रष्टाचार भी समाप्ति की ओर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयास से हर गरीब को खाद्यान उपलब्ध कराने में हम सफल हुए हैं। 2014 से पहले जरूरतमंदों को राशन नहीं मिल पाता था। उनके नाम पर राशन कार्ड तो होता था, मगर राशन कोई और ही डकार जाता था।

कोटेदार के बदलने पर भी राशन की दुकानें नहीं बदलेंगी: मुख्यमंत्री ने लोकार्पित हुए 1100 अन्नपूर्णा भवनों के बारे में बताते हुए कहा कि अब राशन कोटे के लिए अन्नपूर्णा भवन स्थाई भवन हो गए हैं। अब कोटेदार के बदलने पर भी राशन की दुकानें नहीं बदलेंगी। राशन के साथ ही अन्नपूर्णा भवनों से घर की अन्य आवश्यक वस्तुओं की भी पूर्ति की जाएगी। यहीं पर कॉमन सर्विस सेंटर भी होगा, जहां से जन्म, मृत्यु, आय, जाति प्रमाणपत्र जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। आज 11 सौ दुकानें से इसकी शुरुआत हो रही है, शीघ्र ही प्रदेश के 80 हजार राशन कोटे की दुकानों के लिए ये व्यवस्था हो जाएगी।

लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उचित दर विक्रेता को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपते मुख्यमंत्री योगी व अन्य। अमृत विचार

▸▸ 1,100 अन्नपूर्णा भवनों का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

सीएम ने सौंपी अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 10 उचित दर विक्रेताओं को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। इसमें लखनऊ से जगलाल, रायबरेली के अशोक कुमार और धीरेन्द्र विक्रम, बाराबंकी की रेखा देवी और पुष्पा देवी, उन्नाव के लोकई प्रसाद और मालती देवी, हरदोई से अंजनी कुमार और जितेन्द्र, सीतापुर मोहम्मद नियाज खान को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। लाभार्थियों को राशन किट भी उपलब्ध कराया।

टेक्नोलॉजी के जरिए दूर होगी पैमाइश की समस्या

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बहुत शीघ्र कुछ और बहुत बड़े कदम उठाने जा रही है। हर राशन कार्ड के आधार सीडिंग का कार्य चल रहा है। हर व्यक्ति की फैमिली आईडी तैयार हो रही है, जिससे एक जगह बैठे-बैठे तय हो जाएगा कि किसे कौन सी सुविधा मिली है या कौन सी सुविधा देनी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बहुत जल्द प्रदेश की जनता को अपने राजस्व के कागजातों को देखने के लिए तहसील के चक्कर नहीं लगाने होंगे। एक जगह से ही उन्हें अपने सभी दस्तावेज प्राप्त हो जाएंगे। इस सुविधा को आगे वरासत की प्रक्रिया के साथ भी जोड़ा जाएगा, यही नहीं पैमाइश की समस्या को भी टेक्नोलॉजी के माध्यम से हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाएगा।

1006 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

अमृत विचार, लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर में महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित समारोह के 1006 करोड़ रुपये की 48 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विकास के लिए बैरियर नहीं, ब्रेक थ्रू की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि अगर समान विचार के लोग शासन के सभी स्तरों पर नहीं होंगे तो वे विकास में बैरियर का काम करेंगे, इसलिए केंद्र, राज्य, नगर निकाय, जिला पंचायत, विकास खंड और ग्राम पंचायत स्तर पर समान विचार वाला नेतृत्व होना चहिए। सांसद रवि किशन शुक्ल ने कहा कि अब गोरखपुर में निवेश है, रोजगार है और अच्छी शिक्षा व्यवस्था है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आयुष्मान योजना, पीएम आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, पीएम स्वनिधि योजना, कृषि एवं उद्यान विभाग की योजनाओं, ओडीओपी योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र व किट देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गोरखपुर में ब्लड बैंक और 10 बेड की डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण किया। इसके बाद ब्लड बैंक व डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण किया।

दो उच्च अधिकारियों में अधिकारों को लेकर छिड़ी जंग

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक प्रशिक्षण व निदेशक प्रशासन ने एक-दूसरे को लिखा जवाबी पत्र

अमृत विचार: स्वास्थ्य भवन में चिकित्सा संवर्ग के महानिदेशक प्रशिक्षण और आईएएस संवर्ग के निदेशक प्रशासन में अधिकारों को लेकर छिड़ी जंग चर्चा का विषय बन गई है। महानिदेशक प्रशिक्षण ने स्वयं के अनुमोदन के बाद ही कार्य होने के निर्देश दिये हैं, वहीं निदेशक प्रशासन (राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान उप्र.) ने दिसम्बर 2001 के शासनादेश का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें सभी अधिकार प्राप्त हैं। महानिदेशक के पत्र से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल और निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति मे अधिकार क्षेत्र को लेकर टकराव शुरू हो गया है। महानिदेशक प्रशिक्षण ने गत 22 फरवरी को 14 सितंबर 2021 के शासनादेश का हवाला देते हुए निदेशक प्रशासन को पत्र लिखा है, जिसमें उन्हें निर्देशित किया है कि विभाग में सभी कार्य उनके अनुमोदन के बाद ही संचालित किए जाय। जवाब में अगले ही दिन 23 फरवरी को निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने स्पष्ट किया कि उन्हें 10 दिसम्बर 2021 को जारी शासनादेश के अनुसार उनके आदेश का अनुपालन उनकी बाध्यता नहीं है, साथ ही उनकी द्वारा कार्यों में हस्तक्षेप करना शासनादेश के विपरीत है, शासकीय कार्यों में विलंब व विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। मालूम हो कि महानिदेशक प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य महानिदेशक और महानिदेशक परिवार कल्याण के बाद तीसरा महत्वपूर्ण पद है। महानिदेशक प्रशिक्षण के पास विभाग में पैरामेडिकल पाठयक्रमों के प्रशिक्षण के साथ ही चिकित्सकों के विभिन्न विषयों को लेकर प्रशिक्षण आदि की जिम्मेदारी रहती है। महानिदेशक प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण संस्थान का मुखिया भी होता है। वहीं, निदेशक प्रशासन के पास चिकित्सकों में ग्रेड वन व दो के प्रशासकीय कार्य व स्थापना की जिम्मेदारी होती है। साथ ही, विभाग में मिनिस्ट्रीयल संवर्ग के प्रशासकीय कार्य व स्थापना की जिम्मेदारी भी होती है।

शासनादेश में मिले अधिकारों को लेकर पत्र लिखा गया है। विभागीय कार्यों के प्रति महानिदेशक प्रशिक्षण की जिम्मेदारी होती है। किसी भी विषय में नया शासनादेश जारी होने के बाद संबंधित पुराना शासनादेश स्वत: निष्क्रिय हो जाता है।

-डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल, महानिदेशक प्रशिक्षण उप्र.

14 सितंबर 2021 में जारी पत्र कार्यवृति है, शासनादेश नहीं है। शासनादेश में सरकार का निर्देश होता है, उसका अनुपालन जरूरी है। वर्ष 2001 के शासनादेश में राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान को नोडल संस्थान बनाया गया है। ऐसे में सभी प्रशिक्षण केंद्रों का नियंत्रण उन्हें प्राप्त है।

-डॉ.राजा गणपति, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, उप्र व निदेशक प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग

राजनीतिक दलों को बताना होगा क्यों चुना अपराधिक छवि का प्रत्याशी

मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन को फ्लैग ऑफ करते मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार व अन्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि अपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को तीन बार समाचार पत्रों में अपनी अपराधिक छवि के बारे में प्रकाशित करवाना पड़ेगा। इसके अलावा राजनीतिक दलों को भी समाचार पत्रों में यह प्रकाशित करवाना पड़ेगा कि क्यों उन्होंने अपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशी का चुनाव किया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त शनिवार को विधान भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पूर्व में हुए चुनावों में जिन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान कम होता आया है, उनका चिन्हांकन कर वहां पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस बार प्रकाशित हुए मतदता सूची में प्रदेश में अब तक 15 करोड़ 29 लाख 22 हजार मतदाता हैं, जिसमें महिलाओं की संख्या 7.15 करोड़ है। 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 31 हजार से अधिक है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि इस बार थर्ड जेंडर, दिव्यांगजन और नए मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। प्रदेश के मतदाताओं से चुनाव के महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने व मतदान के दिन वोट डालने का आग्रह किया गया है।

मुख्य सचिव व डीजीपी के साथ बैठक

भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों के साथ ही मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार और 18 विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिवों के साथ बैठक की और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।

एलईडी युक्त वैन 22 जिलों में रवाना: लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा करने प्रदेश के भ्रमण पर आये भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने कार्यक्रम के तीसरे दिन 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' स्लोगन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए योजना भवन से ट्राई कलर गुब्बारों को आकाश में छोड़ा और एलईडी युक्त तीन मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन को फ्लैग ऑफ कर 22 जिलों के लिए रवाना किया। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन स्वीप योजना के तहत 19 लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले लो वोटर टर्न आउट वाले 22 जिलों में भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक करेंगी। इस दौरान संस्कृति विभाग ने कठपुतली डांस, मयूर नृत्य, राजस्थान का ढोल नृत्य का आयोजन कर आयोग की टीम का स्वागत किया और चुनाव पर्व को उत्सव के रूप में मानने का संदेश दिया।

लक्ष्य से कम टीकाकरण करने वाले अधिकारियों को फटकार

राज्य ब्यूरो , लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम में दिसम्बर 2023 तक कुल लक्ष्य का औसतन 96.45 प्रतिशत सफलता मिल चुकी है। कुछ जिलों ने टीकाकरण में 100 फीसदी लक्ष्य हासिल किया है, वहीं लक्ष्य से दूर रहे जिलों को लक्ष्य हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी ने टीकाकरण कार्यक्रम को और तेज करने के निर्देश दिये । अधिकारियों ने बताया कि 20 जिलों ने शत-प्रतिशत टीकाकरण हुआ है, जिसमें से टॉप जिलों में जिलों में गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, अमरोहा, मऊ और सहारनपुर शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जन्म के समय दिये जाने वाले हेपेटाइटिस बी. डोज का 71.21 प्रतिशत औसत, एमआर का 93.87 प्रतिशत और टीडी-10 का 99.69 औसत है। जोकि यह डाटा विभाग के एचएमआईएस पोर्टल पर दर्ज है। दूसरी तरफ, धीमी गति से टीकाकरण करने वाले ललितपुर, सिद्धार्थनगर, भदोही, जालौन और सोनभद्र जिलों में टीकाकरण की गति बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं। साथ ही छूटे बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने समेत डाटा एचएमआईएस पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिसंबर तक सरकारी संस्थानों में जन्म लेने वाले 27,85,207 शिशुओं में 19,83,224 शिशुओं को हेपेटाइटिस बी. की डोज दी जा चुकी है।

शनिवार को मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।

सिपाही भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने सिपाही भर्ती परीक्षा में सेंधमारी कर पेपर आउट कराने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। विभूति खण्ड (लखनऊ) से पकड़े गए अजय सिंह चौहान तथा सोनू सिंह यादव प्रयागराज के निवासी है। उनके पास से प्रवेश पत्र, परीक्षा से जुड़े अन्य कागजात बरामद किए गए हैं। पूछताछ में अजय सिंह ने बताया कि उनका एक गिरोह है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल कराने एवं साल्वर बैठाने का काम करता है। इस गिरोह में सोनू, राजन यादव और सुशील भारती (प्रयागराज) है। यह गिरोह अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले पेपर उपलब्ध कराने के लिए मोटी रकम वसूलता है। उसके बाद सक्रिय गिरोहो के माध्यम से परीक्षा का पेपर प्राप्त करके उन्हें अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराता है। सिपाही भर्ती परीक्षा में भी इस गिरोह के राजन यादव द्वारा किसी सक्रिय गिरोह से प्रश्न पत्र तथा साल्ड पेपर प्राप्त करके कई अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया गया था।

वर्ग पहेली-360

बाएं से दाएं

1. काम-काज अथवा उद्योग-धंधे में लगा रहने वाला, जिसके हाथ में अनेक काम रहते हों, उद्यमी।
4. 1. सुंदर, आकर्षक, मनोहर 2. जिसपर चिह्न या निशान हो, चिह्नित, अंकित।
5. 1. गाड़ी या हल के जुए की लकड़ी जिसके दोनों ओर बैल जोते जाते हैं 2. गाटा।
7. श्मशान में रहने वाली स्त्री, डाकिनी, पिशाचिनी।
8. 1. जिसमें चुंबक या उसके समान गुण हो 2. चुंबक संबंधी।
11. 1. विस्तृत, लंबा-चौड़ा, फैला हुआ 2. जो संकरा न हो।
12. 1. धोखा या चकमा देकर शत्रु पर प्रहार करने वाला व्यक्ति 2. गमन 3. पलायन।, 1. सरका हुआ, खिसका हुआ 2. गत 3. विचलित।

ऊपर से नीचे

1. 1. कार्य, काम, रोज़गार, धंधा, व्यापार, व्यवसाय 2. कारण, प्रयोजन, हेतु 3. विवाह आदि कोई शुभ कार्य 4. कपड़े में बटन लगाने का छेद।
2. रसायन विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवित वस्तुओं में होने वाले रासायनिक प्रक्रमों और वस्तुओं का अध्ययन होता है।
3. 1. ढुमककर चलने की अवस्था
6. छोटा नगाड़ा जिसे बजाकर किसी प्रकार की घोषणा की जाती है, डुग्गी, डुगडुगी।
9. 1. किसी कार्य या उपलब्धि में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे बढ़ जाने की स्थिति 2. चुनाव आदि में एक दल के प्रत्याशी का दूसरे दल के प्रत्याशी से मतों की संख्या में आगे बढ़ जाना, (लीड)।
10. 1. आघात, टक्कर 2. समूह, जमाव, समष्टि 3. हत्या, वध 4. निवास, रहने की जगह 5. शरीर, देह।



वर्ग पहेली - 359 का हल

1 उ			2 त		3 रा
हूँ		4 सा	र	को	मा
	5 कु	ली	न		यु
			ता		ध
		6 अ	र	थी	
7 तृ	षा	वा	न		
		री		8 अ	भि

सुडोकू -77

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9		8				1		
	5		9	4			6	8
6					3	9		
3	2		7			6		4
		4		2			5	
1		9			6	8		3
	1		8		4			
	9	6				5		7
			5			4		

सुडोकू - 76 का हल

4	1	7	8	9	6	5	2	3
2	3	6	4	1	5	8	7	9
9	8	5	7	3	2	4	1	6
8	2	4	6	7	9	1	3	5
6	5	1	2	8	3	7	9	4
7	9	3	1	5	4	2	6	8
5	4	2	3	6	7	9	8	1
3	7	8	9	4	1	6	5	2
1	6	9	5	2	8	3	4	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 08 .44 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 15 .55 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष — आज आप किसी अटके हुए कार्य के कारण काफी परेशान हो सकते हैं। तनाव के कारण आप अपने काम पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे लोगों से अपने मन की बातें शेयर न करें जो आपकी भावनाओं को उचित महत्व न देते हों।

वृष — आज यदि कहीं बाहर का भोजन ग्रहण कर रहे हैं तो सावधानी बरतें। स्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपको कुछ नया और रोमांचक करने का अवसर मिलेगा,जो भी काम शुरू करेंगे उसे सफलतापूर्वक अंजाम तक भी पहुंचा लेंगे।

मिथुन — आज दूसरों के साथ तालमेल बैठाने में कई बार थोड़ी परेशानी महसूस होगी। स्वयं की गलतियों को पहचानें और उसे दूर करने का प्रयास करें। जॉब में उच्चाधिकारी आपके प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे। व्यवसाय की गति काफी अच्छी रहेगी।

कर्क — आज बिगड़े रिश्तों को सुधारने की दिशा में प्रयास कर सकते हैं। प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा करेंगे। दोस्तों के साथ बाहर कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं को लेकर आप थोड़ा संवेदनशील रहेंगे।

सिंह — आज बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। सरकारी कार्य थोड़े उलझते हुए प्रतीत हो रहे हैं। संपत्ति के माध्यम से आपको धन लाभ भी हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ अपेक्षा से कम होगा।

कन्या — आज आप अपनी उपलब्धियों के कारण आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। परिजनों के साथ आप घूमने की योजना बना सकते हैं। आपको एक साथ कई शुभ समाचार सुनने को मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

तुला — आज शाम के समय पुराने दोस्तों से मिलकर के मन प्रसन्न होगा। आप किसी काम के अटकने के कारण थोड़े व्यथित हो सकते हैं। धैर्यवान बने रहें जल्द ही आपके सभी कार्य बनते नजर आएंगे। आय के नए स्रोत बनने की संभावना भी प्रबल है।

वृश्चिक — आज आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। प्रेमी जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधने को लेकर योजना बना सकते हैं। पारिवारिक जीवन आनंदमय रहेगा। नए कारोबारी संबंध विकसित हो सकते हैं। काम के साथ ही आप समाज को भी पर्याप्त महत्व देने वाले हैं।

धनु — आज दूसरों के काम की जिम्मेदारी बिल्कुल न लें। घर का माहौल शाम के समय अच्छा रहेगा। मैनेजमेन्ट से जुड़े हुए क्षेत्र में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आप जैसा चल रहा है बस उसे वैसा ही चलने दें। गुस्से पर नियंत्रण रखें।

मकर — आज रिश्तेदारों के साथ किसी आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। बच्चों की सफलता पर आपको गर्व की अनुभूति होगी। ऐश्वर्य और विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। पुराने निवेश का लाभ आपको मिल सकता है।

कुंभ — आज आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोग परिवार के साथ क्वालिटी समय बिताना चाहेंगे। स्वजनों से खूब प्रेम व सत्कार मिलेगा। छात्रों के करियर को लेकर दिन बड़ा भाग्यशाली है। सभी जरूरी काम आप समय पर कर लेंगे।

मीन — आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। करियर को लेकर आप काफी उत्साहित और सकारात्मक रहेंगे। धार्मिक पूजा-पाठ में सम्मिलित हो सकते हैं। लोग आपको सुनना पसंद करेंगे। आपका व्यवहार सभी के प्रति बहुत उदार रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा — सुबह : 09 .26
भाई जी सुपरहिट — रात : 08 .28

SONY PIX
स्पाइडर मैन — सुबह : 10 .49
सर्चिंग — रात : 08 .59

SONY SMAX
ता रा रम पम — सुबह : 09 .45
12 वीं फेल — रात : 07 .00

ZEE CINEMA
तलाश — सुबह : 10 .30
कृष — रात : 10 .00

colors CINEPLEX
दोस्ताना — सुबह : 09 .35
कभी खुशी कभी गम — रात : 10 .18

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए।
पति भूत बना और बीवी बनी चुड़ैल कुछ समय बाद दोनों मिले।
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा,लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

टीएमसी का अर्थ तू, मैं और करप्शन है: मोदी

प्रधानमंत्री ने तृणमूल पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, टीएमसी ने किया पलटवार

कृष्णानगर/कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ हमला तेज करते हुए उसे ''उत्पीड़न, वंशवाद की राजनीति और विश्वासघात'' का पर्याय करार दिया तथा आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने योजनाओं को घोटालों में बदलने में ''महारत'' हासिल कर ली है। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल के विकास और देश की प्रगति के बीच आपसी संबंध पर जोर दिया तथा राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट जीतने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी का अर्थ अब हो गया है-''तू, मैं और करप्शन (भ्रष्टाचार)।'' उन्होंने ''केंद्रीय योजनाओं को अपना बताने'' और ''भ्रष्टाचार एवं पक्षपात'' की संस्कृति को बढ़ावा देने को लेकर तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की। मोदी ने कहा, ''टीएमसी ने पश्चिम बंगाल की छवि खराब कर दी है।

बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में आयोजित एक आधिकारिक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा- आज हम विकसित पश्चिम बंगाल की ओर एक और कदम बढ़ा रहे हैं। कल, मैंने 7,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया था। इनमें रेलवे, बंदरगाह और पेट्रोलियम समेत अन्य विकास परियोजनाएं शामिल थीं। मोदी ने कहा मैं आज फिर 15,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर रहा हूं।

बिहार : मोदी ने 21,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के औरंगाबाद जिले में 21,400 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने रतनवा गांव में एक आधिकारिक समारोह में परियोजनाओं का अनावरण किया। कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र वी अर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा और कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा- ज्ञान की भूमि बिहार आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं औरंगाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहा हूं। औरंगाबाद ने कई स्वतंत्रता सेनानियों और बिहार विभूति श्री अनुग्रह नारायण जैसी महान हस्तियों को जन्म दिया है।

बारामती में नमो रोजगार मेले में शामिल हुए शरद पवार

बारामती। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार के प्रमुख शरद पवार शनिवार को बारामती में 'नमो रोजगार मेला 2024' के उद्घाटन के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ मौजूद थे। बारामती पवार का गढ़ माना जाता है। शरद पवार का नाम इस रोजगार मेले के लिए आमंत्रित व्यक्तियों की सूची में शुरू में शामिल नहीं था लेकिन इसमें राकांपा संस्थापक की मौजूदगी ने सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। शरद पवार ने इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस तथा अजित पवार को अपने आवास पर भोजन के लिए बुलाया। वहीं शिंदे और फडणवीस ने व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देकर भोजन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।

यूपी से भाजपा के इन उम्मीदवारों के नामों का एलान

लोकसभा चुनाव: 2024

-वाराणसी से पीएम नरेंद्र मोदी
-कैराना से प्रदीप कुमार
-मुजफ्फरनगर से संजीव कुमार बालियान
-नगीना से ओम कुमार
-रामपुर से घनश्याम लोधी
-संभल से परमेश्वर लाल सैनी
-अमरोहा से कंवर सिंह तंवर
-गौतम बुद्धनगर से महेश शर्मा
-बुलंदशहर से भोला सिंह
-मथुरा से हेमा मालिनी
-आगरा से सत्यपाल सिंह बघेल
-फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर
-एटा से राजवीर सिंह (राजू भैया)
-आंवला से धर्मेन्द्र कश्यप
-शाहजहांपुर से अरुण कुमार सागर
-खीरी से अजय मिश्रा टेनी
-धौरहरा से रेखा वर्मा
-सीतापुर से राजेश वर्मा
-हरदोई से जय प्रकाश रावत
-मिश्रिख से अशोक कुमार रावत
-उन्नाव से साक्षी महाराज
-मोहनलालगंज से कौशल किशोर
-लखनऊ से राजनाथ सिंह
-अमेठी से स्मृति ईरानी
-प्रतापगढ़ से संगम लाल गुप्ता
-फर्रुखाबाद से मुकेश राजपूत
-इटावा से राम शंकर कठेरिया
-कन्नौज से सुब्रत पाठक
-अकबरपुर से देवेन्द्र सिंह "भोले"
-जालौन से भानु प्रताप सिंह वर्मा
-झांसी से अनुराग शर्मा
-हमीरपुर से कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल
-बांदा से आरके सिंह पटेल
-फतेहपुर से निरंजन ज्योति
-बाराबंकी से उपेंद्र रावत
-फैजाबाद से लल्लू सिंह
-अम्बेडकरनगर से रितेश पांडेय
-श्रावस्ती से साकेत मिश्रा
-गोंडा से कीर्तिवर्धन सिंह
-डुमरियागंज से जगदम्बिका पाल
-बस्ती से हरीश द्विवेदी
-संतकबीरनगर से प्रवीण कुमार निषाद
-महराजगंज से पंकज चौधरी
-गोरखपुर से रवि किशन
-कुशीनगर से विजय कुमार दुबे
-बांसगांव से कमलेश पासवान
-लालगंज से नीलम सोनकर
-आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव निरहुआ
-सलेमपुर से रविन्द्र कुशवाहा
-जौनपुर से कृपा शंकर सिंह
-चंदौली से महेंद्र पांडेय।

एक नजर

केयी पानयोर बना अरुणाचल प्रदेश का 26वां जिला

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के लोअर सुबनसिरी से अलग करके केयी पानयोर को राज्य का 26वां जिला बनाया गया है। न्यीशी समुदाय के लोग नए जिले की लंबे समय से मांग कर रहे थे। इस जिले का मुख्यालय टेर गापिन-सैम सार्थ में होगा। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य की जनता को नया जिला बनने की बधाई दी और कहा कि केयी पानयोन जिले के गठन से विकास और प्रगति के नए युग की शुरुआत होगी।

महाराष्ट्र में खड़ी ट्रेन के कोच में आग लगी

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रेलवे यार्ड में खड़ी एक ट्रेन के खाली डिब्बे में आग लग गयी। मध्य रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मध्य रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुंबई से करीब 70 से 80 किलोमीटर दूर बदलापुर के रेलवे यार्ड में खड़ी ट्रेन के डिब्बे में शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब एक बजकर 20 मिनट पर आग लगी। उन्होंने बताया कि रेल करजात जाने वाली पटरी पर खड़ी हुई थी। प्रवक्ता ने बताया, ''रेल का डिब्बा आग में जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। हालांकि, इस घटना में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है।

त्रिपुरा की समस्याओं के समाधान के लिए हुआ त्रिपक्षीय समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्री शाह की उपस्थिति में समझौते पर किए गए हस्ताक्षर

त्रिपुरा के मूल निवासियों की समस्याओं के स्थायी समाधान के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शनिवार को टिपरा मोथा और त्रिपुरा तथा केंद्र सरकारों के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

शाह ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर करके सरकार ने इतिहास का सम्मान किया है, पिछली गलतियों को सुधारा है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने के लिए वर्तमान वास्तविकता को स्वीकार किया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार समझौते के तहत, त्रिपुरा के मूल लोगों के इतिहास, भूमि और राजनीतिक अधिकारों, आर्थिक विकास, पहचान, संस्कृति और भाषा से संबंधित सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने पर सहमति व्यक्त की गई। शाह ने कहा, ''मैं त्रिपुरा के सभी हितधारकों को आश्वस्त करता हूं कि अब आपको अपने अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। भारत सरकार आपके अधिकारों की रक्षा के लिए तंत्र बनाने में दो कदम आगे रहेगी।'' गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी इतिहास नहीं बदल सकता लेकिन हर कोई अपनी पिछली गलतियों से सीख सकता है और आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि टिपरा मोथा और सभी आदिवासी दलों ने रचनात्मक भूमिका निभाई है और त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने भी इस समझौते के प्रति ईमानदारी से काम किया है। त्रिपुरा स्वदेशी प्रगतिशील क्षेत्रीय गठबंधन को टिपरा मोथा के नाम से जाना जाता है। टिपरा मोथा, राज्य और केंद्र सरकारों के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर यहां नॉर्थ ब्लॉक में हस्ताक्षर किए गए। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्वोत्तर में सद्भाव को आगे बढ़ाने वाले एक और समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''त्रिपुरा के आर्थिक विकास, भूमि अधिकार और स्वदेशी लोगों की पहचान से संबंधित मुद्दों को हल करने वाले त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।'' शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार के तहत पूर्वोत्तर राज्यों में शांति और सीमा से संबंधित 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में, नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे और टिपरा मोथा के साथ लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वोत्तर के लिए यह आखिरी समझौता है।

अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा, नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है और एक नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के इससे संबंधित मामलों पर शीघ्रता से फैसला नहीं करने से व्यक्ति इस बहुमूल्य अधिकार से वंचित हो जाएगा।

उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह टिप्पणी यह देखने के बाद की कि बंबई उच्च न्यायालय ने 29 जनवरी को शीर्ष अदालत के आदेश के बाद महाराष्ट्र में एक पार्षद की हत्या के मुख्य आरोपी अमोल विट्ठल वाहिले को जमानत दे दी है। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि इस प्रकार यह स्पष्ट है कि 29 जनवरी, 2024 को इस अदालत के आदेश पारित करने से पहले, उच्च न्यायालय ने जमानत याचिका पर गुण-दोष के आधार पर फैसला करने के बजाय इसे किसी न किसी आधार पर खारिज कर दिया था।

तमिलनाडु में आग लगने की घटना में एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

चेन्नई। चेन्नई के निकट चेंगलपट्टू के एक मकान में संभवतः रसोई गैस गैस लीक होने की वजह से आग लगने के कारण एक परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बच्चों की मां भी इस घटना में गंभीर रूप से झुलस गई है और उसका यहां किलपौक सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आग संभवतः गैस लीक होने के कारण लगी। उन्होंने बताया कि बिहार से आए इस परिवार के पास एक गैस चूल्हा था जो जमीन पर रखा था और मकान में कोई खिड़की नहीं थी।

ठाणे में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, दो महिलाओं समेत सात लोग गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे में अमीर बनने की चाहत रखने वाले लोगों के लिए अनुष्ठान करने की आड़ में कथित तौर पर सेक्स रैकेट चलाने के आरोपी स्वयंभू बाबा समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ठाणे अपराध शाखा के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि रैकेट की जांच राबोडी से 15 वर्षीय लड़की के लापता होने और अपहरण का मामला दर्ज किए जाने के बाद शुरू हुई। उन्होंने बताया कि जांच में 25 फरवरी को असलम खान और सलीम शेख नाम के दो लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिन्होंने पुलिस को मुख्य आरोपी साहेबलाल वजीर शेख उर्फ यूसुफ बाबा के बारे में बताया, जिसे कुछ समय बाद पकड़ लिया गया।

हमारे पास फुटेज हैं, जिनकी मदद से होगी गिरफ्तारी

मैसुरु/बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के एक लोकप्रिय रेस्तरां 'द रामेश्वरम कैफे' में हुए विस्फोट के मद्देनजर शनिवार को कहा कि इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधी की गतिविधियां कैमरों में दर्ज हो गई हैं जिनकी मदद से उनकी गिरफ्तारी में आसानी से होगी। सिद्धारमैया ने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि पूर्वी बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित रेस्तरां में हुई घटना में क्या कोई संगठन शामिल है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। बाद में मुख्यमंत्री ने रामेश्वरम कैफे जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल में घायलों से मुलाकात की।

सिद्धारमैया ने मैसुरु में संवाददाताओं से कहा-विस्फोट हुआ है। मास्क और टोपी पहने एक व्यक्ति बस से आया। उसने कैफे के काउंटर से 'रवा इडली' खरीदी और एक जगह बैठ गया। फिर उसने टाइमर सेट किया और चला गया। विस्फोट हुआ है और करीब नौ लोग (असल में 10) लोग घायल हुए हैं। सभी खतरे से बाहर हैं। यह पूछे जाने पर कि इस विस्फोट के पीछे क्या किसी संगठन का हाथ है या क्या यह किसी एक व्यक्ति का काम है, सिद्धरमैया ने कहा कि इस बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा-हम अपराधी को ढूंढ़ लेंगे। अपराधी का पता लगाना आसान होगा क्योंकि उसके बस से उतरने, रेस्तरां से भोजन खरीदने, एक जगह बैठने और बैग रखते हुए के वीडियो एवं तस्वीरें हैं। हम उसे जल्द से जल्द ढूंढ़ लेंगे। वर्ष 2022 में हुए मंगलुरु कुकर विस्फोट और शुक्रवार की घटना के बीच समानता का इशारा करने वाली कुछ रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर सिद्धारमैया ने कहा कि इस मामले में गंभीरता से जांच जारी है।

वहीं विपक्ष ने आरोप लगाया है कि सरकार की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण यह घटना हुई। विपक्ष की इस आलोचना को लेकर सवाल किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा-उनके समय में बम विस्फोट हुए थे, मंगलुरु कुकर विस्फोट हुआ था, क्या वह भी तुष्टीकरण था?'' मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या यह कोई आतंकवादी कृत्य है, मुख्यमंत्री ने कहा-जांच जारी है। जांच में जो सामने आएगा हम उसके आधार पर कार्रवाई करेंगे। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि पुलिस रामेश्वरम कैफे में हुए बम विस्फोट की गहन जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर गौर कर रही है।

बेंगलुरु के रेस्तरां में हुए विस्फोट का मामला

- मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बोले-सारी गतिविधियां कैमरों में दर्ज

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफारम	2800-2850
जौ	2000 -2100
ज्वार	2600 -4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000 -2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5600 -5800
अरहर	7500 -8000
मसूर	5500 -5600
मटर	3900 -4000
उड़दहरा	10000 -10200
उड़दकाला	6000 -8000
मूंग	8500 -8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	14500-14700
अरहरस्पेशल1	12000-12200
चनादाल	7200-7300
मटरदाल	5000-5100
मसूरमलका	6850-6900
मसूरदाल	6950-7000
उड़ददाल	9000- 12000
उड़द धोवा	10500- 13000
मूँगदाल	8800 -10300
मूँग धोवा	9800-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000 - 2300
बासमती नं.1	8500 - 10000
सेला	2500 - 3000
बासमती नं.2	6500 - 7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490-1550
मैदा	1475-1520
सूजी	1500-1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430-1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	4900-4950
अलसी	4500 -4600 रुपये।

गूगल ने स्टार्टअप को प्ले स्टोर से हटाया, तलब

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-भारतीय एप को हटाने की नहीं दी जा सकती अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

गूगल के अपने प्ले स्टोर से कुछ एप हटाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार ने शनिवार को कहा कि भारतीय एप को हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सरकार ने इस संबंध में गूगल और संबंधित स्टार्टअप को बैठक के लिए अगले सप्ताह बुलाया है।

आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक साक्षात्कार में कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की कुंजी है और उनके भाग्य का फैसला किसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी पर नहीं छोड़ा जा सकता है। मंत्री की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गूगल ने शुक्रवार को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से एक लोकप्रिय 'मैट्रिमोनी' एप सहित कुछ ऐप को हटाना शुरू कर दिया था। इन ऐप और जानेमाने स्टार्टअप संस्थापकों ने इस पर आपत्ति जताई थी। वैष्णव ने इस मुद्दे पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा, ''भारत सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है... हमारे स्टार्टअप को वह सुरक्षा मिलेगी, जिसकी उन्हें जरूरत है।'' मंत्री ने कहा कि सरकार विवाद सुलझाने के लिए अगले सप्ताह गूगल और प्ले स्टोर से हटाए गए एप के डेवलपर से मुलाकात करेगी। वैष्णव ने कहा कि मैंने पहले ही गूगल से बात की है... मैंने उन एप डेवलपर से भी बात की है, जिन्हें हटाया गया है। हम उनसे अगले हफ्ते मिलेंगे... इस तरह (ऐप को) हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने 10 वर्षों में एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न का एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है।

मैंने गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है: चंद्रशेखर

इस संबंध में आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि वह प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को दबाने वाले गूगल के प्रभुत्व के बारे में चिंताओं को जाहिर करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को यह पता लगाना होगा कि क्या मौजूदा मुद्दा प्रभुत्व की स्थिति के दुरुपयोग से जुड़ा है। उन्होंने कहा- मैंने अतीत में गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है। यह भारत में 90 प्रतिशत से अधिक एप पारिस्थितिकी तंत्र को नियंत्रित करता है। हमें चिंता है कि उनका प्रभुत्व प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को रोकता है। स्टार्टअप के खिलाफ इसका दुरुपयोग किया जा सकता है और सरकार की कुछ वैध चिंताएं हैं। वहीं गूगल ने कहा कि इन डेवलपर को तैयारी के लिए तीन साल से अधिक का समय दिया गया। इसमें उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दिया गया तीन सप्ताह का समय भी शामिल है। गूगल ने कहा कि इसके बाद अब वह यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है, कि उसकी नीतियां सभी पर समान रूप से लागू हों।

अमित शाह ने एनयूसीएफडीसी की शुरुआत की

नई दिल्ली। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम (एनयूसीएफडीसी) की शुरुआत की। उन्होंने साथ ही इस निकाय से प्रत्येक शहर में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि शहरी सहकारी बैंकों को एटीएम सुविधा देने, क्रेडिट/डेबिट कार्ड जारी करने, समाशोधन प्रणाली और एसएलआर (वैधानिक तरलता अनुपात) सीमा बनाए रखने के लिए खुद को उन्नत बनाना चाहिए। आरबीआई ने एनयूसीएफडीसी को गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी और शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन के रूप में काम करने की मंजूरी दी है। इस मौके पर शाह ने कहा कि 20 साल बाद एनयूसीएफडीसी की स्थापना हुई है। यह वक्त की मांग है।

रोबोटिक सर्जरी में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीआरएसए के अध्यक्ष बोले-यह रोगियों के लिए फायदेमंद

रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी (आरएएस) भारत में एक गेम-चेंजर के रूप में उभरी है, जिसने नरम टिश्यू सर्जरी करने के तरीके में क्रांति ला दी है। रोबोटिक प्रणालियों की सटीकता और निपुणता के साथ, सर्जन बेहतर परिणाम, कम जटिलताएं और रोगियों के लिए कम रिकवरी समय प्राप्त कर सकते हैं।

हालांकि हाल के दिनों में सर्जनों द्वारा ऐसी तकनीकों को अपनाने में वृद्धि हुई है, लेकिन बढ़ती ज़रूरत को पूरा करने के लिए ऐसी तकनीकी प्रगति के लिए और अधिक डॉक्टरों की जरूरत है। क्लिनिकल रोबोटिक सर्जरी एसोसिएशन (सीआरएसए) के प्रमुख रोबोटिक सर्जनों ने ऐसी उन्नत सर्जिकल तकनीकों में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि इसे देश भर के सभी योग्य रोगियों के लिए उपलब्ध कराया जा सके।

सीआरएसए के अध्यक्ष डॉ. विवेक बिंदल, ने कहा, "आरएएस एक उन्नत तकनीक है, जो रोगियों के लिए फायदेमंद है। यह बेहतर परिणाम, न्यूनतम पहुंच लाभ और चिकित्सक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। आरएएस में अपने वर्षों के अनुभव से, मैं स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि आरएएस के रोगियों के लिए कई फायदे हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	73,150
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	65,150
गिन्नी (प्रति नग)	48,500-48,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	73,000
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,600
सोना जेवरात गिन्नी	63,600
चांदी पक्की	720 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,700
चांदी आभूषण	72,900।

विशेष लाइव कारोबार में सेंसेक्स निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में शनिवार को विशेष कारोबार के दूसरे और अंतिम सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स तथा निफ्टी नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। जीडीपी का आंकड़ा बेहतर रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही।

देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने किसी बड़े व्यवधान से निपटने की अपनी तैयारी को परखने के लिए शनिवार को इक्विटी एवं इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया। विशेष कारोबार के दूसरे सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 60.80 अंक या 0.08 प्रतिशत चढ़कर 73,806.15 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 249.35 अंक या 0.33 फीसदी की बढ़त के साथ 73,994.70 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 39.65 अंक या 0.18 प्रतिशत बढ़कर 22,378.40 के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। दिन में यह 80.8 अंक या 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,419.55 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

असम में कृषि अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन करेंगे अर्जुन मुंडा

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), असम के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। यह संस्थान पूर्वोत्तर क्षेत्र में कृषि अनुसंधान और शिक्षण की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह संस्थान दिरपई चापोरी, गोगामुख और धेमाजी में सुबनसिरी नदी के किनारे बनाया गया है और 587 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां विस्तार और शिक्षण गतिविधियों के संचालन के लिए पर्याप्त स्थान है।

भारत ने अत्यधिक गरीबी को कर दिया खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

- अर्थशास्त्री ने अपने शोध के अनुसार किया खुलासा

एक प्रमुख अमेरिकी थिंक टैंक 'द ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन' के अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला और करण भसीन ने एक लेख में कहा कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया है। उन्होंने इसके लिए हाल में जारी 2022-23 के उपभोग व्यय के आंकड़ों का हवाला दिया।

दोनों प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों ने लेख में आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2011-12 के बाद से वास्तविक प्रति व्यक्ति खपत 2.9 प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ी है। इस दौरान ग्रामीण वृद्धि 3.1 प्रतिशत और शहरी वृद्धि 2.6 प्रतिशत रही। लेख में कहा गया कि इस दौरान शहरी और ग्रामीण असमानता में भी अभूतपूर्व गिरावट आई है। शहरी गिनी 36.7 से घटकर 31.9 हो गई, जबकि ग्रामीण गिनी 28.7 से घटकर 27.0 रह गई। गिनी सूचकांक आय वितरण की असमानता को दर्शाता है। अगर यह शून्य है तो इसका अर्थ है कि समाज में पूरी तरह समानता है। लेख में कहा गया है कि असमानता विश्लेषण के इतिहास में यह गिरावट अभूतपूर्व है। लेख में कहा गया है कि उच्च वृद्धि दर और असमानता में बड़ी गिरावट ने मिलकर भारत में गरीबी को खत्म कर दिया है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली आबादी का अनुपात हेडकाउंट गरीबी अनुपात (एचसीआर) 2011-12 में 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत रह गया। ग्रामीण गरीबी 2.5 प्रतिशत थी, जबकि शहरी गरीबी घटकर एक प्रतिशत रह गई।

चेन्नई सुपर किंग्स का अभ्यास शुरू

इंडियन प्रीमियर लीग

चेन्नई, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तैयारियों के लिए चेन्नई सुपर किंग्स का शनिवार को तेज गेंदबाज दीपक चाहर की मौजूदगी में शिविर शुरू हुआ। चाहर 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगे।

तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) के अधिकारी ने बताया कि भारतीय खिलाड़ियों का पहला जत्था शुक्रवार को यहां पहुंचा है। कुछ दिनों में और खिलाड़ियों के आने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर ने शुक्रवार को खिलाड़ियों के पहले बैच के आने की पुष्टि की थी। इसमें सिमरजीत सिंह (तेज गेंदबाज), राजवर्धन हंगरगेकर (ऑलराउंडर), मुकेश चौधरी (तेज गेंदबाज), प्रशांत सोलंकी (स्पिनर), अजय मंडल (ऑल-राउंडर) और दीपक चाहर (तेज गेंदबाज) थे। चाहर ने पिछले साल दिसंबर के बाद से किसी भी प्रारूप में क्रिकेट नहीं खेला है। वह अपने पिता की बीमारी के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी-20 श्रृंखला के बीच से हट गए थे और फिर द. अफ्रीका के दौरे से भी उन्होंने नाम वापस ले लिया था। उन्होंने पिछले महीने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अभ्यास के दौरान खुद को फिट घोषित किया था। बार बार चोटिल होने वाला यह तेज गेंदबाज जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी पर नजर गड़ाए हुए हैं। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के आगमन की अभी पुष्टि नहीं हुई है। उन्हें शुक्रवार को जामनगर में पत्नी साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी के शादी पूर्व कार्यक्रम में देखा गया था। चेन्नई की टीम आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ करेगी।

मुंबई इंडियंस ने आरसीबी को सात विकेट से हराया

बेंगलुरु, एजेंसी

WOMEN'S PREMIER LEAGUE

मुंबई इंडियंस ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी में खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के एकतरफा टी-20 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) पर 29 गेंद रहते 7 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आरसीबी की बल्लेबाज मुंबई इंडियंस की गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करती दिखीं, जिससे टीम 6 विकेट पर 131 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस ने बल्लेबाजी में भी दबदबा बनाते हुए यह लक्ष्य 15.1 ओवर में 3 विकेट पर 133 रन बनाकर हासिल कर लिया।

मुंबई की टीम 4 मैच में तीसरी जीत से 6 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। मुंबई के लिए अमेलिया केर नाबाद 40 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। यास्तिका भाटिया ने 31, हेली मैथ्यूज ने 26 और कप्तान हरमनप्रीत कौर की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई कर रही नैट साइवर ब्रंट ने 27 रन का योगदान दिया। यास्तिका ने 16 गेंद में 4 चौके और 2 छक्के से 31 रन बनाकर टीम की तेज शुरूआत कराई। फिर मैथ्यूज और नैट साइवर ब्रंट ने उपयोगी योगदान दिया। अमेलिया की 24 गेंद में 7 चौके जड़ित नाबाद पारी से मुंबई ने आसान जीत दर्ज की। इससे पहले आरसीबी के लिए अगर एलिसे पैरी ने नाबाद 44 रन और जॉर्जिया वारेहैम ने 27 रन नहीं बनाए होते तथा दोनों ने छठे विकेट के लिए 52 रन की भागीदारी नहीं की होती तो आरसीबी इस स्कोर तक भी नहीं पहुंच पाती।

मुंबई की टीम कप्तान हरमनप्रीत और मुख्य तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल के बिना उतरी जो चोटों से उबर रही हैं, लेकिन मैदान में उनकी कमी नहीं खली। आरसीबी की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज संयम से नहीं खेल सकीं और मुंबई की गेंदबाजों की सही लाइन लेंथ के आगे टिक नहीं सकीं। कप्तान स्मृति मंधाना (11 गेंद में 9 रन) धैर्य खोने से तेज गेंदबाज इसी वोंग की गेंद को मैदान के बाहर पहुंचाने की कोशिश में नैट साइवर ब्रंट को आसान कैच देकर आउट हुईं। टीम की शीर्ष क्रम की अन्य बल्लेबाज ऋचा घोष और एस मेघना के साथ भी ऐसा हुआ। ऋचा को पूजा वस्त्राकर ने अपना शिकार बनाया और मिड ऑफ में संजना संजीवन को कैच देकर आउट हुईं। मेघना को नैट साइवर ब्रंट ने आउट किया। पैरी ने हालांकि दिखाया कि ऐसी पिच पर रन कैसे जुटाए जाते हैं, उन्होंने गेंदबाजों के खिलाफ रन जुटाने के लिए सही गेंद चुनीं। उन्होंने लेग स्पिनर अमेलिया केर पर लगातार गेंदों पर पुल और कट शॉट से बाउंड्री लगाई।

खेल डायरी

प्राग मास्टर्स: भारत के तीनों खिलाड़ियों ने बाजी ड्रॉ खेली

प्राग, एजेंसी। भारत के तीनों खिलाड़ियों आर प्रज्ञानंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अपनी बाजियां ड्रॉ खेली। लगातार दो मैच में हार के बाद प्रज्ञाननंदा के लिए इसे अच्छी वापसी कहा जा सकता है। इस भारतीय खिलाड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी नगुयेन थाई दाई वान के साथ अंक बांटे। गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को कोई मौका नहीं दिया और अंक बांटे जबकि गुजराती पोलैंड के माट्यूस बार्टेल को खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। चौथे दौर में किसी भी बाजी का परिणाम नहीं निकला और इस तरह से खिलाड़ियों की स्थिति में भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ। ईरान के परहम माघसूदलू ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा जबकि रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ बाजी ड्रॉ खेली। चौथे दौर के बाद अब्दुसत्तारोव और माघसूदलू अब संभावित चार में से तीन अंक लेकर संयुक्त बढ़त पर हैं जबकि गुकेश और रापोर्ट ढाई-ढाई अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। गुजराती दो अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। वह प्रज्ञानंदा, नवारा, दाई वान और कीमर से आधा अंक आगे हैं। बार्टेल एक अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं।

एलेक्स और कैस्पर में होगा खिताबी मुकाबला

मैक्सिको ओपन

अकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी। गत चैंपियन एलेक्स डी मिनौर ने अपने खिताब के बचाव की तरफ मजबूत कदम बढ़ाते हुए मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कैस्पर रूड से होगा। ऑस्ट्रेलिया के तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर ने इंग्लैंड के जैक ड्रैपर के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता लेकिन दूसरे सेट में वह 2-6 से हार गए। डी मिनौर तीसरे सेट में जब 4-0 से आगे चल रहे थे तब ड्रैपर ने अस्वस्थ होने से मुकाबला बीच में ही छोड़ने का फैसला किया। दिन के दूसरे सेमीफाइनल में रूड ने होल्गर रून को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

जेसिका पेगुला सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में

सैन डिएगो, एजेंसी। जेसिका पेगुला ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में अन्ना ब्लिंकोवा को 6-1, 2-6, 6-2 से हराकर सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेगुला का सामना अब मार्ता कोस्त्युक से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को पहला सेट गंवाने के बाद 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। एम्मा नवारो ने डारिया सैविले को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उनका मुकाबला केटी बोल्टर से होगा, जिन्होंने 2022 की उपविजेता डोना वेकिच को 6-4, 6-3 से हराया। यह एक साल से भी कम समय में नवारो का टूर स्तर पर पांचवां सेमीफाइनल होगा।

मोनाको ने पीएसजी को बराबरी पर रोका

पेरिस, एजेंसी। स्टार फुटबॉलर किलियन एमबापे को लगातार दूसरे मैच में आधे खेल से बाहर बुला दिया गया, लेकिन मोनाको ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में गोलरहित बराबरी पर रोक दिया। पीएसजी ने मध्यांतर के बाद एमबापे को बुलाकर उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी उतारा। यह दूसरा मैच है जबकि इस स्टार स्ट्राइकर की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को स्थानापन्न के रूप में उतारा गया। पिछले साल सितंबर के बाद यह दूसरा अवसर है जबकि पीएसजी की टीम गोल करने में नाकाम रही। इस मैच में अंक बांटने के बाद पीएसजी ने दूसरे नंबर पर काबिज ब्रेस्ट पर कुल बढ़त 12 अंक की कर दी है। वह मोनाको से 13 अंक आगे है।

देशपांडे और शार्दुल की गेंदबाजी के आगे तमिलनाडु 146 रन पर सिमटी

रणजी सेमीफाइनल

दिन खत्म होने तक मुंबई ने 2 विकेट पर 45 रन बनाए

मुंबई, एजेंसी

तुषार देशपांडे (24 रन पर 3) और शार्दुल ठाकुर (48 रन पर 2 विकेट) की गेंदबाजी के सामने तमिलनाडु की टीम रणजी के दूसरे सेमीफाइनल के पहले दिन पहली पारी में 146 रन पर आउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने 2 विकेट पर 45 रन बना लिए। मुंबई पहली पारी में अभी तमिलनाडु से 101 रन पीछे है और उसके 8 विकेट बचे है। स्टंप्स के समय मुशीर खान 24 और रात्रि प्रहरी मोहित अवस्थी 1 रन बनाकर क्रीज पर थे। कुलदीन सेन ने पृथ्वी साव (5) को जबकि किशोर ने भूपेन लालवानी (15) को आउट किया। तमिलनाडु के कप्तान बीसाई किशोर का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उलटा पड़ गया क्योंकि बीकेसी मैदान में तेज गेंदबाजों को स्विंग जबकि स्पिनरों को टर्न मिल रहा था। तमिलनाडु ने 17 रन तक 4 और 42 रन तक 5 विकेट गंवा दिए थे। विजय शंकर (44) और वाशिंगटन सुंदर (43) ने छठे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। शारदुल ठाकुर ने पारी की चौथी गेंद पर बीसाई सुदर्शन को पगबाधा किया।

अवस्थी ने तमिलनाडु के लिए इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एन जगदीशन (4) को शॉट लेग पर मुशीर के हाथों कैच कराया। गेंदबाजी के लिए आए देशपांडे ने प्रदोष रंजन पॉल, आर साई किशोर को आउट कर तमिलनाडु को बैकफुट पर धकेल दिया। टीम का स्कोर अभी 42 रन ही था कि बाबा इंद्रजीत ने देशपांडे की गेंद को तनुष कोटियान के हाथों में खेल दिया। लंच के सत्र से पहले और बाद में शंकर और वाशिंगटन ने मुंबई के गेंदबाजों का सामना किया। शंकर ने देशपांडे की गेंद पर कुछ चौके लगाए। इस साझेदारी को तोड़ने के लिए मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाने ने गेंद फिर शार्दुल को थमाई और इस गेंदबाज ने शंकर की 109 गेंद में 8 चौके की मदद से 44 रन की पारी को खत्म किया। दूसरी स्लिप में शम्स मुलानी ने उनका कैच लपका। शंकर के आउट होने के बाद वाशिंगटन ने तेजी से रन बनाना शुरू किया। मोहम्मद (17) ने शार्दुल के ओवर में 3 चौके लगाए। मुशीर ने मोहम्मद को पगबाधा किया जबकि कोटियान ने अजित राम (15) को चलता किया। वाशिंगटन कोटियान का दूसरा शिकार बने।

मप्र ने विदर्भ को पहले दिन 170 रन पर रोका

नागपुर, एजेंसी

आवेश खान की अगुआई वाली गेंदबाजी इकाई के प्रदर्शन से मध्य प्रदेश ने शनिवार को रणजी सेमीफाइनल के पहले दिन विदर्भ को पहली पारी में 170 रन पर समेट दिया। मप्र के लिए आवेश ने 49 रन देकर 4 विकेट लिए, कुलवंत खेजरोलिया ने 38 और वेंकटेश अय्यर ने 28 रन देकर 2-2 विकेट लिए। मप्र ने स्टंप तक पहली पारी में 1 विकेट गंवाकर 47 रन बना लिए थे वह अब 123 रन पीछे है।

वीसीए स्टेडियम की पिच इतनी हरियाली लिए हुए थी कि मप्र ने दिन में कुल 56.4 में स्पिनरों से 2.4 ओवर डलवाए। बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने विदर्भ के अंतिम बल्लेबाज उमेश यादव का विकेट लिया। वहीं अन्य स्पिनर जैसे सारांश जैन दर्शक बने रहे। विदर्भ के लिए बल्लेबाजी में सिर्फ करूण नायर ही क्रीज पर टिक सके, जिन्होंने 105 गेंद में 9 चौके से 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। तेज गेंदबाज आवेश ने ध्रुव शोरे (13 रन) के स्टंप उखाड़ दिया। विदर्भ ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम के लिए बड़ी भागीदारी अर्थव तायडे (39 रन, 8 चौके) और अमन मोखाडे (13 रन, 75 गेंद) के बीच 36 रन की रही। कर्नाटक के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में शतक जड़ने वाले तायडे (63 गेंद) अय्यर की गेंद पर विकेटकीपर हिमांशु मंत्री को कैच दे बैठे। विदर्भ के लिए सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले करूण उतरे, लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर साथ नहीं मिला और आवेश ने मोखाडे को आउट कर दिया। मेजबान टीम ने 5 रन के अंदर यश राठौड़ और कप्तान अक्षय वाडकर के विकेट गंवा दिए, जिससे स्कोर 5 विकेट पर 106 रन हो गया। विदर्भ की 200 रन तक पहुंचने की उम्मीद भी तब खत्म हो गयी जब करूण खेजरोलिया की गेंद पर बोल्ड हो गए।

यूएस ओपन में नहीं खेलेंगे मेसी

शिकागो, एजेंसी

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अमेरिका के फुटबॉल टूर्नामेंट यूएस ओपन में भाग नहीं लेंगे। मेसी की अमेरिकी टीम इंटर मियामी ने इस बार यूएस ओपन कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

मेजर लीग सॉकर की 26 टीमों में से केवल 8 टीम ही इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। मेजर लीग सॉकर की जिन 8 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने का फैसला किया है उनमें अटलांटा, डलास, ह्यूस्टन, कैनसस सिटी, लॉस एंजिल्स एफसी, साल्ट लेक, सैन जोस और सिएटल शामिल हैं। इसमें कुल 96 टीम भाग्य आजमाएंगी। ह्यूस्टन इसका मौजूदा चैंपियन है। उसने पिछले साल फाइनल में इंटर मियामी को 2-1 से हराया था। मेसी चोटिल होने से इस मैच में नहीं खेल पाए थे।

फिलिप्स ने लिए 5 विकेट, न्यूजीलैंड को 369 रन का लक्ष्य

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला

ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स ने 45 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट कर दिया। पहली पारी में 204 रन की बढ़त लेने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 3 विकेट पर 111 रन बनाए हैं और लक्ष्य से 258 रन पीछे है।

ऑस्ट्रेलिया ने सुबह दूसरी पारी 2 विकेट पर 13 रन से शुरू की और 4 घंटे के अंदर सभी विकेट गंवा दिए। फिलिप्स ने पहली बार पारी में 5 विकेट लिया है। उन्होंने उस्मान ख्वाजा (28), कैमरून ग्रीन (34), ट्रैविस हेड (29), मिच मार्श (0) और एलेक्स कैरी (3) का विकेट लिया। मैट हेनरी ने 36 रन देकर 3 विकेट लिए। फिलिप्स के इस प्रदर्शन से न्यूजीलैंड मैच में वापसी करने में सफल रहा। उसका दारोमदार अब रचिन रविंद्र (56*) और डेरिल मिशेल (12*) पर है। रविंद्र ने दिन का खेल समाप्त होने से कुछ देर पहले 77 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम सत्र में केन विलियमसन (9) का विकेट लेकर न्यूजीलैंड को झटका दिया। विलियमसन को नाथन लियोन ने पहली स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। स्मिथ ने हेड की गेंद पर विल यंग (15) का कैच लिया। टॉम (8) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे जिन्हें लियोन ने विकेट के पीछे कैच कराया।

समुद्री लुटेरों पर आधारित 'लुटेरे' की कहानी

मुंबई, एजेंसी। रजत कपूर, अमृता खानविलकर और आमिर अली-स्टारर वेब सीरीज 'लुटेरे' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। वेबसीरीज लुटेरे की कहानी सोमालिया के समुद्री लुटेरों पर आधारित है, जो भारतीय विमान पोत को निशाना बनाकर लूटपाट करते हैं। इंडियन नेवी उनके खिलाफ क्या एक्शन लेती है, यह सब कुछ वेब सीरीज में देखने को मिलेगा। टीजर की शुरुआत नाव पर सवार कुछ भारी हथियारों से लैस लोगों से होती है, जिन्हे 'हम करीब हैं' कहते हुए सुना जा सकता है। रजत कपूर नौसेना की वर्दी पहने हुए सीन में दिखाई देते हैं और दूरबीन से लोगों को देखते हैं। वीडियो जहाज पर गोलीबारी करने वाले लोगों के साथ समाप्त होता है। जय मेहता द्वारा निर्देशित वेब सीरीज लुटेरे का निर्माण शैलेश आर सिंह ने हंसल मेहता के साथ किया है। लुटेरे 22 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

खेसारी लाल की रंग दे बसंती का ट्रेलर जारी

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की आने वाली फिल्म रंग दे बसंती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रोशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह और निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। इस फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ रति पांडेय और डायना खान मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के ट्रेलर में खेसारी लाल यादव फुल एक्शन में हैं। फिल्म में एक ओर वह जांबाज सैनिक के रूप में नजर आए हैं, जो देश के खातिर हमेशा मर मिटने को तैयार रहता है और वही दूसरी ओर यूनिवर्सिटी में युवा नेता के रूप में प्रभु श्रीराम का घोष बुलंद करते नजर आ हैं। निर्माता रोशन सिंह ने बताया कि हमारी सोच थी कि इस फिल्म को जेनरिक थोड़ा अलग करें और आगे बढ़ें। अपर क्लास के हिसाब से इस फिल्म को हमने बनाया और साथ ही भोजपुरी के हर वर्ग के दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी, ऐसी उम्मीद है। फिल्म के गाने एक से बढ़कर एक होंगे। फिल्म में बॉलीवुड के बड़े कलाकारों की आवाज गानों में सुनने को मिलेगी।

दिल्ली मेरे लिए दूसरा घर: आकांशा रंजन

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री आकांशा रंजन कपूर का कहना है कि दिल्ली उनके लिए दूसरा घर है और वह यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती है। आकांशा रंजन कपूर ने हाल ही में दिल्ली का दौरा किया, जहां ढेर सारे प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। एमिटी विश्वविद्यालय में उनकी यात्रा एक यादगार घटना में बदल गई क्योंकि छात्रों ने उनके आगमन पर खुशी मनाई, जिससे एक शानदार माहौल बन गया। उत्साही छात्रों द्वारा गर्मजोशी से किए गए स्वागत पर, आकांशा ने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, दिल्ली मेरे लिए हमेशा विशेष रही है क्योंकि मेरी दादी और मेरे चचेरे भाई यहां रहते हैं। यह मेरे लिए दूसरा घर है और मैं यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती हूं। मैं वास्तव में एमिटी यूनिवर्सिटी की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे एक सम्माननीय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया और यहां दिल्ली में आकर यहां की सर्द सर्दियों का अनुभव लिया। मैं छात्रों के बीच आकर और उनकी जीवंत ऊर्जा में डूबने से बहुत रोमांचित था। भारी भीड़ को हूटिंग करते हुए देखकर, यह बस अद्भुत लगा। छात्रों के बीच रहना और उनके साथ बातचीत करना हमेशा बहुत अच्छा लगता है।

तमन्ना ने किए श्रीकाशी विश्वनाथ के दर्शन

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों बनारस में मौजूद हैं। उन्होंने 12 ज्योतिर्लिंग में से एक काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। तमन्ना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को साझा किया है। इन फोटो में वह वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में हैं। अगली फोटो में तमन्ना भगवान ज्योतिर्लिंग को स्पर्श करती हुईं दिखाई दे रही हैं।

फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में मुख्य भूमिका में होंगी सारा अली खान

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का टीजर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा अली खान मुख्य भूमिका है। ऐ वतन मेरे वतन की कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया पर ऐ वतन मेरे वतन पर एक अपडेट पोस्ट किया। वीडियो में करण जौहर ने भारत के कुछ भूले-बिसरे हीरोज और उनकी अनकही कहानियों के बारे में बात की है। वह दर्शकों को 22 वर्षीय उषा नाम की एक साहसी लड़की से परिचित कराते हैं, जो 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ देश को एक साथ लाने के लिए एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाती है और अपने देश के लिए खड़ी होती है। करण जौहर कहते हैं, शेरशाह के पीवीसी कैप्टन विक्रम बत्रा, जिन्होंने अपने दुश्मनों के दिलों में डर पैदा किया और कारगिल युद्ध में अपनी जान दे दी और राजी से सहमत सैयद, जिन्होंने जासूसी करने के लिए पाकिस्तानी सेना के परिवार में शादी की। 21 मार्च को ऐ वतन मेरे वतन ऑन प्राइम में इस गुमनाम हीरो की कहानी देखें।

मडगांव एक्सप्रेस से कुणाल करेंगे निर्देशन में डेब्यू

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का टीजर रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। कुणाल खेमू ने इंस्टाग्राम पर टीजर साझा किया, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मडगांव एक्सप्रेस के लिए तैयार हो जाइए, पागलपन की विविधता के माध्यम से एक जंगली यात्रा। मडगांव एक्सप्रेस ट्रेलर 5 मार्च को आएगा। देखते रहिए। मडगांव एक्सप्रेस में नोरा फतेही, उपेन्द्र लिमये और छाया कदम भी हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी मडगांव एक्सप्रेस एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में बचपन के तीन दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

जगमग हुआ जामनगर... सितारे जमीं पर

अनंत-राधिका

मुकेश अंबानी-नीता अंबानी बेटे आकाश और बहू के साथ

जामनगर। उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी के लिए जामनगर में शनिवार को मेहमानों का तांता लगा रहा। शहर मेहमानों में देश-दुनिया की राजनीति, कारोबारी, अभिनय, क्रिकेट से लेकर समाजसेवा में सक्रिय हस्तियों से जगमग रहा। समारोह में हॉलीवुड सिंगर रिहाना ने प्रस्तुति दी। नीता ने बताया कि परिवार का जामनगर से गहरा नाता रहा है। इसी कारण रीति-रिवाजों के साथ यहां प्री-वेडिंग का प्लान बनाया।

पत्नी के साथ मार्क जुकरबर्ग


क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो

पत्नी के साथ महेंद्र सिंह धोनी

डब्ल्यूटीओ: किसान-मछुआरों के हित की रक्षा में सफल रहा भारत

अबू धाबी, एजेंसी

- बैठक संपन्न होने के बाद पीयूष गोयल बोले-भारत पूरी तरह संतुष्ट

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक समाप्ति के बाद वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत इस बैठक से पूरी तरह संतुष्ट है। इससे हमारे किसान व मछुआरों का हित कहीं से प्रभावित नहीं होगा और हम पहले की तरह उन्हें हर प्रकार का लाभ देते रहेंगे और नीतिगत रूप से भी हमें इसमें कोई बाधा नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार पहले की तरह किसानों से अनाज खरीदती रहेगी और उन्हें सब्सिडी भी देती रहेगी। मछुआरों को भी पहले की तरह सरकार की तरफ से मिलने वाली तमाम सुविधाएं व सब्सिडी जारी रहेंगी। पीयूष गोयल ने

कहा कि भारत गैर व्यापारिक मुद्दों को डब्ल्यूटीओ के मंच पर चर्चा के लिए आने से रोकने में सफल रहा।

चीन विकास के लिए निवेश सहमति पत्र पर तो यूरोप औद्योगिक नीति पर एमसी13 में चर्चा करना चाहता था। 26 फरवरी से लेकर एक मार्च तक अबूधाबी में एमसी13 का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कमोबेश हम जिस उद्देश्य के साथ अबूधाबी आए थे, उसे हमने प्राप्त कर लिया है और हम पूरी संतुष्टि के साथ वापस जा रहे है। हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य अपने किसान व मछुआरों की रक्षा करना था।

हालांकि, डब्ल्यूटीओ के एमसी13 में पब्लिक स्टॉक होल्डिंग (पीएसएच) को लेकर स्थायी समाधान या विकसित देशों द्वारा मछुआरों को दी जाने वाली सब्सिडी में कटौती जैसे किसी भी बड़े मुद्दों पर कोई सहमति नहीं बनी सकी, लेकिन 2013 में डब्ल्यूटीओ के एमसी में सभी देशों ने पीस क्लाज पर हस्ताक्षर किए थे जिससे किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी को कोई चुनौती नहीं दी सकती है।

आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि में इजाफा

एमसी13 में ई-कामर्स के जरिए डिजिटल रूप में आने वाली वस्तुओं के आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि को फिर से दो साल के लिए बढ़ा दिया गया, जबकि भारत इस छूट को समाप्त करने के पक्ष में था। हालांकि, इस फैसले से डिजिटल रूप में विदेश से आने वाली किताब या फिल्म जैसे आइटम के महंगे होने की आशंका समाप्त हो गई।

दो देश नए सदस्य बने

भारत सीमा शुल्क छूट को हटाने के पक्ष में यह दलील दे रहा था कि एक संप्रभु देश के पास यह अधिकार होना चाहिए कि वह अपने उद्योग के हित में जरूरत पड़ने पर सीमा शुल्क लगा सके। ई-कामर्स के जरिए डिजिटल उत्पादों के निर्यात में अधिकतर हिस्सेदारी विकसित देशों की है। एमसी13 में दो नए देश कोमोरोस और तिमोर-लेस्टे को डब्ल्यूटीओ की सदस्यता दी गई। इसके साथ ही डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों की संख्या 166 हो गई। 22 और देशों ने डब्ल्यूटीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया है।

खाद्य आयात की विश्वसनीयता पर जापान-सिंगापुर का जोर

ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील जैसे देशों के केर्न्स समूह ने दावा किया है कि सार्वजनिक भंडार व्यवस्था बाजार को नुकसान पहुंचा रही है और कोई निर्यात प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। जापान और सिंगापुर जैसे खाद्य आयातक देश कृषि नीतियों में विश्वसनीयत पर जोर दे रहे हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने निवेश सुविधा पर चीन के नेतृत्व वाले एक प्रस्ताव को भी खारिज किया। दोनों देशों ने कहा कि यह एजेंडा डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी से बाहर है।

एक नजर

भारतवंशी हेली ने प्रचार अभियान में 1.2 करोड़ डॉलर चंदा जुटाया

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दावेदार भारतवंशी निक्की हेली के प्रचार अभियान दल ने फरवरी में 1.2 करोड़ डॉलर का चंदा जुटाए जाने की घोषणा की है। रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दौड़ में हेली को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कड़ी टक्कर मिल रही है और वह अभी तक एक भी प्राइमरी चुनाव नहीं जीत पाई हैं लेकिन हेली का कहना है कि वह तीसरी पार्टी के उम्मीदवार या निर्दलीय के तौर पर चुनाव में उतरने के बारे में नहीं सोच रहीं और वह पूरी तरह से रिपब्लिकन नेता हैं।

बलूचिस्तान को मिला नया सीएम सरफराज का हुआ निर्विरोध चयन

कराची। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार सरफराज बुगती को शनिवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत का निर्विरोध नया मुख्यमंत्री चुना गया है। दरअसल, बुगती ने 8 फरवरी के आम चुनावों में पीपीपी टिकट पर प्रांतीय विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अंतरिम सरकार में कार्यवाहक संघीय आंतरिक मंत्री से इस्तीफा दे दिया था। वरिष्ठ राजनेता को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का भी समर्थन मिला था, जब वह शुक्रवार को विधानसभा सचिव ताहिर शाह के साथ अपना नामांकन पत्र जमा करने पहुंचे थे।

गाजा में अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की गई जान

गाजा। हमास ने शनिवार को कहा कि गाजा में मृतकों की संख्या बढ़कर 30 हजार के पार हो गई है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान, इजरायली सेना ने 92 फिलिस्तीनियों को मौत के घाट उतार दिया, जबकि 156 अन्य घायल हुए हैं। मंत्रालय ने बताया कि इनमें से 15 की मौत दीर अल-बलाह शहर के अल-अक्सा अस्पताल में हुई हैं। इजराइल ने हवाई हमले से दो घरों को निशाना बनाया। सूत्रों ने बताया कि गाजा शहर में अल-जायतून, ताल अल-हवा, अल-सबरा और अल-दराज के पड़ोस पर हवाई हमलों में दस लोग मारे गए।

ईरान के संसदीय चुनाव में कट्टरपंथियों ने बनाई बढ़त

दुबई। ईरान में संसदीय चुनाव संपन्न होने के एक दिन बाद राजधानी तेहरान में जारी शुरुआती मतगणना में कट्टरपंथियों ने बढ़त बना ली है। सरकारी मीडिया ने शनिवार को कहा कि तेहरान में 5,000 मतपत्रों में से 1,960 की अब तक गिनती हुई है। इसने प्रति घंटे अद्यतन की जा रही गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के आधार पर यह जानकारी दी। अधिकारियों ने अब तक कुल मतदान प्रतिशत जारी नहीं किया है। हालांकि, इरना ने अनाधिकारिक रिपोर्ट के आधार पर इसे 41 प्रतिशत बताया है। कट्टरपंथियों का पिछले दो दशकों से संसद में वर्चस्व रहा है।

चुनाव धांधली: दूसरा देश पाकिस्तान को जांच के लिए हुक्म नहीं दे सकता

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता जहरा ने अमेरिका के निर्देश को मानने से किया इनकार

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने चुनाव में धांधली की जांच करने के अमेरिका के निर्देश को खारिज कर दिया है। कहा कि, पाकिस्ताान बाहरी आदेशों के आगे नहीं झुकेगा। दरअसल अमेरिका ने अपने एक बयान में कहा था कि पाकिस्तान के आम चुनाव में हुई कथित धांधली की पूरी निष्पक्षता और पार्दर्शिता के साथ जांच होनी चाहिए।

अब पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर अमेरिका के निर्देश को मानने से साफ इनकार कर दिया है और कहा है कि 'कोई भी देश, पाकिस्तान को हुक्म नहीं दे सकता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है।' मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि 'पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में फैसले करने का अधिकार हमारा है।' दरअसल पाकिस्तान में बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। इमरान खान की पार्टी चुनाव में कथित धांधली के गंभीर आरोप लगा रही है। बता दें, अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। अमेरिका के इस बयान पर पाकिस्तान के विदेश विभाग ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रतिक्रिया दी। इमरान खान की पार्टी पीटीआई चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। हालांकि पाकिस्तान के चुनाव आयोग और कार्यवाहक सरकार ने पीटीआई के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और कहा है कि जिस भी पार्टी को चुनाव नतीजों पर शंका है, उनके लिए कानूनी कार्यवाही का विकल्प खुला है।

इमरान को कोर्ट ने हिंसा से जुड़े 4 मामलों में दी अंतरिम जमानत

पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नौ मई की हिंसा से जुड़े चार मामलों में अंतरिम जमानत दी है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। इमरान खान अभी कई मामलों में पंजाब प्रांत के रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। पिछले साल नौ मई को इमरान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने एक दर्जन से ज्यादा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था। इनमें रावलपिंडी में सेना मुख्यालय, फैसलाबाद में इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) की इमारत, मियांवाली एयरबेस, जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस) शामिल हैं। पीटीआई संस्थापक की जमानत याचिकाओं पर शुक्रवार को आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) के न्यायाधीश अरशद जावेद ने सुनवाई की। द इंटरनेशनल के मुताबिक उन्होंने नौ मई की हिंसा से जुड़े चार मामलों में इमरान को अंतरिम जमानत दे दी।

अमेरिका में भारतीय डांसर की गोली मारकर हत्या, जांच की मांग

न्यूयॉर्क/सूरी। कोलकाता के भरतनाट्यम और कुचुपुड़ी नर्तक अमरनाथ घोष की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। 'साथ निभाना साथिया' में गोपी बहू का किरदार निभाने वाली मशहूर अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने इसकी जानकारी एक्स पर दी और विदेश मंत्री जयशंकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले की जांच की मांग की है।

भारत के महावाणिज्य दूतावास ने अमरनाथ घोष की हत्या पर शोक जताते हुए एक्स पर लिखा 'मिसौरी के सेंट लुइस में मृतक अमरनाथ घोष के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। हम फोरेंसिक, पुलिस के साथ जांच कर रहे हैं और सहायता प्रदान करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। भट्टाचार्जी के कहा, 27 फरवर की शाम को घोष टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात हमलावरों ने उनकी गोलीमार कर हत्या कर दी। बता दें कि घोष वाशिंगटन विवि से नृत्य में मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स (एमएफए) की पढ़ाई कर रहे थे।

शनिवार को गुवाहाटी में फेरी टर्मिनल का शिलान्यास करते सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

सीएए का विरोध करने वाले शीर्ष कोर्ट जाएं: सीएम हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी

- बोले- असम में शांति भंग करना ठीक नहीं

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि इस कानून का विरोध करने वालों को शीर्ष अदालत में जाना चाहिए। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, एक वर्ग सीएए का समर्थन कर रहा है। उनमें एक मैं भी हूं। लेकिन उसी समय असम में कई लोग इसका विरोध भी कर रहे हैं।

हमें दोनों के नजरिए को देखना होगा। हमें सीएए का समर्थन या विरोध करने पर किसी की आलोचना नहीं करनी चाहिए। जो सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें असम में शांति भंग करने के बजाए सर्वोच्च न्यायालय में जाना चाहिए। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता पाने में आसानी होगी। बशर्ते ऐसे अल्पसंख्यक 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हों। इससे पहले भारतीय नागरिकता हासिल करने के लिए किसी भी व्यक्ति का कम से कम 11 साल तक भारत में रहना जरूरी था। नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के तहत इस नियम को आसान बनाया गया है।

मणिपुर: हिंसा में विस्थापित लोग भी कर सकेंगे मतदान

इंफाल, एजेंसी

- राहत शिविरों में बनेगा विशेष केंद्र, चुनाव आयोग ने जारी किए दिशा-निर्देश

मणिपुर में जातीय हिंसा में विस्थापित हुए लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोट डालने में सक्षम बनाने के लिए राहत शिविरों में मतदान केंद्र बनाया जाएगा। चुनाव आयोग ने इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है।

चुनाव आयुक्त द्वारा जारी बयान में बताया गया, पिछले साल तीन मई से जारी जातीय हिंसा के दौरान राज्य के कई हिस्से से बड़ी संख्या में मतदाता अपने मूल स्थान से विस्थापित हो गए। वर्तमान में वे राहत शिविरों में रह रहे हैं। विस्थापित मतदाता अभी भी उन स्थानों पर नामांकित है, जहां वे हिंसा से पहले रह रहे थे। चुनाव आयोग ने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ चर्चा करने के बाद निर्णय लिया गया कि हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों को राज्य में संबंधित विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया जाना जारी रहेगा। बयान में बताया गया कि इन विशेष मतदान केंद्रों पर मतदान प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अलग-अलग ईवीएम का उपयोग करके आयोजित किया जाएगा। विशेष केंद्रों में वोट की गिनती सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से जारी हिंसा के कारण करीबन 50 हजार लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए थे।

लाहौल स्पीति फिर बंद...

शिमला : हिमाचल प्रदेश में शनिवार को चेतावनी के बीच ऊंचे क्षेत्रों में भारी बारिश व बर्फबारी बर्फबारी हुई। अटल टनल, रोहतांग, केलांग, जिस्या, दारचा, कोकसर और लाहौल घाटी में दो इंच तक ताजा हिमपात हो चुका है। इससे अटल टनल के लिए वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। लाहौल स्पीति में सबसे ज्यादा सड़कें बंद है। मौसम विभाग ने शनिवार को चंबा, लाहौल स्पीति, कुल्लू शिमला और किन्नौर में भारी बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया गया है। ● एजेंसी

अमेरिका से जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ, अंतिम मुहर आज

वाशिंगटन, एजेंसी

- दो मार्च को डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति नहीं कराई गई दर्ज

अमेरिका से भारत को जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी कांग्रेस में 31 एमक्यू-9 बी सी-गार्डियन ड्रोन भारत को देने पर डेमोक्रेटिक व रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है।

मीडिया के अनुसार, दो मार्च तक सांसदों को आपत्ति देनी थी, लेकिन सांसदों से संबंध मामले में कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। अब कांग्रेस से तीन मार्च को अंतिम मुहर लगने के बाद कोई संवैधानिक बाधा नहीं आएगी। गौरतलब है कि, ये सशस्त्र ड्रोन खुफिया जानकारी जुटाने, वायु-समुद्री युद्ध में काम आएंगे। ड्रोन पैकेज की लागत 33,069 लाख करोड़ रुपये है।

एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगा ड्रोन

ये ड्रोन 161 एम्बेडेड ग्लोबल पोजिशनिंग और इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम के साथ आएंगे। इसके अलावा 35 एलउ रियो ग्रांडे कम्युनिकेशंस इंटेलिजेंस सेंसर सूट, 170 एजीएम-114आर हेलफायर मिसाइलें, 16 एम36ई9 हेलफायर कैप्टिव एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगी।

अमेरिका ने एक बार फिर हूती विद्रोहियों की मिसाइल की तबाह

वाशिंगटन। अमेरिका ने एक बार फिर हूती विद्रोहियों के हमले को नाकाम किया है और सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल को तबाह कर दिया। अमेरिकी सेना के यूएस सेंट्रल कमांड ने बयान जारी कर बताया कि 1 मार्च को खुद के बचाव में की गई कार्रवाई में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की मिसाइल को निशाना बनाया गया।

अमेरिकी सेना ने कहा कि हूती विद्रोहियों ने यमन में अपने प्रभाव वाले इलाके लाल सागर में अमेरिकी एयरक्राफ्ट को निशाना बनाने के लिए सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल तैनात की हुई थी। इस खतरे को भांपते हुए अमेरिकी सेना की यूएस सेंट्रल कमांड ने इस मिसाइल को निशाना बनाकर तबाह किया।

इस्लामी अतिवादी फैला रहे चरमपंथी जहर: ऋषि सुनक

लंदन, एजेंसी

- लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुनक की भावुक अपील, बोले-विभाजनकारी ताकतों से मिलकर सामना करेंगे

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक भावुक अपील की है। उन्होंने बताया कि चरमपंथी ताकतें देश को तोड़ने और बहु-धार्मिक पहचान को कमजोर करने के लिए तैयार है। अपनी हिंदू मान्यताओं का हवाला देते हुए पीएम सुनक ने कहा कि ब्रिटेन का स्थाई मूल्य सभी धर्मों और जातियों के प्रवासियों का स्वागत करता है।

सुनक ने कहा, जो आप्रवासी यहां आए हैं उन्होंने संपूर्ण रूप से अपना योगदान दिया है। उन्होंने हमारे देश की कहानी में एक नया अध्याय लिखने में मदद की है। उन्होंने ऐसा अपनी पहचान छोड़े बिना किया है। ब्रिटिश पीएम ने आगे कहा, आप मेरी तरह एक हिंदू और ब्रिटिश नागरिक हो सकते हैं, या एक धर्मनिष्ठ मुसलमान और एक देशभक्त नागरिक हो सकते हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं। या एक

समर्पित यहूदी और अपने स्थानीय समुदाय की जान हो सकते हैं तथा ये सभी हमारे स्थापित ईसाई गिरजाघर की सहिष्णुता पर आधारित है। ब्रिटिश पीएम ने कहा, मुझे डर है कि दुनिया में सबसे सफल बहु-जातीय, बहु-आस्था वाले लोकतंत्र के निर्माण में हमारे प्रयास को कमजोर किया जा रहा है। कुछ ऐसी ताकतें हैं जो हमें तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। ब्रिटेन के सांसदों के लिए बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को लेकर ब्रिटेन में निकाले गए मार्च के दौरान हिंसा के बाद प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी की है।

विज्ञान कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड ने की खोज, तीनों हमारे बाहरी सौर मंडल के दो ग्रहों की करे रहे हैं परिक्रमा

यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : खगोलविदों ने यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज की है। इस खोज के बाद यूरेनस के 28 और नेपच्यून के चंद्रमा की संख्या 16 हो गई है। यह खोज जमीन आधारित दूरबीनों से हुई है। पिट्सबर्ग, पेंसिल्वेनिया स्थित कार्नेगी साइंस ने खोजे गए नए चंद्रमाओं की जानकारी दी है।

इन चंद्रमाओं में यूरेनस का एक और नेप्च्यून के दो उपग्रह शामिल हैं। ये तीनों चंद्रमा हमारे बाहरी सौर मंडल के दो विशाल ग्रहों की परिक्रमा कर रहे हैं। खोजकर्ता कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड के अनुसार खगोलविदों ने यूरेनस और नेप्च्यून के आसपास के क्षेत्र के 5 मिनट के दर्जनों एक्सपोजर लिए। जिसमें उन्हें कुछ अंधेरी रातों में करीब चार घंटे का समय लगा। यूरेनस के नए चंद्रमा का अस्थायी नाम एस/2023 यू1 रखा गया है।


यूरेनस व नेप्च्यून के नए चंद्रमाओं की तस्वीर।

इसका वास्तविक आकार लगभग 8 किमी है, जो खोज की इस उपलब्धि की महत्ता का संकेत देता है। क्योंकि यूरेनस पृथ्वी से लगभग 2 अरब मील की दूरी पर स्थित है। इस चंद्रमा को यूरेनस की एक परिक्रमा करने में लगभग 680 दिन लगते हैं।

चिली में कार्नेगी साइंस के लास कैम्पानास वेधशाला में मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग करके इस नए यूरेनस के चंद्रमा का पता लगाया। खोजकर्ता वैज्ञानिक शेपर्ड ने नेप्च्यून के चंद्रमाओं का पता लगाने के लिए मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग किया। जिसमें एक का नाम एस/2002 एन 5 रखा है।

यह लगभग 14 मील चौड़ा है और नौ वर्ष में नेपच्यून की परिक्रमा करता है। नेप्च्यून के दूसरे नए चंद्रमा का नाम एस /2021 एन1 रखा गया है। यह नौ मील चौड़ा है और हर 27 साल में नेपच्यून की परिक्रमा करता है।

चंद्रमाओं को गुरुत्वाकर्षण शक्ति खींच लाई

वैज्ञानिकों का कहना है कि उनकी कक्षाएँ इस बात का संकेत हैं कि ये छोटे चंद्रमा यूरेनस और नेपच्यून के साथ पैदा नहीं हुए थे। बल्कि युरेनस व नेप्च्यून की गुरुत्वाकर्षण शक्ति इन्हें अपनी ओर खींच लाई। तीनों चंद्रमाओं की झुकी हुई कक्षा इसका ठोस सबूत है।

अमेरिका: दो साल में हिन्दी भाषा पढ़ाने वाले स्कूल दस गुना बढ़े

वाशिंगटन, एजेंसी

- हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएएपीएच ने कहा- 12 विवि में हिन्दी के अलग विभाग बने

अमेरिका में हिन्दी का दबदबा बढ़ रहा है। पिछले दो साल के दौरान अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय भाषा के तौर पर हिन्दी विषय पढ़ाने वाले स्कूलों की संख्या दस गुना बढ़ गई है। अब 90 स्कूलों में हिन्दी के कोर्स चल रहे हैं। वहीं हिन्दी के छात्रों की संख्या भी बढ़कर 14 हजार हो गई है।

बता दें, मशहूर सिलिकॉन वैली के सरकारी स्कूलों में अगस्त से हिन्दी वैश्विक भाषा कोर्स शुरू होगा। पहली बार हिन्दी को वैश्विक भाषा का दर्जा दिया गया है। अमेरिका में हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएएपीएच के अनुसार डलास और ह्यूस्टन समेत डेढ़ दर्जन शहरों के स्कूलों में अगले सत्र से हिन्दी के विषय शुरू होंगे। हार्वर्ड, येल, प्रिंस्टन जैसे 12 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में हिन्दी का अलग विभाग संचालित किया जा रहा है। दो साल पहले तक अमेरिका के 6 विश्वविद्यालयों में ही हिन्दी का विभाग संचालित होता था। कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने बताया है कि अमेरिका में भारतीयों की दूसरी और तीसरी पीढ़ी में हिन्दी के प्रति लगाव का बड़ा कारण हिन्दी को भाषा के रूप में पढ़ने के बाद मिलने वाले भविष्य में बहुत सारे विकल्प खुलेंगे।

कुछ भारतीय कंपनियां हिन्दी अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में हिन्दी के शिक्षकों की मांग बढ़ रही है। अमेरिका की पहली हिन्दी पाठ्य पुस्तक 'नमस्ते जी' के लेखक अरुण प्रकाश का कहना है कि स्कूलों में हिन्दी शिक्षकों को प्रति सप्ताह 40 हजार रुपए मिलते हैं। ऐसे में शिक्षकों का रुझान बढ़ रहा है।